सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
23.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 338



12 बच्चे पैदा नहीं करना चाहती थीं पूजा भट्ट

## सीएम के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर पंचायत सचिवों के खिले चेहरे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले

# नयी पीढ़ी को रोजगार देना सर्वोच्च प्राथमिकता

- सिकुड़ती जा रही हैं नौकरी देनेवाली केंद्र की संस्थाएं
- मॉडल पंचायत बनाने वाले पंचायत सचिवों को विदेश भ्रमण करायेगी सरकार
- बढ़ती महंगाई, सिकुड़ती नौकरी पर केंद्र और विपक्ष को कोसा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि नयी पीढ़ी को रोजगार देना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। अब तक हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। नियुक्तियों का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह लगातार जारी रहेगा। सीएम गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित नियुक्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे। मौके पर उन्होंने 2550 पंचायत सचिवों को मिला नियुक्ति पत्र सौंपा। नियक्ति पत्र पा कर अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। समारोह में श्री सोरेन ने घोषणा की कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त करने के लिए हर साल मॉडल पंचायत बनाने वाले 5 पंचायत सचिवों को परिवार के साथ विदेश भ्रमण सरकार अपने खर्च पर करायेगी।

**सीएम ने केंद्र को कोसा :** सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की निजीकरण नीति की वजह से जो रोग लगा है, वह भयावह है। केंद्र की नीति के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। आम लोग इसमें पिस रहे हैं। गलत नीतियों के कारण नौकरी देनेवाली केंद्रीय संस्थाएं सिकुड़ती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में हमने सरकारी नौकरी देने का काम किया है, जिसमें ओल्ड पेंशन स्कीम के तहत पेंशन भी मिलेगा। विरोधियों पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि जब कभी भी नियुक्ति शुरू की जाती है तो जानबूझकर अड़ंगा लगाया जाता है। अभी तो शुरुआत है आगे कई बहाली जेपीएससी, जेएसएससी के माध्यम से आने वाले समय में होगी।

(शेष पेज 11 पर)



### नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। नियुक्तियों का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह लगातार जारी रहेगा। आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर शिक्षक, पुलिस और सरकारी विभागों में खाली पड़े अन्य पदों पर नियुक्तियां होंगी। अब तक हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। इनमें इंजीनियर, डॉक्टर, पशु चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, शिक्षक, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और नर्सेज समेत कई पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां शामिल है। उन्होंने कहा कि सबसे खास बात है कि आज किसान, मजदूर और गरीब तबके के युवाओं का अधिकारी बनने का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का एक ऐसा राज्य है, जो हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ सरकारी कर्मियों की पुरानी पेंशन योजना को लागू करने जा सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है।

## न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 26 जून को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक सोमवार को शाम 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, समन्वय ने यह सूचना दी है।

### श्रद्धालुओं का वाहन खाई में गिरा, नौ की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं की कार एक गहरी खाई में गिर गयी। जिससे नौ लोगों की मौत हो गयी। गुरुवार को बागेश्वर के शामा के कुछ लोग पिथौरागढ़ के होकरा मंदिर पूजा अर्चना को जा रहे थे।

### पलामू में ओझा-गुणी बताकर वृद्ध की हत्या

**पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के तारुदाग गांव में बुधवार रात बुजुर्ग सदु सिंह उर्फ संतु सिंह (70) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। घटना के पीछे ओझा-गुणी सामने आ रही है। गोतिया परिवार के लोगों पर हत्या की आशंका जतायी गयी है।

### छह लोगों की आत्महत्या मामले में बहु को भेजा जेल

रांची। सदर थाना पुलिस ने छह लोगों की आत्महत्या मामले में गिरफ्तार आरोपित मधुमिता सरकार को कोलकाता से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गुरुवार को रांची पहुंची। इसके बाद न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में प्रस्तुत किया , जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया गया।

### जमीन विवाद में मारपीट 10 घायल, सड़क जाम

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कुल 10 लोग घायल हैं। इनमें एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्राथमिक इलाज करने के बाद इन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

### कराटे में भाग लेने सात खिलाड़ी थाइलैंड रवाना

**लोहरदगा।** थाइलैंड में 25-27 जून तक होनेवाले इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप-2023 में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिले के चयनित सात कराटे खिलाड़ियों को गुरुवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने बधाई देने के साथ बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

### भीषण आग में 30 स्कूटी जलकर राख

सरायकेला। आदित्यपुर थाना के टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग पर डीवीसी मोड़ और केंदु गाछ के बीच स्थित बंसल मोटर्स नामक इलेक्ट्रॉनिक ऑटो शोरूम में गुरुवार की शाम आग लगने से 30 स्कूटी जलकर राख हो गयी। आग वहां अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि पूरे शोरूम को देखते ही देखते अपनी चपेट में ले लिया। टाटा-कांड्रा मार्ग पर जा रहे राहगीरों ने जब शो रूम से उठ रही आग की लपटों को देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी आदित्यपुर थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार इसकी सूचना झारखंड अग्निशमन विभाग को देकर सदलबल शो रूम पहुंचे।

### झामुमो ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा

**खूंटी।** स्थानीय डाक बंगला में गुरुवार को झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा हुई और संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि 26 जून को खूंटी के तमाड़ मोड़ पर सुबह 10 बजे से सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

## पटना में आज विपक्षी नेताओं की होगी बैठक

# एकजुट होकर भाजपा को चुनौती देने पर होगा जोर

एजेंसी

**पटना।** विपक्ष के कई प्रमुख राजनीतिक दल आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा और पीएम मोदी को कड़ी चुनौती देने के मकसद से एक मजबूत मोर्चा बनाने की रणनीति पर शुक्रवार को यहां मंथन करेंगे। विपक्ष के सूत्रों का कहना है कि विपक्षी नेताओं की मंत्रणा के दौरान नेतृत्व संबंधी सवालों को दरकिनार कर मिलकर मुकाबला करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित होगा। बैठक में केंद्र की नीतियों और भाजपा के विरोध में होने वाली विपक्षी एकता को लेकर चर्चा की जायेगी। बैठक सीएम आवास में सुबह 11 बजे से होगी। नीतीश कुमार ने बैठक का रोड मैप तैयार कर लिया है जिसमें लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के खिलाफ तमाम दलों का एक मजबूत संगठन बनाने पर चर्चा होगी। नीतीश की पहल पर बैठक को अहम माना जा रहा है। बैठक में भाग लेने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पीडीएफ प्रमुख महबूबा मुफ्ती व कई नेता पहुंच चुके हैं।

(शेष पेज 11 पर)



**हेमंत समेत कई दिग्गज आज पहुंचेंगे :** विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेने सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार सुबह पटना पहुंचेंगे। बैठक में भाजपा विरोधी 18 विपक्षी दलों के नेताओं का जमावड़ा होगा। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह, सांसद राघव चड्ढा, नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला सहित वामदल के कई नेता शामिल हो रहे हैं। राहुल गांधी, मलिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीएम एमके स्टालिन 23 को सुबह पटना पहुंचने वाले हैं। राकांपा सुप्रीमो शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीएम एमके स्टालिन भी 23 को पहुंचेंगे।


## मोदी ने यूएस में की वायुसेना की बूस्टर डील, थर्रायेगा पाक और चीन

# अब भारत में ही बनेगा तेजस का इंजन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा कई मायनों में निर्णायक साबित हुई है। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक डील हुई है। इन दो देशों के बीच जीइ-एफ 14 इंजन को लेकर ऐतिहासिक समझौता हुआ है और इसे मील का पत्थर माना जा रहा है। इस डील के बाद भारतीय वायुसेना की ताकत कई गुना बढ़ जायेगी। भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के इंजन का उत्पादन अब भारत में ही होगा। इसके लिए अमेरिकी कंपनी जीइ एरोस्पेस ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ समझौता किया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत में लड़ाकू विमानों के इंजन के संयुक्त उत्पादन के लिए गुरुवार को जीइ एरोस्पेस ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये।

रूस, ब्रिटेन, अमेरिका और फ्रांस ये दुनिया के वो देश हैं जिनके पास लड़ाकू विमानों में खास तरह के इंजन को बनाने की महारत हासिल है। अमेरिका और भारत के बीच एक ऐसी डील हुई है जिसके बाद भारत के पास खास भी ऐसे घातक जेट इंजन होंगे। इस डील के बाद भारतीय वायु सेना की ताकत आने वाले वक्त में कई गुना बढ़ जायेगी। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत में लड़ाकू विमानों के इंजन के संयुक्त उत्पादन के लिए गुरुवार को जीइ एरोस्पेस ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये। अब दोनों मिल कर भारतीय वायु सेना के हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए)-एमके-2 तेजस के जेट इंजन के संयुक्त उत्पादन के लिए समझौता किया। इस डील के बाद भारतीय वायु सेना की ताकत आने वाले वक्त में कई गुना बढ़ जायेगा। यह डील भारत के लिए कितनी फायदेमंद है और इस डील के बाद चीन और पाकिस्तान टेंशन में हैं। भारत और एचएएल के साथ गठजोड़ के कारण यह संभव हुआ है। यह समझौता महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भारत अभी तक रूस और यूरोपीय गठजोड़ से सैन्य जेट प्राप्त करता रहा है। (शेष पेज 11 पर)



### मोदी ने वाइडेन को दिया झारखंड में हाथ से बना तसर कपड़ा उपहार

पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन उन्होंने राष्ट्रपति वाइडेन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन के साथ एक कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद मोदी व्हाइट हाउस पहुंचे, जहां राष्ट्रपति जो वाइडेन ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो वाइडेन को भारत की कुछ खास चीजें भेंट की हैं। इसमें पीएम मोदी ने झारखंड से प्राप्त हाथ से बुना हुआ बनावट वाला तसर रेशम का कपड़ा उपहार स्वरूप सौंपा। साथ ही जो बाइडेन ने भी पीएम मोदी को कुछ उपहार दिये। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को झारखंड के तसर के अलावा पंजाब का घी, राजस्थान का हाथ से बनाया हुआ 24 कैरेट हॉलमार्क वाला सोने का सिक्का, उत्तराखंड का चावल, गुजरात का नमक, महाराष्ट्र का गुड़, तमिलनाडु का तिल, कर्नाटक के मैसूर का चंदन का टुकड़ा, पश्चिम बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित चांदी का नारियल और भगवान गणेश की मूर्ति के साथ दीपक गिफ्ट किया है। पीएम मोदी ने फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन को 7.5 कैरेट का हरा हीरा गिफ्ट किया है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि कौशल विकास से जुड़े एक कार्यक्रम में फर्स्ट लेडी के साथ शामिल होना सम्मान की बात है। हमारे लिए कौशल विकास शीर्ष प्राथमिकता है।

## झारखंड में वज्रपात का कहर दो दिनों में 30 की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गयी है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा और सरायकेला- खरसावां जिले में तेज बारिश के साथ वज्रपात की भी आशंका है। झारखंड में मानसून की सक्रियता से एक तरफ जहां लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आकाशीय बिजली से मौत का कहर भी बढ़ गया है। राज्य में दो दिनों में वज्रपात से कुल 30 लोगों की मौत हो गयी। गुरुवार को बेड़ो में दो बच्चों प्रंस तिर्की (11 वर्ष) और खुशी उरांव (9 वर्ष) की मौत हो गयी। मंगलवार को 16 लोगों की जबकि बुधवार को 11 लोगों की मौत हुई थी। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों के

# कोयला कारोबारी इजहार से इडी ने की सात घंटे पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ की। उनसे ईडी ने बरामद नगद और लिंकेज कोयला के कारोबार से संबंधित मामले में पूछताछ की। तीन मार्च को हजारीबाग के पेलावल स्थित मिल्लत कॉलोनी में कोयला व्यवसायी इजहार के घर में ईडी ने 22 घंटे तक छापेमारी की थी। घर से 3 करोड़ 58 लाख बरामद हुए थे। इसके अलावा संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज ईडी अपने साथ ले गयी थी।

### पूजा सिंघल से जुड़ा है मामला

यह मामला कोल लिंकेज प्रकरण से जुड़ा हुआ है। ईडी ने निलंबित आईएस पूजा सिंघल के मामले में राज्य भर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की थी। बताया जाता है कि पूजा सिंघल जब खनन सचिव थी, उस समय इजहार अंसारी ने बड़े पैमाने पर कोयले से अवैध कमाई की थी। इजहार अंसारी के नाम पर 12 से अधिक शेल कंपनियां हैं। इन्हीं शेल कंपनियों के नाम पर कोयला तस्करी के पैसों को



हवाला के जरिए इधर-उधर किया जाता था। ईडी की टीम इजहार अंसारी की सभी शेल कंपनियों के दस्तावेज को हासिल कर जांच में जुट गयी है।

# स्कूलों में लौटी रौनक छात्र-छात्राएं उत्साहित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लंबी गर्मी छुट्टी के बाद गुरुवार से राज्य के सभी स्कूल (सरकारी और गैर सरकारी) खुल गये। सभी स्कूलों में बच्चों के आने से रौनक एक बार फिर लौट आयी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए झारखंड स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने तीसरी बार नोटिस जारी करते हुए 21 जून तक 8वीं कक्षा तक की सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। इससे पहले 12 से 14 जून को पहली बार और दूसरी बार 15 से 17 जून तक स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया था। गर्मी छुट्टी के बाद स्कूली सभी छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे।



**तीन बार बढ़ायी गयी थी छुट्टियां :** सबसे पहले 12 जून को स्कूल खुलने वाली थी, जिसके एक दिन 11 जून को आदेश जारी करते हुए शिक्षा विभाग ने 12 से 14 जून तक राज्य के सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। (शेष पेज 11 पर)

# मोदी की लोकप्रियता से कांग्रेस के पेट में दर्द : नड्डा

- झारखंड में तुष्टिकरण, जमीन घोटाला और घुसपैठ को मिल रहा है सरकारी संरक्षण
- भाजपा विकास की यात्रा से लिखेगी नयी कहानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/गिरिडीह।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पूरी दुनिया मोदी की प्रशंसा कर रही है, विश्व में प्रधानमंत्री और भारत का डंका बज रहा है। लेकिन कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। श्री नड्डा गुरुवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बौखलाहट से कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला, हम विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाते हुए एक नयी कहानी लिखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की बदलती तस्वीर और तकदीर का नेतृत्व करने वाले कोई नहीं वे पीएम मोदी हैं। कितनी खुशी होती है जब मोदी बोलते हैं तो दुनिया सुनती है। योग दिवस पर मोदी ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी संस्कृति से जुड़ी, अपनी विधा योगा का नेतृत्व किया। नोबेल पुरस्कार विजेता पॉल रोमर, दुनिया के टॉप बिजनेसमैन एलन मस्क ने कहा कि वे भी मोदी प्रशंसक हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, झारखंड सरकार जमीन घोटाले, भ्रष्टाचार में लिप्त है। राज्य में तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। कानून तोड़ने वालो का साथ राज्य सरकार दे रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### परिवारवादी पार्टियों का समय खत्म



जेपी नड्डा ने कहा कि वह यहां मोदी के सुशासन की बात करने आये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों की सांस उखड़ चुकी है। झारखंड में भी सत्ताधारी झामुमो-कांग्रेस सरकार की स्थिति डवांडोल है। उन्होंने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भगवा परचम लहराने का संकल्प दोहराया। साथ ही कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही भारत को विश्वगुरी बनायेंगे। इस मौके पर झंडा मैदान के जनसभा मंच पर गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने उन्हें सदस्यता दिलाई। जेपी नड्डा ने सरोद वादक मोर मुकुट केडिया बंधु के आवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया।

# स्कूल खुले पर बिना किताब कैसे पढ़ेंगे 35 लाख बच्चे

- तीसरी की छोड़, बीआरसी तक भी नहीं पहुंच सकी हैं किताबें
- स्कूली शिक्षा सचिव को भी झूठी रिपोर्ट दे रहे हैं अधिकारी

सुधीर

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों में गर्मी की छुट्टी के बाद सरकारी स्कूल गुरुवार से खुल गये। बच्चों को पहली से 7वीं तक की कक्षाओं में प्रमोशन भी दे दिया गया। लेकिन उनके हाथ किताबें नहीं आयी। नतीजा स्कूल के साथ ही बच्चे बे'किताब' बैठे रहे। हां, कुछ फटी-चिटी पुरानी किताबों के सहारे बच्चों का पहला दिन कटा। परंतु दूसरे दिन शुक्रवार को वह बे'किताब' कैसे पढ़ेंगे? क्या सिर्फ खाना खाने के लिए स्कूल जायेंगे?

> ऐसी बात नहीं है कि किताबें बच्चों को नहीं मिली है। किताबें स्कूल में पहुंचा दी गयी हैं। शुक्रवार को इसकी डिटेल्स रिपोर्ट उपलब्ध करा दूंगा।
> -के रवि कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव, झारखंड।

शिक्षकों का कहना है कि राज्य स्तर से अब तक नये सत्र के लिए किताबें नहीं आयी है। ऐसे में बच्चों को पुरानी किताबों से ही काम चलाना होगा। (शेष पेज 11 पर)

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की बेल पर स्पेशल कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर रांची एटीएस की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने अमन की बेल पर अगली सुनवाई के लिए की 27 जून की तारीख मुकर्रर की है। गुरुवार को एटीएस की ओर से जवाब दाखिल किया जाना था, लेकिन जवाब दाखिल नहीं किया जा सका।


### रांची मंडल में विभिन्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी सूचना

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2023 दिनांक: 22.06.2023

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण नीचे उल्लेखित है:

- **श्रेणी:** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरसीईएल14; **सम्पत्ति का विवरण:** रांची मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 38 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट को पट्टे पर प्रदान करने के लिए 67 अदद सम्पत्तियों हेतु ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 10.07.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख:** 11.07.2023 को अपराह्न 02.00 बजे।
- **श्रेणी:** विज्ञापन। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएडीवीटी15; **सम्पत्ति का विवरण:** (i) रांची मंडल में वाणिज्यिक प्रचार संविदाओं (06 अदद आउट ऑफ होम तथा 04 अदद स्टेशन के अंदर) के लिए 10 अदद सम्पत्तियों हेतु ई-नीलामी, (ii) रांची मंडल में लिंक रेक के साथ 12 ट्रेनों में ट्रेनों की बाहरी सतह (सम्पूर्ण फेस) पर विज्ञापन हेतु ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 10.07.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख:** 10.07.2023 को अपराह्न 02.00 बजे।
- **श्रेणी:** एटीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएटीएम15; **सम्पत्ति का विवरण:** रांची मंडल में एटीएम के लिए 06 अदद सम्पत्तियों हेतु ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 11.07.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख:** 11.07.2023 को पूर्वाह्न 11.20 बजे।
- **श्रेणी:** पार्किंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपीएआरकेआईएनजी15; **सम्पत्ति का विवरण:** रामगढ, इटकी एवं सुइसा रेलवे स्टेशन पर दो, तीन एवं चार पहिया वाले वाहन की पार्किंग हेतु ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 11.07.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख:** 11.07.2023 को सुबह 10.50 बजे।
- **श्रेणी:** कैटेरिंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीसीटीजी7; **सम्पत्ति का विवरण:** रांची मंडल में जीएमयू तथा एसएमयू श्रेणियों के अधीन 44 अदद कैटेरिंग इकाइयों हेतु ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 10.07.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख:** 10.07.2023 को अपराह्न 05.40 बजे।
- **श्रेणी:** पे एंड यूज। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपेएंडयूज12; **सम्पत्ति का विवरण:** रांची मंडल के रामगढ, झालिदा एवं नामकोम रेलवे स्टेशनों पर पे एंड यूज शौचालय के लिए 03 अदद सम्पत्ति हेतु ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 12.07.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख:** 12.07.2023 को सुबह 10.50 बजे।

**टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित सूचीपत्र के अंतर्गत लॉट वार विवरण उपलब्ध है।

(PR-319) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


### नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा

# ग्रामीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आलम गुरूवार को मोराबादी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायतों के सशक्तिकरण से गांव की सरकार मजबूत बनेगी। इसमे पंचायत सचिवों की अहम जिम्मेदारी होगी। पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों को सहयोग करने के लिए आपको नियुक्त किया जा रहा है। इसके अलावा पंचायतों के आधुनिकीकरण की दिशा में भी सरकार आगे बढ़ रही है।

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह में कहा कि सरकार पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। इस सिलसिले में सभी पंचायतों में ई-पंचायत ऑफिस खोलने की प्रक्रिया चल रही है। यहां कॉमन सर्विस सेंटर के अलावा बैंक और पोस्ट ऑफिस समेत कई और दफ्तर भी होंगे। ई-पंचायत ऑफिस को प्रभावी एवं फंक्शनल बनाने में पंचायत सचिवों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। ताकिए ग्रामीणों को जरूरी प्रमाण पत्र बनवाने और अन्य कार्यों में सुविधा और सहूलियत हो सके। मौके पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।



नियुक्ति पत्र वित्रण में कार्यक्रम में शामिल सीएम हेमंथ सोरेन, मंत्री रामेशवर ऊरांव, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता व अन्य

### गुलाम हुसैन 39 बार आंदोलन किया, पांच बार जेल भी गये

इन अभ्यर्थियों को नौकरी तो मिली लेकिन इसके लिए इन्हें पांच सालों तक लगातार संघर्ष करना पड़ा अभ्यर्थियों को लाठियां खानी पड़ी कई लोगों को जेल भी जाना पड़ा इस संघर्ष के अगुवा रहे गुलाम हुसैन का भी चेहरा खिला हुआ था क्योंकि उसकी जीत हुई है हुसैन कहते हैं कि वर्ष 2017 से लगातार संघर्ष किया इस दौरान उन्हें पांच बार जेल भी जाना पड़ा बोकारो के रहने वाले गुलाम हुसैन को आज पूरा झारखंड जानता है उनपर सात एफआईआर दर्ज हैं तीन बार लाठियां भी खायी लेकिन उनका आंदोलन नहीं थमा उन्होंने लगातार 39 से अधिक आंदोलन की लगभग सारे मंत्रियों और विधायकों के आवास को भी घेरा हुसैन बताते हैं कि उन्होंने 20 साल की उम्र में परीक्षा लिखी थी तीन साल बाद उन्हें नियुक्ति पत्र मिला है उनका चयन पंचायत सचिव पद के लिए हुआ है।

### गांव की सरकार को मजबूत बनाने पर विशेष जोर : डॉ उरांव

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा कर रही है। सरकार की योजनाएं लोगों को मिले, इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर काम करना होगा। उन्होंने नवनियुक्त पंचायत सचिवों को कहा कि आपकी यह जिम्मेदारी सरकार और जनता के साथ परिवार के प्रति भी है। ऐसे में अपने कार्यों को बेहतर तरीके से करें ताकि गांव की सरकार को मजबूती मिले। इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। इतने बड़े पैमाने पर युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में पंचायत सचिवों की अहम भूमिका है। आप अपने कार्यों से पंचायतों की तस्वीर बदल सकते हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**रांची।** नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। सबसे पहले जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जायें और एक हार्ड कॉपी निकालकर अपने पास रख लें।

### कांग्रेस की उखड़ी सांस, भाजपा ही बनायेगी भारत को विश्वगुरुः नड्डा

# झारखंड की सभी संसदीय सीटें जीतने का संकल्प फिर दोहराया

उदय चौहान

**रांची।** भाजपा ने मिशन 2024 का आगाज कर दिया है। इसी के मद्देनजर जेपी नड्डा गुरूवार ने गिरिडीह के झंडा मैदान में चुनावी हुंकार भरी। उन्होंने आगे कहा कि वह यहां मोदी के सुशासन की बात करने आये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों की सांस उखड़ चुकी है। झारखंड में भी सत्ताधारी झामुमो-कांग्रेस के ताबूत में अंतिम कील पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही भारत को विश्वगुरू बनायेंगे। उन्होंने झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर भगवा परचम लहराने का संकल्प दोहराया।

इसके पहले श्री नड्डा ने सभी धर्मों को नमन किया। उन्होंने जैन धर्म के महान संत पारसनाथ को नमन किया।उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर अपनी बात प्रारम्भ करता हूं। उन्होंने सिधो कान्हो, नीलाम्बर पीताम्बर, बुधु भगत, तिलका मांझी, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को भी नमन किया। 21 जून को भारत के पीएम यूनाइटेड नेशन के प्रांगण में योग की अपनी संस्कृति का पूरी दुनिया में प्रसार किया है। वह वहां के टॉप सीईओ से मिल रहे थे। एलन मस्क तक कह चुके हैं कि वह मोदी के प्रशंसक हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिये सक्रिय होकर ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।



जेपी नड्डा गुरूवार ने कहा कि आज दुनिया में आर्थिक मंदी है। अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया में आर्थिक मंदी है। लेकिन इस आर्थिक मंदी में भी आर्थिक दृष्टि से अकेला सबसे मजबूत रूप से कोई देश खड़ा है तो भारत खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ब्रिटेन को पीछे छोड़ भारत की अर्थव्यवस्था, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रर में देखे तो भारत में पिछले 9 सालों में 18 लाख करोड़ रुपये सिर्फ सड़क, हाईवेज रोडवेज, एयरवेजए और रेलवेज पर खर्च हुए हैं। इस साल हमारे यहां 9 सालों में जहां 54000 किलोमीटर की सड़क बनी, एनएच बने, वही मेट्रो रेल 616 किलोमीटर बने। मोदी जी की सरकार के महज 9 वर्षों के दौरान 74 एयरपोर्ट बने। मोदी जी ने गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा, किसान इन स.ाी की तकदीर बदलने का काम 9 वर्षों में किया है। पूरे देश में 80 करोड़ की जनता को 5 किलो अनाज मिल रहा है।

# ट्रांसजेंडरों को झारखंड सरकार देगी पेंशन

संजीव मिश्रा

**रांची।** झाखंड सरकार ट्रांसजेंडरों को बहुत बड़ी सौगात देने वाली है। महिला ,बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया हैं , जिसके मुताबिक ट्रांसजेडर प्रतिमह 1000 रू पेंशन दिया जाएगा। विभाग ें प्रस्ताव तैयार कर सरकार के पास भेज दिया है और आगामी विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट लाकर सरकार इसे लागू कर सकती है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 14000 ट्रांसजेंडर लाभान्वित होंगे।

**कौन ले सकता है लाभ**

महिला, बाल विकास एंव सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा तैयार योजना के मुताबिक जिन ट्रांसजेंडर्स की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और जिनके पास वोटर आईडी कार्ड हो, उनको ही पेंशन मिलेगा। अधिनियम 2019 के तहत जिला उपायुक्त के स्तर से सर्टिफाइड लोग ही ट्रांसजेंडर माने जाएंगे। ग्रामीण इलाकों में बीडीओ और शहरी इलाकों में उन्हें अंचलाधिकारी कार्यालय में आवेदन करना होगा। लेकिन शर्त है की लाभार्थी अन्य किसी जगह से पेंशन न ले रहा हो।

### कौन हैं ट्रांसजेंडर

आमतौर पर समाज में किन्नर या हिजड़ों को ट्रांसजेंडर कहा जाता है। लेकिन असलियत में यह एक कैटगरी है, जिसमें हिजड़ा, क्रॉस ड्रेसर, ट्रांस-सेक्सुअल, मेल-टु-फीमेल (एमटुएफ), फीमेल-टु-मेल (एफटुएम) आदि भी आते हैं। आमतौर पर जिन बच्चों का जन्म बायोलॉजिकल मेल या फीमेल के रूप में नहीं होता है, उन्हें ट्रांसजेंडर कहा जाता है। लेकिन इस कैटिगरी में वे लोग भी आते हैं जिनका लिंग जन्म के समय तो तय कर दिया जाता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ ही उनका स्वभाव बदलने लगता है। जैसे लड़के के रूप में जन्म लेनेवाला उम्र बढ़ने के साथ लड़कियों जैसा बर्ताव करना शुरू कर दे या कोई लड़की बड़ी होकर खुद को पुरुष महसूस करने लगे। ऐसे लोग सेक्स चेंज कराकर अपनी मर्जी से पुरुष या महिला बन जाते हैं।

**14 हजार ट्रांसजेंडर को मिलेगा लाभ :**इस योजना के लागू होंने से राज्य के लगभग 14 हजार ट्रांसजेंडर को इस योजना का लाभ मिलेगा। 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में ट्रांसजेंडरों की संख्या 11,900 थी जो अब 14 हजार है। इस फैसले से देश भर के करीब 20 लाख ट्रांसजेडरों को नई पहचान मिलेगी।


### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................/दिनांक................

**आम सूचना**

मेदिनीनगर नगर निगम में सुचारू रूप से वाहनों के रख-रखाव हेतु एक अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। जिसे किसी बड़े ऑटोमोबाईल कम्पनी में मैकेनिकल कार्य का न्युनतम पाँच वर्ष का अनुभव प्राप्त हो। जिनकी शैक्षणिक योग्यता न्युनतम इण्टर उत्तीर्ण हो। जिसकी उम्र अधिकतम 40 वर्ष का हो वैसे इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 28.06.2023 तक सभी कागजातो सहित कार्यालय में जमा कर सकते है अथवा डाक द्वारा आवेदन भेज सकते है। डाक द्वारा अन्तिम तिथी तक प्राप्त आवेदन को ही स्वीकार किया जायेगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड (यदि हो तो) पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता तथा पाँच वर्ष का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। यह पद पुर्ण रूप से अस्थाई/अनुबंध पर एक वर्ष के लिए होगी। एक वर्ष तक किये गये कार्यो का आक्कलन के पश्चात् ही सक्षम पदाधिकारी के द्वारा अवधि विस्तारित करने पर विचार किया जायेगा। कार्य में कोताही/अनियमिता पाये जाने पर बिना कारण बताये सेवा समाप्त कर दिया जायेगा। चयनित्त उम्मीदवार को निगम के कोश से मो0- 10,000/- रूपये प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय सूचना पट्ट एवं सामाचार पत्र में दिया जा सकता है। दो लिफाफा (42 रूपये का डाक टिकट सहित) जमा करना अनिवार्य होगा।

नोट :- आवेदन हाथो हाथ या निबंधित डाक द्वारा नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम, कचहरी कैम्पस, मेदिनीनगर नगर निगम के पते पर भेजी जा सकती है।

नोटः- आवेदन फार्म कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

नगर आयुक्त -सह- प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 300578 District (23-24)_D



### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला

ईमेल : mdmgumla@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (सी.) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट के विरूद्व वित्तीय वर्श 2023-24 में निम्नांकित विद्यालयों में नामांकन लिया जाना है:-

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम | प्रखंड | विद्यालय का प्रवेश कक्षा, जिसमें नामांकन लिया जायेगा |
|---|---|---|---|
| 1 | सरस्वती विद्या मंदिर, गुमला | गुमला | Class-VI |
| 2 | सरस्वती शिशु मंदिर, गुमला | गुमला | Nursery |
| 3 | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो | भरनो | Class-I |
| 4 | डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गुमला | गुमला | Nursery |
| 5 | संत मेरी स्कूल, कुदा | कामडारा | Class-I |
| 6 | चंचल सिम्नेस स्कूल अरमई | गुमला | L.K.G |
| 7 | बिन्देश्वरी लाल साहु सरस्वती शिशु मंदिर, भलमंडा | रायडीह | Nursery |
| 8 | सोलिटियर एडुकेशनल एकेडमी मकरा | घाघरा | Class-I |
| 9 | उर्सूलाईन इंग्लिस मीडियम स्कूल, कोनबीर नवाटोली | बसिया | Nursery |
| 10 | उर्सूलाईन इंग्लिस मीडियम स्कूल, टोंगो | चैनपुर | Class-I |
| 11 | मांन्ट फोर्ट सिनियर सेकेण्डरी स्कूल कोनबीर नवाटोली | बसिया | Class-I |
| 12 | किशोरी मोहन लाल साहु सरस्वती शिशुमंदिर, कैम्बा | पालकोट | K.G |
| 13 | रंजित नारायण सिंह सरस्वती विद्यालय, सिसई | सिसई | Class-I |
| 14 | कार्तिक उरांव आदिवासी बाल विद्यालय विद्यालय, निजमा बघराईटोली पुसो | सिसई | Class-I |
| 15 | संत अन्ना मध्य विद्यालय, दाउदनगर पुग्गू | गुमला | K.G |
| 16 | नोटेडेम स्कूल स्कूल, गुमला | गुमला | Class-I |
| 17 | जटया मध्य बुरहू, घाघरा | घाघरा | Class-I |

**नामांकन का प्रावधान निम्नवत् है :-**

1. निजी विद्यालयों में प्रवेश की सुविधा पड़ोस के अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रदान की जानी है। पड़ोस से तात्पर्य है विद्यालय के 01 कि.मी. की परिधि के अधीन वास करने वाले बच्चों से है। यदि 01 कि.मी. की परिधि में पर्याप्त बच्चे उपलब्ध नहीं होते हैं तो विद्यालय के विस्तारित सीमा 06 कि.मी. की परिधि तक वास करने वाले बच्चों का नामांकन लिया जायेगा।
2. अभिवंचित समूह से तात्पर्य है अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्ततायुक्त एवं अनाथ बच्चों से है।
3. कमजोर वर्ग से तात्पर्य है कि ऐसे बच्चे जो अभिवंचित समूह में नही आते हो और जिनके परिवार बी0पी0एल0 धारी हो।
4. अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के नामांकन में प्राथमिकता वैसे बच्चों को दी जायेगी, जिनके परिवार बी0पी0एल0 धारी हो।
5. शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (सी.) के अन्तर्गत नामांकित होनेवाले बच्चों के पालक/अभिभावक को नामांकन के समय निम्नलिखित दस्तावेज उपस्थापित करना होगा :-
   - आधार कार्ड/मतदाता परिचय पत्र।
   - ग्रामीण क्षेत्र का जॉब कार्ड (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना)
   - राशन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/बिजली बिल, जिसमें पालक/अभिभावक का निवास का पता अंकित हो।
6. अभिवंचित समूह, कमजोर वर्ग एवं पारिवारिक आय के प्रमाण स्वरूप निम्नांकित दस्तावेज मान्य होंगे :-
   - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रमाण के लिए बच्चों के पालक/अभिभावक का कोई भी सरकारी दस्तावेज, जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति होने का उल्लेख हो।
   - 40 प्रतिशत विकलांगता वाले बच्चों के लिए मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत विकलांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
   - संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र।
7. नर्सरी/एल.के.जी. में नामांकन हेतु न्यूनतम एवं अधिकतम उम्र सीमा क्रमशः 03 वर्ष 05 माह से अधिक 04 वर्ष 06 माह से कम तथा कक्षा 01 में नामांकन हेतु उम्र सीमा 05 वर्ष 06 माह से अधिक एवं 07 वर्ष से कम होगी।
8. यदि किन्हीं कारणों से प्रथम चरण में नामांकन के पश्चात सीट खाली रह जाती है तो जिला अनुश्रवण समिति द्वारा अगले चरण में नामांकन प्रक्रिया का कैलेण्डर निर्धारित कर विद्यालयों को उपलब्ध कराया जायेगा।
9. विद्यालय में प्रवेश के लिए स्क्रीनिंग वर्जित है, अतः प्राप्त आवेदनों में से रेण्डम पद्धति से ही प्रवेश लिया जा सकेगा। यदि निर्धारित सीट से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं तो सभी पात्र आवेदकों को प्रवेश मिलेगा। निर्धारित सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी द्वारा नाम निकाल कर प्रवेश दिया जायेगा। लॉटरी की पूर्व निर्धारित तिथि की सूचना पालकों को ससमय दी जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को प्रत्येक विद्यालय हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जायेगी।
10. निजी विद्यालय में 25 प्रतिशत सीट पर प्रवेश पाने के लिए अभिभावकों द्वारा हस्तलिखित या टाईप किया हुआ आवेदन पत्र सीधे अपने पोशक क्षेत्र के नजदीक के विद्यालय में हाथोहाथ अथवा निबंधित डाक के माध्यम से विहित प्रपत्र में संगत कागजात के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।
11. शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षा के न्यूनतम 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन हेतु प्रवेश कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत् है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन हेतु आवेदन पत्र विद्यालय/जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, गुमला से प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 30.06.2023 |
| 2 | विद्यालय में आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि | 03.07.2023 |
| 3 | लॉटरी द्वारा चयन के लिए निर्धारित तिथि | 05.07.2023 |
| 4 | चयनित बच्चे की सूची प्रकाशित करने की तिथि | 07.07.2023 |
| 5 | नामांकित बच्चों की सूची प्रकाशित करने की तिथि | 10.07.2023 |

नोट :- नामांकन प्रपत्र संबंधित विद्यालय से अथवा जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-नोडल पदाधिकारी कार्यालय, गुमला से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-नोडल पदाधिकारी, गुमला। उपायुक्त गुमला।

PR 300640 Jharkhand Education Project Council(23-24).D


# पेयजल स्वच्छता विभाग में 14 ईई बदले, तीन एई को ईई का प्रभार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पेयजल स्वच्छता विभाग में 14 कार्यपालक अभियंताओं का तबादला किया गया है। वहीं तीन सहायक अभियंताओं को प्रभारी कार्यपालक अभियंता बनाकर उनकी पोस्टिंग की गयी है। विभाग की ओर से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि रांची पश्चिमी में हाल ही में अनिल कुमार गुप्ता की पोस्टिंग की गयी थी। परंतु 6 माह के भीतर ही उन्हें बदल दिया गया। वहीं तीन एई पर विभाग ने मेहरबानी की है। उन्हें प्रभारी ईई बनाकर उपकृत किया है।

**कार्यपालक अभियंता**

| नाम | | कहां गए |
|---|---|---|
| सुनील कुमार-2 | - | जमशेदपुर |
| जितेंद्र कुमार कुजूर | - | सीडीओ |
| मनीष कुमार | - | मधुपुर |
| अभय टोप्पो | - | झुमरी तिलैया |
| रामेश्वर गुप्ता | - | मेदिनीनगर |
| अजय कुमार सिंह | - | चतरा |
| अनिल प्रसाद गुप्ता | - | रामगढ़ |
| आनंद कुमार सिंह | - | रांची पश्चिमी |
| चंद्रशेखर | - | स्वर्णरेखा प्रमंडल |
| आशुतोष कुमार | - | गोंदा |
| जेसन होरो | - | धनबाद-1 |
| संजय कुमार शर्मा | - | गोड्डा |
| दीपक कुमार महतो | - | लातेहार |
| अविक अंबाला | - | चाईबासा |

**सहायक अभियंता स बने प्रभारी कार्यपालक अभियंता**

| नाम | | कहां गए |
|---|---|---|
| सुमित कुमार | - | आदित्यपुर |
| मुकेश कुमार | - | सिमडेगा |
| ललित इंदवार | - | पीएमयू |

# जियाडा के पीसीसी की बैठक में 160 नये प्रोजेक्टस के आवेदनों की स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी (पीसीसी) की आज जियाडा भवन में आयोजित बैठक में कुल 170 नये प्रोजेक्टस के आवेदन प्रस्तुत किये गये। इसमें 10 प्रोजेक्ट को छोडकर शेष सभी 160 प्रोजेक्टस को अप्रूवल दिया गया। स्वीकृत प्रोजेक्ट्स में कुछ प्रोजेक्ट्स को आगामी एक सप्ताह के अंदर बैंक एश्योरेंस पेपर जमा करने की शर्तों के साथ स्वीकृति दी गई तथा कुछ प्रोजेक्टस जिसपर एक से अधिक आवेदक थे, उसे जल्द ही ऑनलाइन बीडिंग के माध्यम से प्लॉट आवंटित करने की सहमति बनी।

बैठक के दौरान क्लियर किये गये सभी प्रोजेक्टस को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों यथा तुपूदाना, लोहरदगा, सोसई, बरही, हजारीबाग, बरहे-चान्हो, बुढ़मू, टाटीसिलवे, डाल्टनगंज, कोकर समेत अन्य इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से शामिल चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि झारखण्ड चैंबर का सदैव यह प्रयास रहा है कि पीसीसी की बैठकों में प्रस्तुत होनेवाले आवेदनों की स्वीकृति दिलाई जाय ताकि राज्य में निवेश को बढावा मिले और अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में इन यूनिट्स की स्थापना से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



बैठक में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष रंजीत टिबडेवाल, उद्योग उप समिति चेयरमेन बिनोद अग्रवाल, जेसिया के पदाधिकारी अजय दधीच के अलावा, एमएसएमई डायरेक्टर इंद्रजीत यादव, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक अजय कुमार सिंह, सचिव नागेंद्र पासवान सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता ज्योति कुमारी ने दी।

# इतिहास को सामने रखकर बेहतर भविष्य निर्माण बड़ी चुनौती : सुदेश कुमार महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इतिहास को सामने रख झारखंड के बेहतरीन भविष्य का निर्माण चुनौती भरा है। लेकिन हम सभी को मिलकर अपनी जिम्मेदारियों और उसूलों पर कायम रहते हुए इन चुनौतियों को हर हाल में पीछे छोडना है। सुदेश महतो गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित कर रंहे थे। मालूम हो कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी गुरुवार को पूरे राज्य में संकल्प दिवस का आयोजन कर झारखंड के आंदोलनकारियों को सम्मानित किया।



कार्यक्रम में सुदेश महतो ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिपेक्ष्य में उसूलों और यथार्थ के साथ चलना और समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सत्ता एक अवसर है। इस अवसर की असली परीक्षा तब होती है, जब जनता कहे, मेरी सरकार है। जनता के यह बोलने पर ही आपकी छवि स्थापित होगी और राजनीति परवान चढ़ेगी। अफसोस, झारखंड जिस हालात से गुजर रहा उसमें यह आवाज नहीं सुनी जा रही। कार्यकताओं में जोश भरने के साथ जिम्मेदारियों का एहसास कराते हुए उन्होंने कहा कि हमने एक मुकाम तय किया है। बदली परिस्थितियों में हमें एक अच्छे और बेहतर झारखंड का निर्माण करना है। आजसू के कार्यकताओं को अपने संघर्ष और एकजुटता को धार देना होगा।

### आजसू में शामिल

इससे पहले व्यवसायी बबन सिंह अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, संजय बसु मल्लिक, सुनील कुमार सिंह, अंचल किंग्गर, ज्ञान सिन्हा, सीमा सिंह, गौतम सिंह, कैशिक चांद, कामेश्वर प्रधान, सुहेल शाह, भरत महतो, दिनेश चौधरी, एम टी तिर्की, अजीत कुमार, रेखा वर्मा, लाडले खान, प्रभा मेहता, विजेता वर्मा, आशुतोष गोस्वामी, सज्जाद आलम, बंटी यादव, परवाज खान, कृष्णा सिंह, दया शंकर झा,अब्दुल जब्बार, ओम वर्म, नीरज वर्मा, नीतीश सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पायल बेकरी एंव केक शॉप का उद्घाटन



**नीलांबर पितांबरपुर।** पायल बेकरी एंव केक शॉप का उद्घाटन पाकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह की दुकान खुलने से लोगों को सहूलियत होगी। दुकान के प्रोपराइटर अमित नारायण एवं विकेश मंटू ने बताया कि हमारे यहां ग्राहकों को 100 प्रतिशत वेज आइटम मिलेगा। ग्राहकों को केक, पिज्जा, बर्गर, चॉकलेट एवं बेकरी आइटम मिलेगा। इसके लिए अब लोगों को डाल्टेनगंज नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रमुख सुनील कुमार पासवान, लाला प्रसाद यादव, कामेश यादव, अजय पासवान, ॐ सनातन धर्म सभा के अजीत तिवारी, राम प्रकाश तिवारी आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस महानगर का कमेटी गठित

**मेदिनीनगर।** पलामू में कांग्रेस को सांगठनिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के मेदिनीनगर महानगर का 21 सदस्यीय कमेटी गठित किया गया है। कांग्रेस महानगर कमेटी के अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष सहजादा अनवर के निर्देश एवं पलामू प्रभारी विनय सिन्हा, जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। पार्टी के सांगठनिक ढांचा को सशक्त बनाने के लिए शहर के सभी वार्डो में कमेटी का विस्तार किया जाएगा। गठित महानगर कमेटी का उपाध्यक्ष मनोज सिंह, राहुल रंजन दुबे, राजीव रंजन सिंह, मो शहंशाह कुरैशी, राधेश्याम गुप्ता को बनाया गया। इसी तरह रासीद बख्शी, संजय मेहता, यशवंत चौरसिया, मो अयूब अंसारी, रोहित गुप्ता, विकास,रंजित चौधरी को महासचिव तथा देव मिश्रा, निशांत, अनुज सिंह, अनुज पासवान, सुनील प्रजापति, बबलू रवि, मो दानिश, मुकेश कुमार को सचिव की जिम्मेवारी सौंपा गया।

### रजवाडीह मध्य विद्यालय के 8वीं बोर्ड के पास छात्रों को दी गयी विदाई

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के आठवीं बोर्ड पास बच्चों को सम्मान के साथ विदाई दी गयी। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि विद्यालय के सभी 56 विद्यार्थी आठवीं बोर्ड की परीक्षा में सफल हुए हैं। उनके लिए कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें टी.सी.व ग्रेड कार्ड के साथ काफी–कलम देकर सम्मानित किया गया। कक्षा–छह व सात का परिणाम भी घोषित किया गया तथा छात्र–छात्राओं के बीच ग्रेड कार्ड का वितरण किया। इस अवसर मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को बधाई देकर हौसला अफजाई किया तथा कहा कि वे हर हाल में नौवीं कक्षा में नामांकन कराकर पढ़ाई जारी रखें। परशुराम तिवारी ने शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर के बेहतर शिक्षण कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी व सदस्यगण के अलावे अनेक अभिभावक उपस्थित थे।

### तीन बच्चों की मां से चल रहा था प्रेम प्रसंग

**हुसैनाबाद,पलामू।** मामला पथरा पंचायत के नारायणपुर का हैं इस संबंध में महिला ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया हैं मैं नारायण पुर ग्रामीण बाजार में अपने ही घर मे चप्पल जुता की दुकान चलाती थी। मेरे दुकान के बगल में गुलेशर अंसारी 24 वर्ष नाम का लड़का कपड़ा दुकान चलाता था। बहुत समय पहले मेरे दुकान में मेरा मोबाईल से नंबर लेकर वह मुझे फोंन करने लगा। इस तरह वह धीरे धीरे नजदीकी बना लिया एवं फोटो लिया। जब मैं विरोध की तो मुझे मेरे बच्चों को पिस्टल दिखाकर जान से मारने का भय दिखया मैं डर से उसकी बातों में आई एवं मेरे साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया एवं मेरा अश्लील वीडियो और फोटो अपने फोंन मे लेकर मुझसे से ब्लैकमेल करता रहा। जब मैं अपना फोंन बन्द की तो वह मेरे मैके मेरी भाभी से बात करने लगा। तत्कालीन घटना में 19 जून को मेरे दुकान में घुस कर मेरे साथ जबरदस्ती करने लगा। मैं आजिज आकर थाना को लिखित शिकायत कर रही हूं। हालांकि ग्रामीण सूत्रों की माने तो आवेदिका के पति बाहर में काम करता था। उन दोनों की प्रेम प्रसंग की कहानी पूरा गांव में चर्चा हैं। लड़का इसके आशिकी में अपना दुकान से लेकर घर तक कि कमाई हुई मोटी रकम उस औरत में खर्च करता था। फिलहाल शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

### आठ भैंस के साथ एक की वज्रपात से मौत




**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के चक पंचायत अंतर्गत के करमाही टोला निमिया टांड में आठ भैस सहित पशुपालक की मौत वज्रपात से हो गई। मृतक नाम सोहराई यादव 55 वर्ष पिता नन्हू यादव है। परिजन ने बताया कि बरसात से पहले युवक अपने पशुओं को लेकर खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। वज्रपात के चपेट में आने के कारण युवक खेत में गिरा पाया गया। बेहोशी की हालत में परिजन युवक को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। खान चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मनातू प्रमुख गीता देवी पति संतोष यादव घटनास्थल पर पहुंचे और जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की। इस घटना की जानकारी मनातू अंचल पदाधिकारी और थाना प्रभारी को दे दी गई है।

### सतबरवा : गलत तरीके से भाजपा में शामिल करने पर आक्रोश

**सतबरवा।** सतबरवा मंडल के पांच भाजपा कार्यकर्ता को कांग्रेसी कार्यकर्ता बताकर भाजपा में शामिल कराए जाने की गलत तरीके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया है। संतोष सिंह ने बताया कि 20 वर्षों से भाजपा के सच्चे सिपाही हैं। बीते 18 जून को नीलांबर पितांबरपुर के मौर्या फार्म हाउस में टिफिन कार्यक्रम में मुझे भी विधायक के कार्यकर्ताओं के द्वारा बुलाकर ले जाया गया था। वहां पर मुझे तथा मेरे साथ गये गुलाब भुईया, उमेश भुईया, यमुना सिंह और वीरेंद्र सिंह सभी भाजपा के कार्यकर्ता व वार्ड सदस्यों को विधायक के समक्ष कांग्रेसी बताकर भाजपा में अंगवस्त्र देकर शामिल कराने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद मैंने विधायक के समक्ष विरोध किया। वहीं मेरे विरोध के बाद पूर्व जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने मुझे भाजपा का पुराना वर्कर बताया था। इधर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार पाठक ने कहा है कि संतोष सिंह घुटूवा पंचायत बूथ शक्ति केंद्र के प्रभारी हैं। इनके अलावा जितने भी कार्यकर्ता को कांग्रेस बताकर शामिल कराया गया है वह सभी भाजपा के सक्रिय सच्चे तथा निष्ठावान कार्यकर्ता है। उन्होंने भाजपा मंडल से जुड़े तमाम संगठन के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि विधायक समेत किसी भी कार्यक्रम में जाने से पहले संगठन को जानकारी अवश्य देंगे ताकि किसी प्रकार के परेशानी से बचा जा सके।

### वज्रपात से भैंस की मौत, बालक गंभीर



**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड के कोल्हुवाडा गांव में गुरुवार को वज्रपात से एक भैंस की मौत हो गई। पीड़ित रामवृक्ष मस्ताना की पत्नी मोहरमनिया देवी ने बताया कि घर के बाहर दरवाजे पर भैंस बंधी हुई थी। इसी दौरान बारिश होने लगी। वहीं तेज आवाज के साथ आसमानी बिजली कड़की, जिसके चपेट में आने से उसकी भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने घटनास्थल पर पहुंचकर पशु चिकित्सा पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी। साथ ही पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा राशि दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने डॉ दीनबंधु गुप्ता ने बताया कि मृत भैंस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर पशुपालक को मुआवजे के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उधर बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा सोनारखाप गांव निवासी मलिकान राठौड़ का 12 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गया। जो हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत है। बताया जाता है कि घायल बालक शौच के लिए खेत में गया था। तभी वह अचानक वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गया।

# केसीसी एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लक्ष्य को पूरा करें : आयुक्त

## प्रखंड विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी एवं बैंक प्रबंधक आपसी समन्वय से केसीसी के आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर किसानों को करें लाभान्वित

प्रमंडलीय आयुक्त ने की विकास योजना की प्रगति की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सरकार द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान इस योजना का लाभ लेकर उन्नत कृषि कार्य कर सकेंगे। केसीसी से किसानों को कृषि उपकरण, उर्वरक कीटनाशक आदि कृषि कार्य में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री की खरीद में आसानी होगी। सब्जी, फलों, फूलों एवं पशुधन सहित अन्य कृषि कार्य के लिए केसीसी काफी सहायक है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सभी को गंभीरता से कार्य करना होगा। योजना के लाभ से कोई भी योग्य लाभुक किसान वंचित नहीं रहना चाहिए। किसानों से प्राप्त एवं पूर्व के लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें और 15 अगस्त तक शत प्रतिशत किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लक्ष्य को भी 15 अगस्त तक पूरा करें। यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कही। वे गुरुवार को समाहरणालय सभागार में पलामू जिले में केसीसी एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त ने बैंक प्रबंधकों को विशेष ध्यान देने एवं केसीसी के कार्य में कतई शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी एवं बैंक प्रबंधक आपसी समन्वय से केसीसी के आवेदनों का निष्पादन करें और किसानों को केसीसी से आच्छादित कर उन्हें लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप केसीसी की प्रगति को बेहतर करना आवश्यक है। उन्होंने जिला स्तर से पदाधिकारियों को नामित करते हुए किसानों को केसीसी से अच्छादित किए जाने के कार्य की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न बैंक प्रबंधकों को 1 माह में केसीसी के आवेदनों का निष्पादन कर अधिकाधिक किसानों को केसीसी का लाभ देने एवं 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निदेश दिया। आयुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना से ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी। ग्रामीण स्तर पर युवाओं को स्व नियोजित कर आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। इससे उनका पलायन भी रूकेगा। इस योजना से पशुपालकों को पशुधन के लिए शेड निर्माण में भी सहायता मिलती है। आयुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में अपेक्षित प्रगति लाकर 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने पशुपालकों के बीच वितरण की जाने वाली पशुओं की गुणवत्ता की जांच करने एवं एक ही पशु दो अलग-अलग पशुपालकों को आपूर्ति नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक पशु दो अलग-अलग पशुपालकों को दिए जाने की शिकायत मिलने पर इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई होगी। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बीडीओ एवं अंचल अधिकारियों को निदेश दिया कि उनके क्षेत्र में केसीसी के लाभ से एक भी लाभुक नहीं छूटने पाये। उन्होंने पीएम किसान योजना के तहत अच्छादित किसानों को भी केसीसी से अच्छादित करने का निदेश दिया। बैठक में आयुक्त मनोज जायसवाल, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद एवं अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, एलडीएम अंथोनी लियांगी सहित विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# काश सरकार हम महिलाओं की मजबूरी समझती.. प्रथम महापौर अरुणा शंकर

### बेलवाटिका इलाके के लोगों को अब पानी के लिए तरसना नही पड़ेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटिका इलाके के लोगों को अब पानी के लिए तरसना नही पड़ेगा। नगर निगम ने लगभग दो सौ घरों में ने पाइप लाइन द्वारा पानी की आपूर्ति की शुरू कर दी गई है। इस बाबत पूछे जाने पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेलवाटका जहां से 5 वर्षों से पूरे शहर का पानी सप्लाई होता है। वहीं ना तो गुरुनानक कॉलोनी और ना ही गुरुद्वारा रोड में किसी भी घर को चंद पाइपलाइन के चलते पानी मिल पा रहा था। आज वहीं से 35 वर्षों बाद नया पाइपलाइन निगम द्वारा लगाते हुए घर-घर पानी का कनेक्शन कैंप लगाकर देते हुए पानी का सप्लाई शुरू करा दिया गया है। इस अवसर पर मोहल्लों की महिलाओं एवं बुर्जुगों ने अरुणा शंकर एवं पूर्व पार्षद अंजना जी को बुके देकर सम्मानित करते हुए कहा कि 35 वर्षों का सपना मेयर मैडम के कारण आज पूरा हो रहा है। वरना हम लोगों ने तो आसरा ही छोड़ दिया था। प्रथम महापौर ने महिलाओं के चेहरे में खुशी देखते हुए कहा मुझे मालूम है पानी के बिना महिलाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, कपड़ों की सफाई, वगैरह कार्य करने में कितना दिक्कत होता दूर-दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी होती समय भी काफी लगता पर हम सबों के लाख प्रयास करने के बाद शहरी जलापूर्ति योजना फेस टू फेस 3 आज भी सरकार में फंसा है। काश सरकार हम महिलाओं की मजबूरी समझती। प्रथम महापौर ने कहा हम सबों ने कुछ वार्ड और भी चिन्हित किए हैं जहां छोटे-छोटे पाइपलाइन देकर ज्यादा से ज्यादा मोहल्ले वालों को लाभ दिया जा सके। जल्द मैं उन तक भी पहुंचगी। इस अवसर पर निगम की ओर से सिटी मैनेजर स्मिता भगत, कार्यालय सहायक अशोक सिंह, राहुल कुमार और छोटेलाल कैंप में उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर नही उतरना चाहती है झारखंड सरकार : पुष्पा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### पाटन में भाजपा द्वारा भोजन परिचर्चा का आयोजन



**पाटन पलामू।** भाजपा के द्वारा पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत भवन में वरिष्ठ नागरिक एवं कार्यकर्ता के साथ भोजन परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पाटन छतरपुर विधानसभा की विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, भाजपा नेता उदय शुक्ला व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में जनता के साथ भोजन पर मोदी सरकार के द्वारा किये कार्यों पर विचार विमर्श किया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्य को जनता के बीच प्रचार प्रसार किया गया। इस मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर उतरने देना नहीं चाहती है। लेकिन जो भी योजना आज गरीब जनता तक पहुंचा है वह मोदी सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि यदि झारखंड सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर जनहित में उतारने का काम करती। तो लोगों को पेयजल की समस्या, सिंचाई की समस्या समेत गांव की समस्या दूर होता। यह सरकार पूरी तरह से निकम्मी है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ काम कर जनता के पास जाये और मोदी सरकार कि जो भी योजना चल रही है। उसको जनता के बीच बताने का काम करें। कार्यक्रम में सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी, सुरेन्द्र सिंह, अर्जुन तिवारी, अशोक तिवारी, रेणु देवी, संजय सिंह, जितेंद्र सोनी, आनन्द सिंह, अभिषेक सिंह, निरंजन पासवान, पिंकी विश्वकर्मा, धीरेन्द्र सिंह,राकेश पाण्डेय समेत पाटन, छतरपुर, लठेया के मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर गुरुवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि 17 अगस्त से 30 नवंबर तक मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान एक जनवरी 2024 तक जिन व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक है, वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, पहचान पत्र में सुधार करने, जिनका निधन हो गया है उनका नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए मतदान केंद्र के बीएलओ, मतदान क्षेत्र के एईआरओ, एआरओ अथवा भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट के माध्यम से आवेदन दिया जा सकता है।

## पुलिस अधिकारियों के संवेदीकरण सेंसेटसन कार्यक्रम का आयोजन



**मेदिनीनगर।** भारतीय रिजर्व बैंक रांची के तत्वावधान में होटल रामाडा मे पलामू पुलिस अधिकारियों के संवेदीकरण सेंसेट्सन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य पर जिले के पुलिस अधिकारियों को गैर निगमित इकाइयों द्वारा अनधिकृत डिपॉजिट्स के मामले व वित्तीय धोखाधड़ी एवं उनके कार्यविधि मोडस ऑपरेंडी एवं उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में झारखंड प्रोटेक्शन ऑफ डिपॉजिटर्स एक्ट 2011, झारखंड प्रोटेक्शन रूल्स 2015 एवं बुड्स एक्ट 2019 पर विस्तार से चर्चा किया गया। एवं इससे संबंधित जानकारियां पुलिस अधिकारियों को दिया गया। कार्यक्रम में रिजर्व बैंक के शिकायत निवारण तंत्र यथा एकीकृत लोकपाल एवं सचेत पोर्टल के बारे में भी बताया गया। रिजर्व बैंक के संजीव सिन्हा महाप्रबंधक प्रभारी ने सचेत पोर्टल विषय पर विस्तार से पुलिस अधिकारियों को बताया कि क्या और कैसे काम करना है। इस कार्यक्रम में समीम अंसारी उप महाप्रबंधक, अरविंद एक्का सहायक महाप्रबंधक, कुमुद कुमार ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा, पुलीस उपाधीक्षक ऋषभ गर्ग, सुरजीत कुमार, पुज्य प्रकाश समेत पलामू जिला के विभिन्न थाना के प्रभारियों ने भाग लिया।

### लूट खसोट की सरकार व सत्ता में बैठे लोगों बदलना ही होगा : शिवपूजन मेहता





**हुसैनाबाद,पलामू।** शहर के वंशिबिघा जपला–पथरा मुख्य पथ में अपने आवास सह आजसू कार्यलय में आजसू पार्टी का 38वां स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन अक्षय मेहता ने किया। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, केंद्रीय सदस्य लोकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, मनोज शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता ने कहा कि प्रदेश में झारखण्ड वासियों का विकास रुका हुआ है। लूट–छूट के बल पर प्रदेश चल रहा है। यही हाल हुसैनाबाद का है। यहां भी लूट व भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को झारखण्ड के हित में आजसू एवं सुदेश के नेतृत्व को मजबूत करने का आवाह्न किया। लोकेश सिंह, दिलीप चौधरी, विशाल वर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, मनोज शर्मा आदि ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किया। जिला सचिव संदीप महतो, प्रखंड अध्यक्ष रमेश प्रजापति, अजय मेहता, अजित कुमार सिंह, रामजी पासवान, जितेंद्र पासवान, रामराज पासवान, गणेश चौधरी, खालिद अंसारी, सुरेश मेहता, मुकेश मेहता, कृष्ण पासवान, अरुण चन्द्रवंशी, विकास चन्द्रवंशी, सनोज गुप्ता, अक्षयप्रकाश शर्मा, दिनेश मेहता, हरिनंदन मेहता, रंगती मेहता, अनिल रजवार, बलदेव भुईया आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कारगिल शहीद युगंबर दीक्षित का शहादत दिवस आज, टॉपरों को किया जायेगा सम्मानित

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंर्तगत भदुमा गांव में शुक्रवार को कारगिल शहीद युगंबर दीक्षित का शहादत दिवस मनाया जाएगा। शहादत दिवस मनाने को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इसकी जानकारी कमिटी के सदस्य वेद प्रकाश शर्मा ने दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी होंगे। शहादात दिवस मनाने के उपरांत सम्मान समारोह साथ ही रात्रि में बिहार के महावीर यादव व झारखंड के राजमुनी व्यास के बीच रंगारंग दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास में शामिल हुए लोग



**हरिहरगंज पलामू।** विश्व योग दिवस पर हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को आयुष ग्राम अररूआ कला के आयुष चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में सरकारी कर्मियों, समाजसेवियों तथा प्रबुद्ध लोगों ने योगाभ्यास किया। इसके पहले हरिहरगंज बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय, समाजसेवी राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, योग शिक्षक राजीव कुमार, शोभा कुमारी, डॉ संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर योगाभ्यास शुभारंभ किया। बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय व समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि योग ही संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी है। योगाभ्यास में नवीन कुमार दुबे, बबलू सिंह, विजय प्रजापति, हरिद्वार प्रसाद, कृष्ण साव, अजय राय, औरेंद्र यादव, गोपाल शरण राणा, डॉ राजकुमार प्रसाद, नीरज सिंह, आर्यन कुमार, शौर्य कुमार सहित काफी संख्या में लोग भाग लिया।

## महाभंडारा के साथ संपन्न हुआ 3 दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के अजीत नगर में नव निर्मित भगवान शिव व माता पार्वती के प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय अनुष्ठान गुरुवार को महाभंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। अंतिम दिन के अनुष्ठान व महाभंडरा में स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल हुए .उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से वातावरण शुद्ध हो जाता है। महाभंडारा में शामिल बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि धर्म के मर्म को समझाते हुए बुराई का त्याग करें और अच्छी चीजों को आत्मसात करें। महाभंडारा में विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता, शंकर केशरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, मनीष कुमार, संतोष राम, विजय कुमार रवि, श्याम सुन्दर डीलर सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## 16 करोड़ की लागत से धरातल पर उतरी गई 449 योजनाएं : विधायक पुष्पा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**पाटन पलामू।** विधायक पुष्पा देवी ने अपने विधानसभा अंतर्गत जनकल्याणकारी विकास योजनाओं की उपलब्धियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं की लेखा जोखा सगुना पंचायत सचिवालय में प्रस्तुत करते हुए कहा कि वितीय वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में विधायक मद की 449 योजनाओ को धरातल पर उतारा गया है। जिसकी कुल लागत सोलह करोड़ बारह लाख चौदह हजार की राशि से क्रियावन्तित कराई गई। जिसमें वितीय वर्ष2020-21 में 125 योजना राशि छः करोड़ 53 लाख, वितीय वर्ष 2021-22 में 128 योजना पर चार करोड़ सताइस लाख, वितीय वर्ष 2022-23 में 196 योजना राशि तीन करोड़ 33 लाख से क्रियावन्तित कराई गई है। इन्होंने कहा की प्राथमिकता के आधार पर जनता के जरूरत के कार्यो को जनता के बीच उतारने का प्रयास किया गया है। जिसमे पीसीसी, नाली, विवाह मण्डप, छठ घाट, मिट्टी मोरम पथ, पूल, छलका, चापाकल, सोलर आधारित जलापूर्ति योजना, डीप बोर, आदि अनेक कार्य किए गए है।

## पाटन बीडीओ व प्रखंड प्रमुख ने चेतना पुलिस ओपी का किया भ्रमण

**मनीष दुबे**



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी एवं प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कसवाखाड पंचायत के आदिवासी जनजाती क्षेत्र के बूढ़ी बुक्का गांव समेत चेतना पुलिस ओपी का निरीक्षण किया। जहां पर कई जगहों पर पानी की समस्या देखने को मिला।तो कई स्थानों पर लोग कुआ का कचरा पानी पीने पर मजबूर है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी बढ़ने के कारण एवं पहाड़ी इलाका होने के चलते पानी का लेयर बहुत ही नीचे चला गया है। जिस कारण से रात रात भर जाग कर कुआं का कचरा पानी निकाल पर पीने पर मजबूर है। हम लोगों को आज तक कोई भी पानी की समस्या को दूर करने के लिए शासन प्रशासन नहीं पहुंचे है। जब चुनावी मुद्दा होता है तो दिन रात एक कर सभी जनप्रतिनिधि वोट लेने पहुंच जाते हैं। जब पानी की समस्या या गांव का कोई अन्य समस्या होता है तो कोई पूछने तक भी नहीं आते है।बताते चलें कि चेतना पुलिस ओपी का हाल तो और भी खराब है। जहां सरकार कहती है कि नल जल योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाई जाएगी। लेकिन जब चेतना पुलिस जवानों की स्थिति जानेगे तो चौक उठेंगे। चेतना के सभी पुलिस जवान पानी तो किसी तरह से पी लेते हैं। लेकिन नहाना,कपड़ा धोने के लिए तलाब के कचरे पानी से ही करते हैं। सरकार आज कहती है कि डिजिटल भारत बनाकर हर सुविधाओं से लोगो को जोड़ा जाएगा। लेकिन चेतमा ओपी में डिजिटल भारत के नाम ही भूल जाना है।क्योंकि इंटरनेट तो बड़ी दूर की चीज है। यहां के लोग बात करने के लिए अपने मोबाइल को खंभे में टांग कर दिन दिन भर रखते हैं। फिलहाल में एक नेटवर्क का टावर लगाया गया है, लेकिन अभी तक वह चालू नहीं किया गया है। जिस कारन लोगों को मोबाइल से बात करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सभी जगहों पर प्रखंड प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निरीक्षण कर बताया कि जल्द ही सभी जगहों पर डीप बोरिंग करा कर पानी की व्यवस्था कराई जाएगी एवं जो भी नेटवर्क की समस्याएं है उसे नेटवर्क कंपनी से बात कर जल्द ही व्यवस्था कराया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह, रोजगार सेवक रविंद्र कुमार, उप मुखिया अखिलेश यादव, पंचायत समिति सदस्य रामबिहारी मेहता, नावाजयपुर थाना के एस आई मुकेश कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## करमा स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के राउमवि करमा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आठवीं बोर्ड के परीक्षा में ए प्लस तथा ए ग्रेड से सफल छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रखंड अध्यक्ष जुम्मन मियां, बीआरपी शमशाद, सामाजिक कार्यकर्ता जहीदुल्लाह, फिदा हुसैन, मकसूद आलम, शिक्षक कारी कुतुबुद्दीन और शाहिद रजा ने सम्मानित किया। गुरुवार को इंडियन हुसैनी युवा क्लब के अध्यक्ष वकील, मो. शमशाद, तहसीन रजा, अहमद रजा, गुलाम मुस्तफा,जहीर के सहयोग से स्कूल परिसर में रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के एचएम मो. सलीमुद्दीन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि अल्पसंख्यक समाज के बेटे -बेटियों की सफलता का श्रेय समाज के सभी लोगों को जाता है। मुस्लिम समुदाय के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अब हर समय आगे रहेंगे। आठवीं बोर्ड की परीक्षा में 13 छात्रा तथा 15 छात्र सफल हुए। इधर संकुल साधनसेवी सुधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि धावाडीह पंचायत के मिडिल स्कूल करमा में शत -प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र पढ़ते है। इस विद्यालय को भौतिक तथा शैक्षणिक संसाधन मुहैया कराया जाएगा। इस स्कूल के समग्र विकास के लिए शिक्षा विभाग ने चयन किया है। 68 लाख रुपए का विद्यालय भवन तथा संसाधन के लिए राशि मुहैया कराने का प्रस्ताव है। तहसीन रजा ने स्कूल के छात्रों का हंड्रेड परसेंट ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया। तीन डिसमिल जमीन रवि सिद्दीकी ने दान में दी। मकसूद आलम हर समय छात्रों को स्कूल ड्रेस समय पर उपलब्ध कराने के लिए तैयार रहते हैं। वहीं बीआरपी मो शमशाद ने कहा कि अभिभावकों के रुचि लेने के बाद छात्रों की उपस्थिति स्कूल में बढी है। प्रारंभिक शिक्षा में आठवीं बोर्ड के परीक्षा का महत्व बडा है। सीबीएसई बोर्ड के तहत स्कूल को चयनित करने का प्रस्ताव है।

## स्पीड न्यूज

### भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना हम सबका दायित्व : सिन्हा

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल बरई कला में भ्रष्टाचार उन्मूलन मंच के गठन हेतु बुद्धिजीवियों की एक बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष साधु चरण सिन्हा व मंच का संचालन बानेश्वर महतो ने किया। मुख्य अतिथि पेटरवार के समाजसेवी सुधीर कुमार सिन्हा ने भ्रष्टाचार उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि आर्थिक, स्वास्थ्य, संस्कृति, सभ्यता, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुत्सित भावनाओं से बचना चाहिए। भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना हम सबका दायित्व है। विशिष्ट अतिथि जरीडीह के सेवा निवृत शिक्षक जय नारायण महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए शिक्षा व जागृति के साथ आगे आना चाहिए।

### बीडीओ व बीपीओ को महिलाओं ने भेंट किया आम भरी टोकरी

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय में कसमार बीडीओ विजय कुमार व मनरेगा बीपीओ राकेश कुमार को प्रदान संस्था एवं ग्रामीण हरित क्रांति महिला फार्मर प्रोडूसर कम्पनी की ओर से मनरेगा के द्वारा 2020 में लगाये गये व इस वर्ष उत्पादित आम भेंट किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रदान के पुष्कर, वेद प्रकाश, एफपीसी के बोर्ड दीदी विभा कुमारी, झलकी देवी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, जीआरएस तथा मनरेगा के रोजगार सेवक भीम साव उपस्थित थे।

### न्याय सदन में योग शिविर का आयोजन

**बोकारो।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो कुमारी रंजना अस्थाना के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय बोकारो परिसर स्थित न्याय सदन में योग शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सुश्री अस्थाना, पदाधिकारीगण, विभिन्न न्यायालयों के न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, पीएलवीगण उपस्थित थे।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो निभा रंजन लकड़ा ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय बोकारो के अलावे व्यवहार न्यायालय बेरमो स्थित तेनुघाट एवं जिले के विभिन्न विधिक सेवा केन्द्रों में योग दिवस का आयोजन करते हुए उपस्थित व्यक्तियों को योगाभ्यास के प्रति जागरूक किया गया।

### पुलिस लाइन मैदान में योगाभ्यास शिविर का आयोजन

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित योगाभ्यास शिविर में उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी रजनीश कुमार, उप विकास आयुक्त कीर्ति श्री जी सहित जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस के जवान, स्कूल के बच्चे एवं आमलोग शामिल हुए। योगाभ्यास के दौरान पतंजलि योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा प्राणायाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### आईआईएम विशेषज्ञों ने डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक अंत:क्रिया सत्र में आईपीएम इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रो विराज वर्मा ने सामाजिक वास्तविकता, मूल्यों तथा सहानुभूति को समझने वाला प्रबंधक तैयार करना इस पंचवर्षीय कोर्स का मुख्य उद्देश्य बताया। इस अतिथि व्याख्यानशाला में आईआईएम प्रतिनिधि प्रो. वर्मा के अलावा प्रो. प्रशांत मौर्य ने विद्यार्थियों को आईपीएम कोर्स की अहमियत, विशेषताएं तथा इसे चयनित करने से संबंधित अहताओं के साथ-साथ वाणिज्य के क्षेत्र में कैरियर की विविधताओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों को प्रबंधन-नेतृत्व के गुर सिखाते हुए प्रो. मौर्य ने उनमें संचार कौशल, शैक्षणिक क्षमता एवं विद्यालय गतिविधियों में उनकी भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

## 5 करोड़ रुपये की लागत से दो थाना भवन का शिलान्यास

# सरकारी योजनाएं धरातल पर होगा: पूर्णिमा

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** जोरापोखरव झरिया थाना परिसर में गुरुवार को माननीय सचेतक (सत्तारूढ़ दल) सह विधायक, झरिया श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने नारियल फोड़कर दोनों नए थाना भवनो के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि झरिया व जोरापोखर में निर्मित पुराने भवन काफी जर्जर अवस्था में थे। जिससे यहां के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को काफी असुविधा होती थी। विधानसभा सत्र के दौरान पहली बार 28फरवती 2022 व 01अगस्त 2022 को बेहतर पुलिसिंग सुविधा हेतु मॉडल थाना भवन के निर्माण हेतु सरकार से मांग की थी। जो आज साकार होने जा रहा है।नए भवन का निर्माण हो जाने से सभी को सहूलियत होगी। विधायक जी ने बताया कि 2 करोड़ 85 लाख की लागत से जोरापोखर थाना भवन तथा 2 करोड़ 74 लाख की लागत से झरिया थाना भवन का निर्माण होना है। दोनों थानों का नया भवन दो मंजिला होगा, जिसमें एक हॉल, थाना प्रभारी का रूम, सिरिस्ता, वेटिंग हॉल, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग हाजत व जवानों के रहने के लिए कमरे बनेगें। साथ ही चारों और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। विधायक जी ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र के अन्य थानों और ओपी भवनो के नव निर्माण, जिला पुलिस केंद्र धनबाद में बैरक निर्माण हेतु मेरे द्वारा अनुशंसा की गई है। उम्मीद है बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिसकर्मियों को जल्द सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी।मौके पर जोरापोखर थाना प्रभारी विनोद उरांव, झरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, मृणाल कांत सिंह, रामकृष्ण पाठक, रामजी सिंह, वारिश खान, देव कुमार पासवान, अब्दुल अजीज, आफताब आलम, आरिफ आलम, नौशाद आलम, शिवजी ओझा, कालीचरण महतो, हरिपद महतो, अनिल सिंह, भोला यादव, दीपेंदु मुखोपाधाय, अनामिका, संतोष पाठक, जय कुमार, हरेंद्र यादव, प्रीतम रवानी, सत्यनारायण भोजगढिया, पारस यादव, मनौवर गद्दी, शेख सुल्तान, अनिता सिंह, किशोर कुमार, रवि रवानी, निरंजन कुमार, राणा मनीष सिंह, बबलू सिंह, भगत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अनूप साव,पंकज तिवारी, आजीम खान, कारू पांडेय, अजय शास्त्री, मंटू अंसारी, नशीम, फुकू साव, झुन्नू गुप्ता, रविन्द्र प्रासाद, अक्षय लाल यादव, उपेन्द्र सिंह, हरेराम सिंह, सर्वजीत सिंह, मीर फिरोज, कमल शर्मा, जय कुमारी देवी, शकुंतला देवी, राम राज माली, गणेश बहादुर सिंह, जनता मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### 11 हजार वोल्ट की चपेट में आकर लाइनमैन झुलसा

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र कढ़मा विद्युत स्टेशन में कार्यरत स्विच बोर्ड ऑपरेटर (लाइन मैन) 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। सहकर्मी उसे तत्काल हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ ले गए, जहां उसका प्राथमिक इलाज कराकर बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया गया. दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने सब स्टेशन के गेट पर ताला लगा दिया है। 22 जून की सुबह वह सब स्टेशन से शट डाउन लेकर कढ़मा गांव में ट्रांसफार्मर दुरुस्त कर रहा था। इसी समय सब स्टेशन से बिजली लाइन चालू कर दिया गया। स्विच ऑन होते ही ट्रांसफार्मर पर चढ़कर काम कर रहे कामेश्वर महतो बुरी तरह से झुलस गया। इधर जैसे ही उसके घर वाले और ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली वे विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और हंगामा करते हुए सब स्टेशन में ताला जड़ दिया।

## बोकारो संयंत्र के बीई विभाग द्वारा अन्त: क्रिया का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो प्लांट के बीई विभाग द्वारा प्लांट भ्रमण के उपरांत एक अन्तः क्रिया का विशेष आयोजन सीजीएम के लिए एचआरडी सेंटर में क्यूसीएफआई हैदराबाद के अतिरिक्त निदेशक बीकेबी दास के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अन्तः क्रिया के आयोजन से हमारे प्लांट के सभी विभागों में सुव्यस्थित हाउसकीपिंग से इन्वेंट्री को कम करने में सहायता मिलेगी जिससे की संयंत्र की लाभार्जन की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी।

### सासंद ने बेरमो सीओ और बीडिओ के साथ की बैठक

**बेरमो।** पानी की कमी को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। लोग पानी की एक एक बूंद के लिए संघर्ष करते दिखाई दे रहे है। ऐसे में सासंद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने पेयजल संबंधी समस्याओं को लेकर बेरमो प्रखंड सभागार मे गुरुवार को सासंद ने बेरमो सीओ सह इओ और बिडिओ के साथ की बैठक। सासंद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी में बिजली व पानी की आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए दोनों विभाग के अधिकारी बेहतर सामंजस्य बनाएं, क्योंकि बिजली गुल होते ही पेयजल संकट गहरा जाता है। सासंद ने अधिकारियों के साथ पेयजल आपूर्ति और कनेक्शन की समीक्षा की। बैठक के दौरान सांसद श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में लगाई जा रही पानी की कनेक्शन करवाकर घर-घर तक पाइपलाइन से जोड़ा जाएं। जिससे भयंकर गर्मी में लोगों को पेयजल संकट से उबारा जा सके।

## कार्मिक ठेका मजदूर प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल कोक ओवन विभाग के सम्मलेन कक्ष में कार्मिक ठेका मजदूर प्रकोष्ठ द्वारा मजदूर से सम्बंधित विभिन्न नियमो व कार्य प्रणाली पर एक प्रस्तुति का आयोजन किया गया। प्रस्तुतिकरण के दौरानविभाग के सीजीएम राकेश कुमार के साथ वरीय अधिकारी एवं इंजीनियर इंचार्ज उपस्थित थे। प्रस्तुति में ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के प्रियव्रत एवं प्रबंधक पंकज कुमार के द्वारा ठेका मजदूरों से सम्बंधित नियम,प्रमुख नियोक्ता की जिम्मेदारी,पीएफ,ईएसआई से सम्बंधित जानकारियां दी गयीं एवं उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के द्वारा प्रस्तुति के दौरान उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया।

### सेलकर्मी सह ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय को शूटरो से बचाने गए राजकिशोर की मौत

**झरिया।** 14 जून बुधवार को पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला साउथ कॉलोनी निवासी सेलकर्मी व कोल ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय (45) को उनके कार्यालय में दिनदहाड़े दो अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फायरिंग के दौरान होटल संचालक राज किशोर सिंह को भी पेट में गोली लगी। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजकिशोर सिंह का 9 दिनों तक इलाज चला। लेकिन ज्यादा खून बह जाने और ईलाज में देरी होने की वजह से इन्फेक्शन हो जाने की वजह से आखिरकार अस्पताल में उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि अब आम जनता का पुलिस प्रशासन से धीरे धीरे भरोसा उठता ही जा रहा है।

## जेसीबी से दर्जनों पेड़ काटा, विभाग मौन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** जहां एक और पूरे ब्रह्मांड को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए एवं हरा झारखंड भरा झारखंड की उक्ति को चरितार्थ करने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा सभी पीडीएस दुकानदारों को यह निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक कार्ड धारियों को तीन पौधा मुफ्त मे प्रदान करे, ताकि दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से बच सके और इसके साथ ही झारखंड की हरियाली सदैव बनी रहे। वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार के प्रतिनिधि यानी फाटामहुल मुखिया के पति एवं मुखिया प्रतिनिधि बीरबल मंडल के द्वारा सैकड़ों झारखंड के राजकीय वृक्ष पलाश के पेड़ को जेसीबी मशीन से काटकर गिराया जा रहा है। इससे पहले भी फाटामहुल मुखिया प्रतिनिधि बीरबल मंडल के ऊपर कांको मौजा में कतरी नदी का जमीन को अतिक्रमण करने का आरोप एवं दर्जनों पेड़ काटने का आरोप अखबारों में कई बार छप चुका है। लेकिन रुपयों के बल पर मुखिया प्रतिनिधि बीरबल मंडल सभी अधिकारियों के मुंह पर पट्टी बांध देते हैं और कोई भी अधिकारी कुछ बोल नहीं पाता है। जब पत्रकारों द्वारा बीरबल मंडल से पूछा गया कि आप झारखंड के राजकीय वृक्ष को जेसीबी मशीन से दिनदहाड़े काट रहे हैं, क्या इसके लिए आप ने वन विभाग से एनओसी लिया है। तो उन्होंने बताया कि मेरे घर के अंदर वृक्ष है तो एनओसी की कोई जरूरत नहीं है।

### भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ा नाली निमार्ण कार्य

**चासनाला।** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 52 के चासनाला साउथ कॉलोनी सेल क्वार्टर में रहने वाले लोगों का जिंदगी नरक बन गया है ।घर के आंगन में नालियों का पानी घुस रहा है जिससे गंदगी बीमारी होने की संभावना है नगर निगम और सेल नगर सफाई विभाग सफाई करने में नाकाम दिख रहा है। सफाई कर्मचारी एक दुसरे विभाग पर दोष दे रहे और सफाई नहीं हो पा रही हैं। महिलाओं में नगर निगम और सेल सफाई विभाग के खिलाफ आक्रोश है। बताते चले की नगर निगम के ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई सही ढंग से नाली नहीं बनाया गया पानी का निकास नहीं होने की वजह से जल जमाव हो जा रहा है और क्वार्टरों में नाली का गंदा पानी घुस रहा हैं।

## किंग्स ऑर्गेनिक के बिना लहसुन प्याज की केचप का सांसद पशुपतिनाथ ने किया लांच

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** बुधवार को ऑर्गेनिक तरीके से उत्पादित टमाटर से बने बिना लहसुन- प्याज के कैचप का लोकार्पण सांसद पशुपति नाथ सिंह ने किया। जैन और मारवाड़ी समाज तथा सावन और कार्तिक में लोगों की भावना को ध्यान में रखते हुए धनबाद के किंग्स ऑर्गेनिक ने विशेष रुप से यह कैचप तैयार किया है। वैसे ऑर्गेनिक तरीके से उत्पादित टमाटर से बना यह कैचप देश का पहला प्रयास बन गया है। कैचप की लॉन्चिंग पहली बार पिछले साल झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह और अन्य लोगों ने किया था। उसके बाद से ही यह रफ्तार पकड़ लिया है और धीरे-धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहा है। धनबाद के वरीय कांग्रेस नेता सह समाज सेवी अशोक कुमार सिंह, जिनकी फितरत ही रही है, लीक से हटकर सोचना और काम करना, उन्हीं की यह योजना और परियोजना ब्रेन चाइल्ड है। इसे आगे बढ़ाने के लिए जी जान से जुटे हुए है। मकसद सिर्फ कैचप बनाना और बेचना नहीं है, बल्कि इसका असली मकसद है धनबाद के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध और ताकतवर बनाना है। बुधवार के लॉन्चिंग कार्यक्रम में आप पार्टी के प्रदेश संयोजक डी एन सिंह ने कहा कि धनबाद के किसानों के लिए उत्कृष्ट काम हो रहा है। इसमें धनबाद के सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। गुजराती समाज के अध्यक्ष किरीट चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का ध्यान रखने वाले अशोक कुमार सिंह को हम धन्यवाद देते हैं और उनके इस प्रयास, साहस और हिम्मत की जितनी भी सराहना की जाए, काम होगी। पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि यह तो धनबाद के लिए खेती में एक क्रांति है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति बढ़ रही है और खेती की तरफ लोगों का झुकाव भी हो रहा है। धनबाद में उत्पादित 10 प्रति किलो न्यूनतम समर्थन मूल्य देकर अशोक कुमार सिंह ने किसानों की बेहतरी के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया है.जिटा अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि किसानी अभी कठिन काम हो गया है, वावजूद धनबाद में जो क्रांति आई है,वह स्वागत योग्य कदम है।धनबाद की पहचान बदलने का जो प्रयास हो रहा है ,उसमे सभी को सहयोग करना चाहिए. विशिष्ट अतिथि धनबाद जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद चौधरी ने कहा कि बैंक तो बहुतों की मदद करता है, लेकिन किसानों के लिए अशोक कुमार सिंह के प्रस्ताव पर जो मदद किया, उसकी अधिकांश राशि वापस लौट गई है। यह जानकर काफी खुशी और प्रसन्नता हो रही है कि धनबाद के किसान धीरे-धीरे समृद्ध हो रहे है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि 2001 में उन्होंने जो सपना किसानों के लिए देखा था, उसे तो वह पूरा कर नहीं पाए लेकिन आज यह जानकर खुशी हुई कि अशोक कुमार सिंह उनके सपने को पूरा करने की ओर आगे बढ़ गए है। किसानों को ?10 प्रति किलो समर्थन मूल्य एक बहुत बड़ी बात है. यह काम अशोक सिंह जैसे साहसी लोग ही कर सकते है। धनबाद में जैविक ढंग से उत्पादित टमाटर का कैचप तैयार हो रहा है।इसको मैंने खाया भी है, सही में यह बहुत ही स्वादिष्ट है। उन्होंने अशोक कुमार सिंह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि इस प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिए भी सोचे और लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था करे। इसमें जिस तरह के सहयोग की जरूरत होगी, वह व्यक्तिगत तौर पर निश्चित रूप से करेंगे। आगंतुकों का स्वागत किंग्स ऑर्गेनिक के संस्थापक अशोक कुमार सिंह ने की और लोगों से प्यार और स्नेह की कामना की। उन्होंने कहा कि धनबाद को गोली बंदूक से अलग हटकर एक नई पहचान देने की कोशिश की है और इस प्रयास में उन्हें किसानों का पूरा समर्थन मिल रहा है। यह सुखद बात है।कार्यक्रम में मंडल समाज के गौतम मंडल, क्रिकेट से जुड़े रहमान, दीपेश याग्निक, कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह योगी, अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष राजू दास, मंटू दास, गोपाल धारी, बबलू दास, शैलेंद्र सिंह, अमर तिवारी, अशोक गिरी, बिनय सिंह, मिथिलेश सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### सीआईएल सुरक्षा बोर्ड के सदस्य ने बीएंडके प्रक्षेत्र का दौरा किया

**बेरमो।** सीआईएल सुरक्षा बोर्ड के सदस्य नामधारी कुमार ने बुधवार को सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र का दौरा किया। यहां टीम से सदस्यों ने खासमहल और कारो परियोजना का निरीक्षण किया। बोर्ड के सदस्य कुमार ने कहा की बीएंडके एरिया सीसीएल की सबसे बड़ी एरिया में से एक है। कहा कि कोयला खदानों में होने वाली हादसों पर अंकुश लगाने को लेकर कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है। कहा कि राष्ट्रहित के लिए कोयला उत्पादन जरूरी है, लेकिन सुरक्षा सर्वपरि है। कहा कि खदानों में नियमों की अनदेखी हादसे की मुख्य वजह रहती है। कर्मचारी अगर सतर्क और जागरूक नहीं रहते हैं तो दुर्घटनाएं होती है। इससे कर्मचारियों की जान को भी खतरा रहता है। करगली आफिसर्स क्लब में बीएंडके जीएम एमके राव ने सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक कर सुरक्षा को लेकर मंथन किया। जीएम राव ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन को बढाने के लिए हर स्तर पर पहल कर रही है। देश में दिनों दिन कोयला की मांग बढते जा रही है, जिसकी पूर्ति के लिए बीएंडके एरिया तन्मयता के साथ कार्य कर रही है।

### भाजपा नेत्री डा उषा सिंह ने राज्य सभा सांसद समीर उरांव का किया स्वागत

**बेरमो।** फुसरो मे भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह ने राज्यसभा सांसद डॉक्टर समीर उरांव का गिरिडीह प्रवास के दौरान फुसरो के शहीद निर्मल महतो चौक के समीप स्वागत किया। डॉ उषा सिंह ने कहा कि काफी सौभाग्य की बात है कि राज्य सभा सांसद समीर उराँव का स्वागत फुसरो में करने का मौका मिला। समीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के 9 साल पूरे होने पर उनके द्वारा किए गए कार्यों को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं कहा कि 22 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गिरिडीह कार्यक्रम में आ रहे है। इस दौरान नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों को लोगों के बीच में रखने का कार्य करेंगे और इस बार लोकसभा चुनाव में 14 सीटें भाजपा जीतेगी। कहा कि डॉ. उषा सिंह भाजपा की एक कर्मठ कार्यकर्ता है। यह लोगों के सुख दुख में सभी के साथ खड़ा रहने का कार्य करती है। मौके पर भाजपा नेता दिनेश सिंह, मधुसूदन सिंह, शंकर सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### निर्मल महतो ने हमेशा शोषण व अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया : काशीनाथ

**बेरमो।** आजसू की स्थापना दिवस के अवसर पर फुसरो मे निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर आजसू कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। आजसू पार्टी के वरीय नेता काशीनाथ सिंह ने कहा कि निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाना है। इसलिए हमें एकजुटता के साथ संकल्प लेने की आवश्यकता है। साथ ही निर्मल महतो के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि निर्मल महतो ने हमेशा शोषण व अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया। इस अवसर पर शक्ति महतो, महेश देशमुख, विनोद महतो, अशोक चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### झरिया में विद्युत समस्या पर महाप्रबंधक से किया मांग

**झरिया।** धनबाद निर्माण के जीला संयोजक श्रीराजीव शर्मा के नेतृत्व मे बिधुत महाप्रबंधक श्रीहरेनदर सिह से मिल कर झरिया की ध्वस्त हो चुकी बिजली आपूर्ति पर तीखी नोक झीक के साथ वार्ता हुई । झरिया के तीनो आर एम यु स्विच पर सहमति बनी की धनबाद से अतिरिक्त स्विच है उसे रबीवार तक बदलने का कार्य संपन्न होगा । धनबाद निर्माण के उपेन्द्र गुप्ता ने इस पर कहा कि अगर रबीवार तक कार्य नही होगा तो हमलोग सोमवार से आन्दोलन को बाध्य होगे । वही धनबाद निर्माण के सदस्य ने डी वी सी से भी आग्रह किया कि जामाडोवा सब स्टेशन का लोड शेडीग कम करे अन्यथा झरियावासी उग्र आन्दोलन को बाध्य होगी । प्रतिनिधी मंडल मे उपेन्द्र गुप्ता अमित कुमार साहु संजय चोधरी णमेश गुप्ता उर्फ कल्लू श्रीकान्त अमबषट के अलावा झरिया के कार्य पालक अभियन्ता श्रीमनीष चन्द्र फुर्ती भी मौजूद थे।

### रैयतों ने अपने भूखंड पर विरोध प्रदर्शन किया

**निचितपुर।** रैयती जमीन की मापी कार्य मे देर होने पर तेतुलमार चंदौर व नारीकला मौजा के रैयतों ने गुरुवार तेतुलमारी स्थित अपनी भूखंड पर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया की सिजुआ महाप्रबंधक के आदेश पर क्षेत्रीय कार्यालय की सर्वे टीम जमीन की मापी करने के लिए रैयती जमीन नगरीकला व चन्दौर मौजा के तेतुलमारी आया है, लेकिन मापी कार्य मे सुस्ती बरत रहे हैं। करीब आधा घंटा के बाद वे लोग शांत हो गये। मालूम हो नगरीकला व चन्दौर मौजा के तेतुलमारी स्थित भूखंड पर बीसीसीएल कंपनी की ओर से आउटसोर्सिंग कंपनी चलाने की योजना है। जिसके लिए उक्त भूखंड को मशीन के माध्यम से समतलीकरण कराया गया था, रैयतो की तत्परता के बाद समतली कार्य बंद करा दिया गया था, जिसके बाद ग्रामीण रैयतो की वार्ता सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में हुई वार्ता के बाद जमीन संबंधी कार्य सौंपा गया था, जिसके बाद जीएम ने उक्त जमीन की मापी कराने की बात कही थी। रोष जताने वालों में नरेश कुमार रवानी, सुनिल तुरी,जितेंद्र तुरी, धनंजय तुरी, सूरज सोनार, संतोष सोनार, विश्वनाथ तुरी,गोवर्धन महतो, शंकर महतो, जमुना महतो, दिनेश महतो आदि ग्रामीण रैयत शामिल थे।

### सिनेमैटिक वेडिंग वीडियो कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**धनबाद।** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के प्रयास से धनबाद में पहली बार सिनेमैटिक वेडिंग वीडियो वर्कशॉप का आयोजन कैनन एवं कैनन डीलर बालाजी फोटो विजन, धनबाद के द्वारा पार्कलेन रिसोर्ट, गोविंदपुर रोड, धनबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आए मेंटर श्री अनिंदो बासु एवं मोहम्मद नूर आलम जी को धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के सचिव मनीष शाह जी ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया इसके साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ की गई। सिनेमैटिक वेडिंग वीडियोग्राफी कार्यशाला में कलर टोन, रेजुलेशन, एक्सपोजर, फ्रेमिंग के विषयों में वीडियोग्राफर को जानकारी दी गई इसके साथ - साथ आप कैसे अच्छे सिनेमैटिक वीडियोग्राफी कर अपने बिजनेस को आगे ले जाएं इसके बारे में सभी को जानकारी दी गई, इस वर्कशॉप से आप कैसे अच्छे वीडियो शूट कर सकते हैं इसकी तकनीकी से रूबरू कराया गया । आए हमारे मेंटर ने सभी वीडियोग्राफर्स को थ्योरीकल एवं प्रैक्टिकल रूप से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के पदाधिकारी अध्यक्ष सुनील सिंह, उपाध्यक्ष रत्नेश कुमार, सुभाष सरावगी, सचिव मनीष शाह, प्रकाश कुमार, संजय कुमार, गुड्डू गुप्ता, साजिद खान, रंजीत जायसवाल, सुबोध महाराज, मंतोष लाल एवं सूरज रवानी उपस्थित थे।

### अधिवक्ता कपिलदेव सिंह पंचतत्व में विलीन

**कतरास।** धनबाद जिला बार एसोसिएशन के महासचिव जीतेंद्र कुमार के दिवंगत पिता अधिवक्ता कपिलदेव सिंह का लिलोरी मंदिर स्थित मुक्ति धाम में दाह संस्कार किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, राजेश सिंह यादव, शकील अहमद, चुन्ना यादव, रणधीर ठाकुर, माधो सिंह, दीपनारायण भट्टाचार्य, प्रदीप पांडे, विनोद शर्मा, मासूम खान, रोहित यादव, जावेद रजा, शौकत खान, इन्द्र सिंह, दीपू अग्रवाल, अनिल केडिया, राजाराम यादव, शौकत खान, शोमनाथ चटर्जी, फिरोज रजा, राजेश स्वर्णकार, निमाई मुखर्जी, हराधन मोदक, नदीम अहमद, धनबाद से अधिवक्ता अमित सिंह, नीरज सिंह, सुनील सांडिल्य, पंचानंद सिंह, मनोज कुमार राकेश, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# समान नागरिक संहिता?

समान नागरिक संहिता कोलेकर देश में बहस जारी है। एक बहुत विशाल देश में जो विकसित देश होने की प्रबल संभावना रखता है वहां यह समान नागरिक संहिता एक आवश्यक कानून है। विविध प्रकार के कानून से जटिलता पैदा होती है और न्याय प्रणाली पर भी दबाव बनता है। सवाल विधि आयोग द्वारा इस जटिल मुद्दे पर सार्वजनिक विमर्श को लेकर सिर्फ तीस दिन के समय को लेकर भी है। कुछ लोगों का मानना है कि सारे देश में व्यापक विमर्श के बाद ही इस संवेदनशील मुद्दे पर आगे बात की जानी चाहिए। वैसे विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल इस मुद्दे को ध्रुवीकरण के हथियार के रूप में प्रयोग कर सकता है। इस कयास की एक वजह यह है कि भाजपा के दो प्रमुख एजेंडे- राम मंदिर व अनुच्छेद 370 को हटाने के लक्ष्य हासिल किये जा चुके हैं। वहीं देश में यह बहस पुरानी है कि व्यक्तिगत कानून में व्याप्त विसंगतियों को दूर करके एक देश, एक कानून की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जाये। लेकिन धार्मिक रूढ़ियों व राजनीतिक कारणों से ये लक्ष्य पाने संभव न हुए। वैसे किसी भी सभ्य समाज व लोकतांत्रिक देश में सभी नागरिकों के लिये समान कानून के प्रावधान एक आदर्श स्थिति होती है। लेकिन भारतीय समाज की कई तरह की जटिलताएं इसके मार्ग में बाधक बनी रही हैं। निस्संदेह, देश की एकता व सद्भाव का वातावरण भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी सभ्य समाज में कानून का निर्धारण धार्मिक आधार के बजाय तार्किक व समय की जरूरत के हिसाब से ही होना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि समाज में बहुमत व अल्पमतों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। निश्चित यह एक चुनावी मुद्दा से आगे बढ़कर राष्ट्र हित का मुद्दा है जिस पर देश के आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखकर विचार किया जाना चाहिए।

# लू से मौत

पिछले कुछ वर्षों में लू के कारण भारत के कई राज्यों में मौतें देखने को मिली हैं। संसद द्वारा जारी आंकड़े बताते हैं कि टॉप 5 राज्यों की लिस्ट में बिहार राज्य में मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। इस राज्य में 2018 से 2021 के बीच 123 मौतें दर्ज की गई हैं। इसके बाद तेलंगाना का नंबर आता है जहां 42 मौतें हुई हैं। आंध्र प्रदेश में 37 मौतें, महाराष्ट्र में 13 और गुजरात में 11 मौतें लू के कारण दर्ज की गई हैं। संसद में जो डेटा शेयर किया गया उसके मुताबिक कम से कम 244 मौतें हुई हैं। उत्तर प्रदेश में कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई वहीं बिहार में भी कथित तौर पर अन्य 45 लोगों की मौत हो गई है। जिस राज्य में लू चली उसमें राजस्थान पहले नंबर पर आता है। साल 2018 से 2021 के बीच इस राज्य में कुल 47 दिन लू चल चुकी है। इसके बाद आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र,दोनों राज्यों में कुल 28 दिन लू चली है। इस लिस्ट में उत्तराखंड तीसरे नंबर पर है जहां कुल 25 दिनों तक लू चली है।2018 से 2021 की इस अवधि के दौरान, अन्य वे राज्य जहां, कम से कम एक दर्जन दिन लू चली है उसमें मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा, पंजाब, झारखंड और तेलांगाना शामिल हैं। लू के कारण स्वास्थ्य पर जोखिम बढ़ने की संभावना है क्योंकि लू और गंभीर लू वाले दिनों की औसत संख्या बढ़ रही है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस) द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि ग्रीनहाउस प्रभाव के कारण 1901 और 2018 के बीच भारत में औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। कुछ मॉडलों के तहत 2100 तक भारत का औसत तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान है। मॉनसून और चक्रवात की वर्षादेश में आंरभ हो चुकी है लेकिन जिस प्रकार हर वर्ष गर्मी बढ़ती जा रही है यह चिंता का विषय है।

# आखिर सस्ता पेट्रोलियम क्यों नहीं देती सरकारें

**देश** में जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई 2017 से लागू हुई , सितंबर महीने में जीएसटी काउंसिल की 45 वीं बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका हाल के दिनों में पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के मद्देनजर गैर बीजेपी शासित राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से इन उत्पादों पर लगे एक्साइज ड्यूटी को कम करने की गुहार लगाई थी। लेकिन खुद वैट की रकम कम करने से इनकार करते रहे।






\- मनोज शर्मा

> मान लीजिये किसी विशेष दिन डीलरों को पेट्रोल 41.10 रुपए प्रति लीटर की दर पर मुहैया कराया जा रहा है इस पर 32.90 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी और साथ में 3.84 रुपए प्रति लीटर का डीलर कमीशन जुड़ेगा और झारखंड में 20.19 पैसा वैट चार्ज होता है। इस तरह से 98.3 पैसे में झारखण्ड की जनता को मिल जाता।

**तेल का गणित**

2014-15 के बाद से ऑयल और पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स वसूली के जरिए जमा होने वाली राशि में 370 फिसदी का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में ही 3.71 लाख करोड़ की कमाई केंद्र सरकार को इससे हुई। बेस प्राइस के दोगुने से अधिक दाम पर पेट्रोल/डीजल झारखण्ड में मिल रहा है। वो पैसा राज्य और केंद्र सरकार के खजाने में जा रहा है । मान लीजिये किसी विशेष दिन डीलरों को पेट्रोल 41.10 रुपए प्रति लीटर की दर पर मुहैया कराया जा रहा है इस पर 32.90 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी और साथ में 3.84 रुपए प्रति लीटर का डीलर कमीशन जुड़ेगा और झारखंड में 20.19 पैसा वैट चार्ज होता है। इस तरह से 98.3 पैसे में झारखण्ड की जनता को मिल जाता। अगर पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर जीएसटी लागू हो जाता है तो आम जनता को बहुत फायदा होगा। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 40 फीसदी तक गिरावट आ सकती है।

लेकिन सरकारी खजाने का बुरा हाल हो जायेगा। जरा सा भी वैट घटाता है तो आसानी से होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिये कई राज्य इसका विरोध करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग टैक्स पर ही निर्भर होते जा रही है।

सरकार के लिए तेल रूपी दुधारू गाय अगर जीएसटी के दायरे में आ जाती है तो फिर परिणाम देखिए। जीएसटी में 28 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे ऊँचा स्लैब है, मान लीजिए अगर पेट्रोल-डीजल को उसी स्लैब में रखें तो राज्य और केंद्र सरकार को मिलाकर 72% का सीधा नुकसान होगा।

केन्द्र सरकार के आय के अनेकों साधन हैं लेकिन राज्यों के पास आय के साधन सीमित है। शराब और पेट्रोलियम उत्पाद पर टैक्स दो सबसे बड़ा जरिया है । ऐसे में पेट्रोल-डीजल पर सरकार जो भी फैसला ले, उसमें राज्यऔर केंद्र दोनों के हितों का ख़्याल रखना जरूरी होगा। साथ ही ये भी तय करना होगा कि आम जनता की जेब भी ज्यादा ढीली न हो।

**ऐसे में जो विकल्प सामने आते हैं**

पहला तरीका इस कमाई की भरपाई करने के लिए 28 फीसदी जीएसटी के अलावा सरचार्ज भी लगा दिया जाए।जैसे लग्जरी कारों पर केंद्र सरकार ने किया है।

दूसरा तरीका ये हो सकता है कि केंद्र सरकार पहले बड़े मात्रा सेस लगावे फिर पूरे पर जीएसटी लगाए। और जीएसटी नॉन रिफंडेबल हो। उससे होने वाली आमदनी को केंद्र और राज्य सरकार बाँट ले। समस्या यह है कि इसके लिए दोनों सरकारों को इस फॉमूर्ले पर तैयार होना होगा जो कि राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी कठिन लगता है ।

**अगर तैयार भी हो भी गए तो**

इसमें सिर्फ आंकड़ों की हेराफेरी ही हो पायेगी निष्कर्ष कुछ नहीं निकलेगा। या जनता की जेब ढीली होगी या सरकार को राजस्व नुकसान उठाना पड़ेगा। जीएसटी को कम करके ऐसे चार कदम है जिससे सरकार को काफी लाभ हो सकता है और घाटा पूरा हो सकता है

1.सरकार को लोकलुभावन फैसलों पर कड़े और अनुशासित कदम उठाने पड़ेंगे। जिससे लोगों में काम करने की इच्छा भी बढ़ेगी।

मैन पावर की कमी पूरे देश में कहीं भी नहीं है। लेकिन मुफ्त के अनाज ने देश के बहुत बड़े आबादी को निकम्मा बना दिया है, यहां तक देखा गया है कि मोटर साइकिल, कार वाले लोगों को और अनाज उत्पन्न करने वाले किसानो को भी यह लाभ मिल रहा है जो कि बिल्कुल गलत है । अगर इस पर थोड़ा सटीक ध्यान डाल दिया जाए तो 36000 करोड तक की बचत हो सकती है।

2.अगर मनरेगा को सरकारी टेंडर से जोड़ दिया जाए और ठेकेदार बाध्य हो कि मनरेगा से जुड़े कम से कम 50% लोगों को रोजगार देने के लिए । प्राइवेट सेक्टर से भी मनरेगा जोड़ दिया जाए तथा मनरेगा का दायरा निकटवर्ती शहर तक बढ़ा दिया जाए तो इससे मनरेगा में हो रहे सरकारी घाटे की आपूर्ति हो जाएगी। साथ में प्राइवेट बिल्डर्स, सड़क निर्माण, रेल एवं पुल निर्माण, जिसमें हमेशा मैनपावर की कमी रहती है उन्हें बड़े पैमाने पर मैन पावर उपलब्ध हो जाएगा । सरकार जो बेरोजगारी भत्ता मनरेगा में दे रही है उसमे अपने आप भारी कमी होगी । वर्ष 2020-21 के बजट में ?61000 करोड इस निमित्त दिया गया उसमे अगले वित्त वर्ष में लगभग लगभग 50000 करोड़ की बचत यहां हो सकती है।

3. नवंबर तक जो प्रधानमंत्री ने मुफ्त अनाज की घोषणा की है उसमें देश में 200000 करोड़ का खर्च हो रहा है अगले वित्त वर्ष में यह सीधा बच जाएगा।

4. सबसे महत्वपूर्ण सरकारी योजना अगर तय समय सीमा पर पूरा हो जाए और बजट समय बाध्यता के साथ खर्च हो तो सुखद परिणाम सामने आएगा ही। जिसका जीता जागता उदाहरण बिहार पूल कॉरपोरेशन है। ऐसा ही अनुशासित प्रयोग करके केंद्र तथा राज्य सरकारों का लाखों करोड़ों रुपया बच सकता है। जनता को सस्ता पेट्रोल और डीजल भी मिल जाएगा तथा थोक और खुदरा महंगाई वृद्धि दर में भी कहीं ना कहीं कमी अवश्य दिखेगी। 2024 लोकसभा चुनाव में अगर पेट्रोलियम पदार्थ को जीएसटी में लाने का साहस भाजपा दिखाये तो चुनाव का रंग अलग होगा।(लेखक रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)

## खास बात

# लंबी आयु का राज

**प्रशांत कुमार झा**

एक ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्यसी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है। बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं।

यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# दुनिया एक परिवार

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**महर्षि** वसिष्ठ ने विश्वामित्र से कहा दुष्टों एवं असुरों सहित राक्षसराज रावण के संहार करने एवं ऋषि-महर्षि तथा आम जन के उद्धार के लिये विद्यालोक से अयोध्या में रामावतार होने वाला है। उनकी पराशक्ति सीता जनकपुर में अवतरित होने वाली है। आप वापस सिद्धाश्रम (आज का बक्सर शहर) लौट जाइये। ज्योंही जनकपुर में सीता विवाह का नियत समय आयेगा आप किसी बहाने अयोध्या जाकर श्री राम को लेते आइयेगा और राम एवं सीता का विवाह करा दिजिएगा। ब्रम्हर्षि सिद्धाश्रम लौट आये और राम-सीता विवार के नियम समय का प्रतीक्षा किये। इस बीच की अवधि में विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की रचना की। गायत्री मंत्र भक्ति का मंत्र है। भू यानी भू लोक में अर्जित की हुई सारी संपति रिश्ते नाते इत्यादि, भुव : यानी मन, बुद्धि एवं चित, स्वः यानी अहंकार जब तत् सविता यानी सद्गुरु को समर्पित कर दिया जाए तो इन्द्रियां देवतुल्य हो जाती है। जिस प्रकार प्रकृति के देवता परमात्मा के लिये कार्य करते हैं उसी प्रकार मन बुद्धि तथाअतः करण परा का हो जाता है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इसका सारांश यह है कि साधन के माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाए तो नहीं होगा। विश्वमित्र जी इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। चाहे नारदजी हो, उद्धव जी हो या चण्डकौशिक मुनि हो जिन्होंने सोचा कि साधन के द्वारा ज्ञान हो जाए उन्हें नहीं हुआ। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा तो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,  
और शोहरत की कमाई क्या है,  
इस बुलंदी पे आ के जाना है,  
अच्छा होने में बुराई क्या है..!  
**– कुमार विश्वास, कवि**

## आपके ट्वीट

अभी तो शुरूआत है। बीडीओ, कृषि पदाधिकारियों, आयुष चिकित्सकों, नर्सों, सहायक अभियंताओं, पशु चिकित्सकों, शिक्षकों समेत 8 हजार से अधिक युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया है।  
**– हेमंत सोरेन, सीएम**





डबल इंजन की सरकार बेटियों के मान-सम्मान व उनकी सुरक्षा हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।इसी श्रृंखला में जनपद गोरखपुर में 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुआ। **–योगी आदित्यनाथ**

# नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

**सुशील कुमार 'नवीन'**

## व्यंग्य

मॉर्निंग वॉक में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले- आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले-मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

## कार्टून वर्ल्ड

**विवाद में पिसते बच्चें**



## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, कांके रांची**

## सीसीसी पर चर्चा

**भारत** का संविधान तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान भी समान नागरिक संहिता का मुद्दा खासी चर्चा में रहा था। इस लोकतांत्रिक देश में कालांतर में समान नागरिक संहिता लागू करने को मूर्त रूप देने का अवसर आएगा। लेकिन भारतीय समाज की जटिलता और तत्कालीन संवेदनशील स्थिति के चलते इस पर निर्णायक फैसला नहीं हो सका था।

**–ममता सिन्हा, हजारीबाग**

# मुंतशिर के बहाने याद आए वीर बंदा बैरागी !

**–डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

## चर्चा में

**इस** समय राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे कई विषयों में से एक फिल्म 'आदिपुरुष' की चर्चा भी है । चर्चा के केंद्र में फिल्म से अधिक इसके संवाद लिखने वाले मनोज मुंतशिर हैं, जिनकी रचनाएं पिछले दिनों राष्ट्रीय चेतना जागरण के संदर्भ में देश भर में चारो ओर सुनाई देती रही हैं। अभी भी देश में अनगिनत लोग ऐसे मिल जाएंगे जिनके मोबाइल की रिंगटोन मनोज मुंतशिर के लिखे किसी गाने के मुखड़े से शुरू होती है।

यहां बात फिल्म 'आदिपुरुष' में लिखे संवाद पर विवाद की हो या बजरंगबली को उनके द्वारा प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त कहे जाने पर, जो भी हो। फिलहाल सर्वत्र उनसे जुड़ा विवाद इतना गहराया हुआ है कि कल तक उनके जो समर्थक रहे, आज वह उनसे नाराज हैं। उनके लिए जो नहीं कहा जाना चाहिए, वह तक कहा जा रहा है। कुछ हद तक यह स्वभाविक भी लगता है। क्योंकि जिस जनता ने इन्हें नाम और पहचान दी, वही आज उनसे नाराज होने का हक भी रखती है। क्योंकि जिससे उम्मीद ना हो यदि वह ऐसा कुछ कर गुजरे जो उसे नहीं करना था तो स्वभाविक परिणाम ऐसे ही आते हैं। देखा जाए तो मनोज मुंतशिर इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं । उनकी कही हर बात के समानार्थी दूसरे अर्थ भी निकाले जा रहे हैं । हर कोई जहां देखो वहां, उन्हें कटघरे में खड़ा करता हुआ नजर आ रहा है । किंतु इस सबके बावजूद कहना होगा कि थोड़ा ठहरिए! समग्रता से विचार करिए हम जो मनोज मुंतशिर को लेकर सोच रहे हैं, उसमें कितनी सच्चाई है? हो सकता है वे तथाकथित सेक्युलरिज्म के शिकार हो गए हों । मुंबई जैसे बड़े महानगर में यह भी हो सकता है कि सिनेमा जगत से जुड़े उनके किसी साथी ने उन्हें नया करने के लिए कहा हो और वह इस फिल्म के अनेक संवादों में कुछ ऐसे संवाद प्रयोगात्मक रूप से लिख गए, जो अब उनकी आलोचना का कारण बने हुए हैं। किंतु क्या उनकी इस एक गलती के कारण से पूर्व में किए गए उनके सभी श्रेष्ठ कार्यों को नजरअंदाज करना ठीक होगा?वस्तुतः मनोज मुंतशिर के साथ अभी जो घट रहा है उसको लेकर वीर बंदा बैरागी का समय याद आ गया। इतिहास में जो उनके साथ घटा दूसरे अर्थों में ऐसा ही कुछ इस लेखक के साथ हो रहा है । बंदा बैरागी एक ऐसा नाम जिसने उत्तर भारत के क्षेत्र में अपने समय के उस मिथक को तोड़ दिया था कि आतंक के प्रतीक मुगलों पर कभी भी विजय प्राप्त नहीं की जा सकती । बंदा बैरागी ने तत्कालीन समय में हिन्दू एवं सिखों को साथ लेकर एक ऐसी सेना का गठन किया, जिन्होंने न केवल खालसा पंथ की नींव को मजबूत किया बल्कि मुगल सेना को भी सशक्त योजना से जीता था।

आज का पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल समेत पाकिस्तान में जा चुका बहुत बड़ा क्षेत्र इस बात का गवाह है कि बंदा बैरागी अजय योद्धा में रूप में मुगलों के सामने खड़े थे, जिन्हें झुकाना और हराना मुगलों के लिए संभव नहीं हो रहा था। इनका पराक्रम इतना अधिक रहा कि साहबजादों की शहादत का बदला इन्होंने लिया।

अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध एवं सत्य के लिए सदैव डटकर खड़े रहनेवाले एक वीर योद्धा के रूप में उनका इतिहास में महत्व कितना अधिक है, यह गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, वीर सावरकर तथा मैथिलीशरण गुप्त द्वारा उन पर लिखी कविताओं से लगाया जा सकता है। वस्तुतः वीर बंदा बैरागी पर इन तीनों ने ही अद्भुत काव्य लेखन किया है ।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरूवार को कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, आवास, पेयजल,प्रदूषण, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## भाजपा का सम्मान समारोह आयोजित

**कुजू।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के सफल शासनकाल को लेकर क्षेत्र में महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी एवं मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। इस बीच नेताद्वय ने सेवटा शिव मंदिर व सांडी मनमोहन नगर में सेवानिवृत्त शिक्षक, पूर्व सैनिक समेत कई समाजसेवियों को अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इससे पूर्व नेताद्वय का स्वागत कार्यकताओं ने नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर गर्मजोशी नारे के बीच किया गया। मौके पर प्रवीण मेहता, राजू चतुवेर्दी, खिरोधर प्रसाद साहू, छोटन सिंह, उमेश प्रसाद साहू, संजय शाह, रवि साहू, नरोत्तम सिंह, विजय गिरी, हरि महतो, रंजीत प्रसाद साहू, सुनील प्रसाद साहू, तोकेश सिंह, वकील महतो, मुकेश ठाकुर, विनोद कुशवाहा, भीमसेन चौहान, गौतम राम, कमलेश बेदिया, गणेश प्रसाद, मुकेश शाह, आशीष कुमार साहू, डिंपल प्रजापति, राजेश करमाली, प्रेम महतो सहित दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने किया घर धवस्त

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी एक सप्ताह से डेरा जमाये हुए हैं। प्रत्येक दिन किसी न किसी गांव में किसी गांव में घुस जाते हैं और किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीती रात को भी बामन सगातु गांव में हाथियों का घुस गए और किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया। बताया गया कि उक्त गांव निवासी एतवा बेदिया के एल्बेस्टर सीट के मकान को ध्वस्त कर दिया। साथ ही उसके खेत में लगे फसल को भी बर्बाद कर दिया। इसके अलावा उसी गांव के बंधू बेदिया, अमृत बेदिया, मोहन बेदिया, मेसरा बेदिया सहित दर्जनों किसानों के खेत में लगे शकरकंद, मकई, लौकी सहित अन्य फसलों को खाते हुए रौंदकर बर्बाद कर दिया। किसानों ने वन क्षेत्र पदाधिकारी से क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग की है।

## चितरपुर -रजरप्पा फोरलेन का निर्माण शुरू

**रामगढ़।** चितरपुर–रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के संबंध में उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कुछ एक विवादों के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस फोर्स एवं मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़ राजीव रंजन द्वारा शेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु निर्माण कार्य शुरू कराया गया।



नोट : कृपया खबर को लगा दें

## सीसीएल कर्मी से तीन लाख छीना!

**कुजू।** कुजू चौक एसबीआई बैंक से पैसे की निकासी कर बाइक से जा रहे सीसीएल कर्मी से दिन दहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने रुपए से भरे बैग छिनकर फरार हो गये। इसके बाद भुक्तभोगी द्वारा इसकी जानकारी कुजू पुलिस को दिया। जानकारी के अनुसार तापिन कोलियरी में कार्यरत छतीसगढ़ निवासी सोखिलाल पिता शिवचरण सतनामी अपने दोस्त चरही साइडिंग में कार्यरत जितुवा तुरी व उसका भतीजा अरुण कुमार के साथ एसबीआई कुजू शाखा से करीब तीन लाख बीस हजार रुपया की निकासी कर पल्सर बाइक से सरना स्थल होते हुए तापिन की ओर जाने लगे। जैसे ही सरना स्थल के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे प्लसर बाइक पर सवार दो युवक झपट्टा मारकर बैग को छिनकर आरा कांटा की ओर फरार हो गया। भुक्तभोगी का दावा 3 लाख 20 हजार रुपए की छिनतई। सोखीलाल ने बताया कि घर में हुई शादी में हुए खर्च को देने के लिए एसबीआई कुजू शाखा से 3 लाख 20 हजार रुपए की निकासी किया। पैसे को बैग में लेकर अपने दो जानकारों के साथ तापिन लौट रहे थे। इसी बीच मुरपा स्थल के पास बाइक सवार अपराधकर्मियों ने घटना का अंजाम दिया।

## पीवीयूएन में मना योग दिवस

**भुरकुंडा/पतरातू।** पीवीयूएन पतरातू में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न आसनों का योगाभ्यास करते नियमित रूप से योग करने का सामुहिक संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग है, जो 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के लिए हमारी सामूहिक आकांक्षा को प्रभावी ढंग से दर्शाता है। उसी का निरीक्षण करने के लिए पीवीयूएन के अधिकारी और स्वर्णरेखा महिला समिति दो सप्ताह के योग शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिए।

## तंदुरूस्ती के लिए रोज करें योग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय तथा विभावि के निर्देशानुसार बुधवार को 9वां अतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योगासन, प्रणायाम, योग संकल्प एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.अर्जुन कुमार मिश्र एवं डॉ. विशेश्वर रविदास ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि योग भारत भूमि की प्राचीनतम विद्या में से एक है। जिसका वर्णन कई ग्रंथों में मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने कहा कि योग का हमारे जीवन में बहुत महव है। इसे नियमित रूप से करने से जीवन का सर्वांगीण विकास होता है।

# बरही चौक पर अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर

### एनएचएआइ और पुलिस ने चलाया संयुक्त रूप से चलाया अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रत्येक बार की तरह पुनः प्रशासनिक स्तर से बरही चौक के आसपास अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। पुलिस एवं एनएचएआई ने संयुक्त रूप से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान में चलाया, जिसमे अतिक्रमणकारियो द्वारा दुकान स्वेच्छा से नहीं हटाने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा कई दुकानों को जेसीबी मशीन से हटाया गया। इस बीच कई अतिक्रमणकारियो एवं पुलिस प्रशासन के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई। अतिक्रमणकारियों का कहना था कि बरही के चारों रोड में अतिक्रमण किया गया है।

बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि पिछले दो माह से माइकिंग कर अतिक्रमण कारियो को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कहा जा रहा है। इस बीच एक दो बार अतिक्रमण अभियान भी चलाया गया, लेकिन दोबारा अतिक्रमण कर लिया गया। जिसके कारण गुरुवार को पुनः अतिक्रमण अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को अपना कार्य करने में कोई भी बाधा पहुंचाने का कार्य करता है तो उनके खिलाफ पुलिस प्रशासन को कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराया जाएगा। देखना है कि इस बार भी अतिक्रमण कार्यक्रम सफल होता है या नही।मौके पर बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार, अंचल राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक, एनएचआई के मुकेश कुमार, सारिका किंदू, रामकी कांस्ट्रेक्शन से सतीश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नर्सिंग होम में महिला मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

### पुलिस ने सड़क जाम हटाकर, दर्ज किया मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** न्यू झारखंड नर्सिंग होम में बुधवार को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने काफी बवाल काटा। बुधवार को केरेडारी निवासी चरकू तुरी की पुत्री आरती कुमारी को पेट में दर्द होने के बाद न्यू झारखंड नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने झारखंड नर्सिंग होम के संचालक पर लापरवाही समेत अन्य कई गंभीर आरोप लगाए थे।

न्यू झारखण्ड नर्सिंग होम के संचालक ने मरीज के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप पर अपनी सफाई देते हुए कहा कि मरीज के परिजनों ने जो भी आरोप लगाए है वो गलत है। इस सम्बन्ध में उनके पास मरीज के परिजन के हस्ताक्षर किये गए आवेदन भी है जो उन्होंने मरीज को भर्ती कराने से पहले से पहले जमा करवाए थे। मरीज की हालत नाजुक थी। हमलोगों ने मरीज को रिम्स ले जाने की सलाह दी थी, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति वैसी नहीं थी की वे मरीज को हमारे नर्सिंग होम से कही ले जा सकते। जबकि हमलोगों ने मानवता के नाते एम्बुलेंस मुहैया करा देने की भी बात की लेकिन वो नहीं माने। अब इसमें हमलोगों की कहां गलती है। इधर परिजन हंगामा कर रहे हैं । तकरीबन 2 घंटे तक इस मामले में परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया गया। जिसके बाद सदर थाना पुलिस, बड़ा बाजार थाना पुलिस और लोहसिंघना पुलिस के सहयोग से जाम को हटाया गया और मामला दर्ज किया गया।

## योग प्रशिक्षक कंचन दास को एसडीपीओ किया सम्मानित



भुरकुंडा। 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतरातू एसडीपीओ डॉ.बिरेंद्र कुमार चौधरी ने योग प्रशिक्षक कंचन दास ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर एसडीपीओ डॉ.बिरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि कोयलांचल भुरकुंडा ही नहीं पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षक कंचन दास ने सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को निःशुल्क योग, कराटे, खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रशिक्षण देकर अपनी एक अलग पहचान बनाए हैं। इनके द्वारा प्रशिक्षित बालक-बालिकाएं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## केंद्र के विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं : अमरेश

भदानीनगर (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को पीएम मोदी के 9 वर्षों के विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पटेलनगर पंचायत में बूथ के सभी अध्यक्षगण शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जानकारी डोर टू डोर जाकर दी गई। अमरेश सिंह ने कहा कि पीएम मोदी सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हैं। भाजपा में सभी को एक समान मान सम्मान दिया जाता है, यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन लोग भाजपा से जुड़कर समाज और देश हित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को पीएम मोदी के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा की आने वाले दिनों में भाजपा विकास के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# स्कूल रुआर पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। स्कूल रुआर बैक टू स्कूल अभियान 2023-24 के तहत उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यशाला हुआ। उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक, विधायक प्रतिनिधि मांडू विधानसभा क्षेत्र नीरज झा सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोनिदीपा बैनर्जी के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूल रुआर 23-24 के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। उपायुक्त ने कहा कि स्कूल 2023-24 बैक टू स्कूल अभियान का उद्देश्य वैसे बच्चे जिन्होंने किसी कारणवश नामांकन के उपरांत स्कूल जाना छोड़ दिया है अथवा विद्यालय में नामांकन ही नहीं कराया, ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार माता पिता आर्थिक अथवा अन्य कारणों से बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं। स्कूल नहीं जाने से बच्चों को शिक्षा की ही हानि नही होती हैं बल्कि वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह जाते हैं। उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी । उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों अन्य विभागों के अधिकारियों शिक्षकों सहित अन्य से बैक टू स्कूल अभियान में अपने महत्वपूर्ण योगदान की गंभीरता को समझते हुए कार्य करने की अपील की।

# झरपो से उच्चाभेड़ा तक पीसीसी पथ बनकर तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** बहुचर्चित सड़क जो झरपो से पेटो नदी तक बनना है इसका शिलान्यास सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा किया गया था। उस पीसीसी पथ का कार्य झरपो से उच्चाभेड़ा तक पूर्ण हो गया, लेकिन आज तक सड़क के दोनों किनारे में मोरम जो भरना था नही भरा जा रहा है जिसके कारण आये दिन काफी दुर्घटना होते हुवे आये दिन भी संभावना बनी रहने की आशंका जताया जा रहा है। स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबूप्रसाद सोनी उपप्रमुख रवि कु. वर्नवाल उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा सहित ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

▶▶ नहीं भरा गया साइड का पाइलिंथ, दुर्घटना की आशंका

### क्या कहते हैं मुखिया और उपप्रमुख और उपमुखिया

उन्होंने कहा कि समयानुसार सड़क के दोनों किनारों में मोरम नही भरा गया गया है जो की गलत है। जिसके कारण कभी भी बड़ा दुर्घटना हो सकता है । मैने सड़क का मुंशी को अनिल सिंह को बोले है कि पीसीसी पथ बनकर तैयार हो गया है जल्दी उसके दोनो किनारे भर दीजिए दुर्घटना होने पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उपप्रमुख रवि कुमार वर्नवाल ने कहा कि सड़क बनाने के बाद दोनो किनारे नही भरा जा रहा है जो की गलत है यह झरपो का मैनरोड का पथ है एक दो दिन में नही दोनो किनारों में मोरम नही डाला गया तो अधिकारी से बात करेंगे । वही उपमुखिया राजा ने कहा की दोनो तरफ फाइलिंथ नही भरे जाने के कारण आवागमन में बहुत ही परेशानियां हो रही है दोनो तरफ कई दुकानें है गाड़ी खड़ा करने में परेशानियां होती है कुछ ग्रामीण तो अपने से ही मोरम डाल रहे है । ग्रामीणों में किशोरी ठाकुर , रामलखन पांडेय सुधीर पंडा, शंकर पंडा , सुरेश मिश्रा , दिलीप कुमार ,प्रदीप कुमार , प्रकाश प्रसाद , कांति देवी ललिता देवी समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे ।

## आनंद साईं दरबार का स्थापना दिवस 24 से

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 13वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह 24 जून से आरंभ हो रहा है। समारोह को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से बताया गया की प्रथम दिन शाम को 4:00 बजे मंदिर परिसर से साईं बाबा की पालकी यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे। पालकी यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न होगी। 25 जून को मंदिर में विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। जबकि 26 जून को 12:30 बजे से मंदिर परिसर में अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# वज्रपात से बर्बाद हो गया तापेश्वर का परिवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** सदर थाना क्षेत्र के सिलवार जगरनाथ धाम परिसर में रथ मेले के दिन हुई वज्रपात में पुजारी के बेटे सहित कुल दो युवकों की मौत हो गई थी। इस घटना में दूसरा युवक रोला निवासी अरुण कुमार (उम्र 15 वर्ष) पिता तापेश्वर साव की भी दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मौत से उसके परिवार पर बिजली बनकर ही गिरी।

▶▶ सबसे छोटा एकलौते बेटे अरुण की गई जान, शव को घर मे रखकर हुई बहन की शादी, उसके बाद हुआ दाह संस्कार

मृत युवक पांच बहनों के बाद एकलौता लड़का था जिसकी मौत के बाद इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस घर में पांच में से तीन बेटियों का विवाह पूर्व में हो चुका है जबकि चौथी लड़की का विवाह 23 जून को होना था। इस घर के मासूम लड़के की मौत के बाद पूरा परिवार सहम गया उसे समझ मे नही आ रहा था कि क्या करे या ना करे।

ऐसे बुरे वक्त में परिजनों ने बिटिया की शादी के बाद दाह संस्कार करने का सुझाव दिया जिसके बाद भुरकुंडा रामगढ़ निवासी लड़के के परिजनों को वस्तुस्थिति की जानकारी दी गई। आपसी सहमति के बाद 21 जून की सुबह केसुरा मंदिर में लड़की का विवाह कर दिया गया। लड़की की विदाई सुबह सात बजे तक सम्पन्न हुई और लड़की को विदा कर दिया गया। लड़की की विदाई के बाद मृत लड़के का दाह संस्कार रोला शमशान घाट में कर दिया गया।

विवाह और दाह संस्कार का दृश्य जिस किसी ने भी देखा उसका कलेजा फट गया। लड़के की मां , पिता, बहनों सहित अन्य रिस्तेदारो और आसपास के लोगों का रो रो कर बहुत बुरा हाल था। पड़ोसी औए रिश्तेदार किसी तरह सांत्वना देकर चुप कराने का प्रयास कर रहे थे पर उनका यह प्रयास सफल नही हो पा रहा था। मृत युवक के पिता की माली हालत बहुत ही खराब है वह रोज साईकिल से कोर्रा जाकर मजदूरी का काम ढूंढते और करते थे। वह मजदूरी करके किसी तरह अपने परिजनों का पालन पोषण कर रहे थे पर इस तरह हुआ हादसा ने सभी को हिला कर रख दिया है।इस दुख की घड़ी में परिजनों ने सरकार से आर्थिक सहायता की उम्मीद लगा रखी है जिससे उनकी परेशानी थोड़ी बहुत कम हो सके।

एक नजर में

## सहायक अभियंता को सांसद प्रतिनिधि ने सौंपा ज्ञापन, कहा- विद्युत आपूर्ति ठीक करें



**बरही।** बरही अनुमंडलीय क्षेत्र में बिजली आपूर्ति खस्ताहाल हाल में है।स्थानीय निवासियों का आक्रोश बढ़ती गर्मी में आसमान छू रहा है।परंतु विभाग कुम्भकर्ण की नींद में मस्त है।विगत कुछ दिनों से प्रखंड के खोडाहार पंचायत के कुंडवा, दौरवा, चारमाईल व अन्य गावों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त समस्या के समाधान हेतु सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि लगातार बिजाली आपूर्ति बाधित होने से लोगों में काफी आक्रोश है। कहा कि बिजली विभाग और सरकार की लापरवाही से आज जनता परेशान हो रही है, मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है, यह प्रदेश के लिए दुर्भाग्य है। इस बाबत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि बिजली विभाग यदि अपने रैवैया में सुधार नही करती है तो हमलोग आंदोलन करेंगे एवं बिजली विभाग को उसकी गलती का एहसास दिलाएंगे। मौके पर भंडारों मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, समाजसेवी रामचंद्र यादव, अनिल यादव, गुलेन्द्र यादव, इंद्रदेव यादव, पप्पू यादव, दयानंद यादव, संदीप कुमार, सतीश कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा में चंदन भारती सफल

**बड़कागांव।** चंदन कुमार भारती पिता मोहन भुइयां ग्राम साकूल उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांकुल पतरातू से नवोदय विद्यालय क्लास 6 में प्रवेश नामांकन हेतु परीक्षा में सफलता प्राप्त किया।चंदन कुमार भारती अपने मामा संजय राम बड़कागांव में रह कर अपना पढ़ाई कर रहा था , सफलता हासिल करने पर माता रीना देवी पिता मोहन भुईया,प्रमुख फुलवा देवी,मामा संजय भईया ,प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां ,महावी राम, रणधीर राम ,पूर्णिमा कुमारी ,आशा देवी लोगों ने बधाई दिया और उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## खतरे को बुलावा दे रहा बिजली का तार

**कटकमसांडी ।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कंचनपुर के पानी टंकी के पास 11हजार बिजली का तार का पोल टुटने के कारण राहगीरों के साथ कभी भी दुर्घटना घट सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई काम नहीं किया जाता है।

## एनटीपीसी ने एचआइवी मरीजों के लिए सौंपा चेक

हजारीबाग । एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जिला प्रशासन हजारीबाग को 3 लाख रुपए का चेक भेंट किया। जिले में एचआईवी पीड़ित मरीजों के इलाज एवं दवाइयों की व्यवस्था के लिए एनटीपीसी ने उपायुक्त नैंसी सहाय को यह धनराशि मुहैया करवाई है। अन्य क्षेत्रों में अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए एनटीपीसी एचआईवी पीड़ित मरीजों के उत्थान के लिए भी प्रतिबद्ध है और इसी वजह से परियोजना के द्वारा कुल 6 लाख की धनराशि दिया जाएगा। इस मौके पर चट्टी बरियातू, केरेडारी कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख अनिमेष जैन एवं श्री फैज तैयब के अलावा श्री पंकज ध्यानी, महाप्रबंधक (एलए आरएनआर एवं श्री शिव प्रसाद महाप्रबंधक बादाम मौजूद रहे।

## एनटीपीसी कोल खनन में लगा योग शिविर

**बड़कागांव।** हजारीबाग कोयला खनन परियोजनाओं में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। 9वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू, केरंडारी एवं बादाम कोयला खनन परियोजना के सैकड़ों अधिकारी एवं उनके परिजनों ने योग शिविर में भाग लिया। परियोजना की ओर से अधिकारियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए दो जगहों पर योग शिविर का आयोजन किया गया था जिनमें सीकरी साइट ऑफिस स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस रीक्रिएशन सेंटर और हजारीबाग के मौलाना अबुल कलाम आजाद इंदौर स्टेडियम है। लंगातू स्थित राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के कैंप में भी योगाभ्यास किया। इन तीनों योग शिविर में प्रशिक्षित योगा ट्रेनर के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास मुख्य रूप से दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए करवाई गई जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू, केरंडारी के परियोजना प्रमुख क्रमशः श्री नीरज जलोटा, श्री अनिमेष जैन, श्री फैज सैयद एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने मनाया योग दिवस

**बड़कागांव।** अदाणी फॉउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को हरली स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में योग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल में फॉउंडेशन द्वारा संचालित विज्ञान विषयों की विशेष कक्षा के बच्चे भी मौजूद थे। योग दिवस पर बच्चों को सामूहिक रूप से व्यायाम, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करवाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने योग कराने से पहले उसकी महत्ता बताई। साथ ही उन्हें बताया गया कि नियमित रूप से योग करने से किस तरह रोगों से छुटकारा मिल सकता है और शरीर स्वस्थ बना रहता है। इसके अलावा बच्चों को यह भी जानकारी दी गयी कि आज पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है और भारत की विद्या को पूरे विश्व ने स्वीकार किया है। इसलिए सभी देशवासियों को इस पर गर्व होना चाहिए।

## मृतक के परिवार को दिया बीमा का चेक

**चरही।**गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक चरही शाखा के द्वारा मृतक स्व. महाबीर मांझी के पत्नी सुरजी देवी को बैंक के द्वारा किया गया जीवन बीमा के तहत पांच लाख रुपया का चेक बहेरा मुखिया देवकी महतो , शिवलाल महतो व शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार के द्वारा दिया गया। मौके पर एसबीआई लाइफ के हजारीबाग शाखा प्रबंधक व शाखा के कर्मचारी गीता राय,अंकुर सुमन,कुमारी सुशाना सिंह,दिनेश शर्मा व पारसनाथ महतो मौजूद थे। शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार ने सभी ग्राहकों से कहा कि अपने जरूरतों के अनुसार कोई न कोई बीमा लेना चाहिए। ताकि बीमित परिवार को समय पर उनके नही रहने पर बड़ा सहयोग मिल सके।मुखिया देवकी महतो व शिवलाल महतो ने भी ग्राहकों को बीमा से मिलने वाली लाभों के बारे में जानकारी दिया।

## वाजपेई का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**विष्णुगढ़।** गिरिडीह मे जेपी नड्डा के कार्यक्रम मे शिरकत करने जा रहे झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई का विष्णुगढ़ सात माइल मोड़ मे भाजपाईयों ने भव्य स्वागत किया । इसके पूर्व प्रदेश प्रभारी द्वारा झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी नेता स्व टेकलाल महतो के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया । स्वागत सम्मान समारोह मे प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे। जनसंपर्क अभियान प्रभारी सत्येंद्र सिंह एवं हजारीबाग सदर विधायक मनीष जैसवाल का भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया । कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई को शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे पीएम मोदी के 9 साल के के विकास कार्यों की चर्चा की गई । 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा के पक्ष में बहुमत का आग्रह किया । इस मौके पर मुख्य रूप से पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पूर्व मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि डोमन गुप्ता,उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बाइक सवार दो लोग गिरकर घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र ब्लाक के समीप बाइक सवार बसुआ बरहा टोली के शशि कुमार (32) व उसका छोटा भाई कुंदन (22) गिरकर घायल हो गये। शशि का बायां हाथ टूट गया है जबकि कुंदन को हल्की चोट आयी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में शशि को भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### तेली समाज की बैठक 25 जून को

**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला की बैठक 25 जून को तेली छात्रावास (समाज के कार्यालय) गुमला में होगी। बैठक में सामाजिक समस्याओं एवं अन्यान्य मुद्दों और प्रखंड में सामाजिक कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। समाज के सभी बुद्धिजीवी, समाजसेवी, जिला कार्यकारिणी, महिला जिला कार्यकारिणी, नगर महिला इकाई, जिला युवा इकाई, तेली क्रांतिकारी युवा दल एवं प्रखंड के पद धारकों को ससमय भाग लेने की अपील की गयी। यह जानकारी समाज के जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर साहू ने दी है।

### चैनपुर बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा

**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें टाना भगतो को विभिन योजनाओं से अच्छादित करने पर चर्चा तथा विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में 15वें वित्त, मनरेगा, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, जल समस्या समेत कई योजनाओं की समीक्षा पंचायतवार की गयी। समीक्षा बैठक में बीडीओ ने सभी पंचायत के मुखिया से कहा कि खराब पड़े जलमीनार तथा चापाकल को जल्द ठीक करायें तथा लोगों को पीने योग्य पानी मुहैया करायें। बीडीओ ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करें।

### जिला स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला 2023 का हुआ आयोजन



**गुमला।** जिला स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला 2023 गुरुवार को कृषि विभाग ने नगर भवन गुमला में किया। जिसमें कृषि विभाग से जुड़ी जानकारी साझा की गयी। साथ ही अंतराष्ट्रीय मिलेट्स 2023 के मद्देनजर मोटे अनाज के महत्ता के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि कृषि विभाग की टीम के बेहतरीन कार्य के कारण पिछले वर्ष रागी की खेती में जिले को सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी इस प्रयास को जारी रखते हुए किसानों की खेती के शैली में बदलाव लाते हुए उन्हें मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रेरित करें। जहां धान की बिक्री 21 रुपए प्रति किलो से होती है। वहीं रागी की न्यूनतम मूल्य लगभग 38 रुपए तक प्रति किलो से अधिक में हो सकती है।

### भंडरा बीडीओ ने मतदान केंद्र और विकास योजनाओं का किया निरीक्षण




**भंडरा।** बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने भौरों पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 91, 92, 94, एवं 95 का निरीक्षण कर केंद्र में आवश्यक सुविधाओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश पंचायत सेवक एव जेई को दिया। जिसमें शौचालय की साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था एवं रैंप की व्यवस्था आवश्यक बताया। भौरों पंचायत के भ्रमण के क्रम में मनरेगा योजना के द्वारा संचालित योजना मुमताज अंसारी एवं हेमा देवी का सिंचाई कूप का निरीक्षण किया गया। मौके पर जेई रेहान अंसारी, रऊफ अंसारी, राधेश्याम यादव उपस्थित थे।

### प्रांतीय खो-खो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर को मिला दूसरा स्थान



**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड के 34 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया की टीम ने प्रांत स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिला का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में थी। इस टीम में भैया 12 और एक आचार्य की सहभागिता हुई। फाइनल मैच लोहरदगा और गुमला के बीच हुआ। इसमें लोहरदगा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर प्रधानाचार्य बिपिन दास, खेल आचार्य जोधन सिंह, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारियों, विभाग प्रमुख एवं सभी आचार्य बंधु भगिनी ने विशेष बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के राम नगर सेन्हा में पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो निवासी जगदीश उरांव के 22 वर्षीय पुत्र अमित उरांव के रूप में किया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के निर्देश पर एएसआई विरेंद्र बाखला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पहुंच घटना का जायजा लिये। इलाज के पश्चात चिकित्सकों ने घायल युवक को घर भेज दिया।

### अवैध बालू के साथ ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान कंडरा स्थित दक्षणी कोयल नदी से अवैध बालू खनन कर परिवहन करते हुए ट्रैक्टर को थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से पकड़ कर थाना लाया गया। विदित हो कि एनजीटी लागू होने के उपरांत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना प्रभारी लगातार अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में कार्रवाई कर रहे हैं। उसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी गस्ती में निकले थे। तभी बिना नंबर का एक ट्रैक्टर अवैध बालू लाद कर कंडरा कोयल नदी से परिवहन करते जा रहा था। तभी चालक की नजर पुलिस पर पड़ी।

# राज्य की संपदा लूट रही राज्य सरकार : देवशरण भगत

- आजसू पार्टी का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया, लोगों ने पार्टी का दामन थामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस गुरुवार को पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में संकल्प दिवस के रूप में गुमला जिला आजसू पार्टी ने मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने की। स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता सह संस्थापक सदस्य डॉ देवशरण भगत व छात्र संघ के जिला प्रभारी ज्योत्सना केरकेट्टा, खुंटी जिला के प्रभारी लाड़ले खान शामिल हुए।

मुख्य अतिथि डॉ देवशरण भगत ने कहा अलग राज्य की मांग को लेकर आजसू के नौजवान अनवरत संघर्ष करते रहें। अलग राज्य की लड़ाई की मांग को लेकर आजसू पार्टी दिल्ली तक आवाज पहुंचाया। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार बनती है तो झारखंड राज्य की परिकल्पना पूरी हुई। लेकिन झारखंड की सत्ता पर वैसे लोगों का शासन स्थापित है जो सही मायने में झारखंड राज्य की स्थापना चाहते ही नहीं थे। यूपीए गठबंधन के शीर्ष नेताओं के पार्टी के मुखिया ने कहा था कि झारखंड मेरी लाश की बुनियाद पर बनेगी। आज जिस तरह से स्थानीय नीति नियोजन नीति को लेकर वर्तमान सरकार यहां के नौजवानों बेरोजगारों शिक्षित बेरोजगारों को ठगने का काम कर रही है। यहां की युवक- युवतियों, महिलाओं व किसानों को ठगने का




स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते देवशरण भगत व अन्य।

काम कर रही है। लोकलुभावन चुनावी घोषणा पत्र के नाम पर सत्तासीन होने के तीन वर्ष पूर्व हो जाने के बाद भी अपनी घोषणाओं को सरकार धरातल पर नहीं उतार सकी। फलस्वरूप वर्तमान नौजवानों ने पुनः संघर्ष का बीड़ा उठाया है और जगह-जगह पर धरना प्रदर्शन और लाठी खाने का काम अनवरत चल रहा है। झारखंड के सत्ता पर काबिज जल जंगल जमीन की बात करने वाले हेमंत सोरेन की पार्टी अब खुद हेमंत सोरेन झारखंड की खनिज संपदा को लूटने स्वयं दोहन करने का काम कर रहे हैं। फलस्वरूप उनके करीबी वरिष्ठ नेता आज जेल में नजर आ रहे हैं।

## सुदेश के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है आजसू

जांच की आंच सत्ता को हिला कर रख दी है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में आजसू पार्टी निरंतर आगे बढ़ते जा रही है। मध्यावधि चुनाव में एनडीए गठबंधन ने रामगढ़ विधानसभा का चुनाव लड़ने का मौका दिया। जिसमें शत-प्रतिशत चुनाव आजसू ने जीता। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया सुनील कुल्लू ने अपने सहयोगी धर्मवीर लाल और खेल प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह के साथ केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत के समक्ष पुनः पार्टी की सदस्यता ली। गुमला नगर के अध्यक्ष प्रियस राव के नेतृत्व में राहुल प्रसाद, निरंजन साह, प्रणय कुमार के साथ 50 नौजवानों ने आजसू की सदस्यता ली। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष आमिर रबानी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा का विस्तार हुआ। जिसमें शाहरुख खान को जिला सचिव, समीम खान उपाध्यक्ष, साहिल प्रवीण उपाध्यक्ष, सह सचिव राहिला खातून, कोषाध्यक्ष आरिफ खान को बनाया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, प्रधान सचिव आनंद गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव, सचिव वीरेंद्र राम महली, युवा अध्यक्ष उत्तम कुमार, एसटी मोर्चा के अजय मोती भगत, किसान मोर्चा के मेघनाथ साहू, जिला सचिव गोलू श्रीवास्तव, महिला मोर्चा के बिना देवी, किरण सिंह, अधिवक्ता संघ के सादिक अंसारी, पिछड़ी जाति के दीपक साहू, अल्पसंख्यक के आमिर खान, छात्र संघ के पंकज साहू, रिशु वैभव, सानू कुमार आदि उपस्थित थे।

# जोश ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट लूटने वाले दो धराये, जेल

- गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से .315 बोर के दो बंदूक, पांच जिंदा गोली, एक खोखा, 1200 रुपये, दो मोबाइल व दो बाइक बरामद
- कामडारा थाना में प्रेस कान्फ्रेंस कर एसडीपीओ व इंस्पेक्टर ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र के जोश ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट में हथियार के बल पर लूटपाट करने व दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुमला थाना क्षेत्र



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी।

के कुटासी टोंगरी टोली निवासी भरत गोप (19) व पालकोट थाना क्षेत्र के साही चट्टान टोली निवासी रंजीत भगत उर्फ रंजीत उरांव उर्फ सूर्या मिंज (23) शामिल है। उनके पास से पुलिस ने .315 बोर के दो बंदूक, पांच जिंदा गोली, एक खोखा, लूटे गये 12 सौ रुपये, दो मोबाइल व दो बाइक बरामद किया है। गुरुवार को कामडारा थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी व इंस्पेक्टर एसएन मंडल ने बताया कि 20 जून को रात्रि करीब ढाई बजे जोश ढाबा व फैमिली रेस्टोरेंट में छो अपराध कर्मी हथियार के साथ घूसे और होटल मालिक से मारपीट कर हथियार के बल पर ढाबे में लूटपाट की थी।

- एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। जिसने गुप्त सूचना के आधार पर कामडारा थाना क्षेत्र के मुर्गा जंगल से दो युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने नाम भरत गोप व रंजीत उरांव बताया। तलाशी में उनके पास से हथियार व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। छापामारी में एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल, थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार, पुअनि हेमराज कुमार, हवलदार धर्मेंद्र कुमार, आरक्षी विजय टेटे व आरक्षी मोहित कुमार मंडा व दिलेश्वर मुंडा भी थे।

### अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने गये खिलाड़ी

# हरी झंडी दिखाकर लोहरदगा उपायुक्त ने खिलाड़ियों को किया थाइलैंड रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** थाइलैंड में 25 से 27 जून तक आयोजित होनेवाले अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप-2023 में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिला के चयनित 07 कराटे खिलाड़ियों को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त ने इस मौके पर सभी खिलाड़ियों व कोच से मुलाकात की और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्द्धा में चयनित होने की बधाई देने के साथ-साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की।

थाइलैंड जानेवाले खिलाड़ियों में लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की चार छात्राएं




कुमकुम कुमारी, अनामिका उरांव, रोशनी उरांव, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की मरियम प्रवीण, कैरो प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा सुनेहा कुमारी, जूही कुमारी एवं अंजलि तिर्की और कोच अमित कुमार सिंह शामिल हैं। जिले के सात बेटियां थाईलैंड के बैंकॉक में होने वाले अंतराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के साथ साथ भारत का प्रतिनिधित्व करते दिखेंगे। बता दें कि पिछले दिनों देहरादून में आयोजित हुई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए मरियम परवीन, कुमकुम कुमारी, सुनेहा कुमारी, जूही कुमारी, रोशनी उरांव, अंजली कुमारी और अनामिका उरांव ने स्वर्ण पदक जीता था।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

- 36 हजार जुर्माना भी लगाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्पेशल पॉक्सो न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी के न्यायालय मे पॉक्सो 20/2021, एएचटीयू 3/2021 के अभियुक्त रिजवान अंसारी पिता जमाल अंसारी (34) ग्राम टपकारा थाना टपकारा, जिला खूंटी को धारा स्पेशल पॉक्सो 6 एक्ट मे आजीवन कारावास के साथ 25000/ रुपए जुर्माना, धारा 363 भादवि में सात साल और 1000/ एवम 370/5 में 20 वर्ष 10, 000 रुपये का जुर्माना की सजा सुनायी गयी। मामला 17 मार्च 2021 को पीड़िता के मां ने लोहरदगा थाना में एक लिखित आवेदन देकर गुहार लगायी थी कि मेरी नाबालिग लड़की और उसकी सहेली 28 फरवरी 2021 से लापता है। अपने स्तर से काफी खोज बिन भी कर रही थी, इसी बीच इस वाद के अभियुक्त नसीफ खान से भी सम्पर्क कि जिसे वह संतोष जनक जवाब नही दिया, उधर पुलिस के दबाव पड़ने लगा, और करीब 20/21 दिन बाद दिल्ली से दोनों नाबालिक लडकी अपने घर वापस आई, जिसे पुलिस के द्वारा न्यायालय मे धारा 164 सीआर पीसी के तहत कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया गया।

# भविष्य में जिले में कई योजनाओं के लिए पड़ेगी जमीन की जरूरत: डीसी

- तेलगांव, सिलम, करौंदी की गैरमजरूआ जमीन का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने गुरुवार को जिला मुख्यालय के आस पास अवस्थित गैरमजरूआ जमीन का आकलन करने हेतु स्थल पर पहुंचे। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने तेलगांव, सिलम, करौंदी आदि के निकट प्रथम दृष्टया उपलब्ध सरकारी भूमि का आकलन किया जो कि लगभग 60 एकड़ भूमि है। उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में जिले में कई योजनाओं और भवनों के लिए जमीन की आवश्यकता पड़ेगी। इस क्रम में जल्द ही सोलर पार्क बनाने का भी एक प्रस्ताव है। जिसके लिए सरकारी उपलब्ध जमीन की उपयुक्तता का आकलन किया जा रहा



है। उन्होंने बताया कि भविष्य में यूनिवर्सिटी, अस्पताल, आयुष अस्पताल आदि बनाने के प्रस्ताव पारित हुए हैं। जमीन की उपयुक्तता के आकलन के बाद विभिन्न योजनाओं पर कार्य शुरू होगा। इस दौरान एसडीओ रवि जैन, अंचल अधिकारी केके मुंडू व अन्य पदाधिकारी थे।

### मयूरी चैताली कॉलेज में इंटर में नामांकन जारी

**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड द्वारा संचालित मयूरी चैताली कॉलेज गुमला लक्ष्मणनगर में इंटर एडमिशन की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय में संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह जानकारी कॉलेज के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने दी। श्री गुप्ता ने शैक्षणिक सत्र 2023-25 के लिए इंटर साइंस, कॉमर्स ,आर्ट्स तथा बीएड के साथ ही बीए, बीएससी पर नामांकन कराने की अपील की है।

### तेज रफ्तार बाईक की चपेट में आने से एक घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के पालकोट रोड सरना छात्रावास के सामने रोड क्रास करने के दौरान तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से राजनगर के बिरबल उरांव (53) घायल हो गये। जिसे परिजनों ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार बिरबल उरांव गैस सिलेंडर लेकर रोड क्रास कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाईक सवार उसे धक्का मारते हुए फरार हो गया। इस दुर्घटना में बिरबल को चेहरे सहित अन्य हिस्से में चोट लगी है।

### लाभुकों के बीच पीपीओ का किया गया वितरण



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के जुरमू पंचायत भवन में गुरुवार को जनता दरबार लगा। जिसमें पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष ने अपनी समस्याएं गिनायी। जिसमें जुरमू मुखिया इग्नासियुस मिंज, उप मुखिया एमा कुजूर एवं ग्रामसेवक शोभनाथ साहू उपस्थित थे। मुखिया ने लोगों से कहा कि समस्याएं लिखित रूप से रखी गई है जहां तक संभव हो उसके निदान का प्रयास होगा। जनता दरबार में वृद्धा एवं विधवा पेंशनधारियों को पीपीओ नंबर का प्रमाण पत्र दिया गया। जिससे पेंशन लेने में सुविधा हो सके। मौके पर सुमन बेंग, अलेन पंकज टोप्पो, शांता सुबीरा टोप्पो, विमला लकड़ा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### पीएमईजीपी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) 2023-24 की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उद्योग महाप्रबंधक, लोहरदगा द्वारा जानकारी दी गयी कि लोहरदगा जिला को इस वित्तीय वर्ष में कुल लक्ष्य 186 लाभुकों को लाभान्वित करना है। विभिन्न बैंक शाखा में ऑनलाईन अग्रसारित किये गये आवेदन पत्रों की संख्या 75 है। बैंकों द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गए लाभुकों की संख्या 15 है। बैंकों द्वारा वापस किये आवेदन पत्रों की संख्या 11 है और बैंक शाखाओं में लंबित आवेदन पत्रों की संख्या 50 है।

## 20 सूत्री की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति कैरो की बैठक 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पिछले बैठक की समीक्षा उपरांत विभागवार योजनाओं की जानकारी ली गयी एवं कार्य में लापरवाही व बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विभागों की अधिकारियों को अध्यक्ष अनीश अहमद एवं सदस्यों ने फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही। अध्यक्ष ने ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मियों को राज्य की संवेदनशील गठबंधन सरकार की महत्वकांक्षी और जनकल्याणकारी विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय धरातल पर उतारने को कहा।

### वज्रपात की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**गुमला।** तेज आंधी व बारिश के बीच अचानक हुए वज्रपात की चपेट में आने से गुरूवार को गुमला थाना क्षेत्र के पुग्गु घासी टोली निवासी बसंत बाड़ा के 8 वर्षीय पुत्री प्रीति कुमारी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आंधी व बारिश के बीच घर से कुछ दूर पर बच्ची आम चुनने गई थी। इसी दौरान हुए वज्रपात की चपेट में वह आ गई। जिसे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं परिजन तत्काल बच्ची को लेकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कांग्रेस को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने को बूथ कमेटी को करें सशक्त : चैतु उरांव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बाड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सांगठनिक मुद्दों पर विचार विमर्श कर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, महासचिव रघुनंदन प्रसाद, जिला सचिव हंदु भगत, अल्बर्ट तिग्गा, तरूण गोप शामिल हुए। बैठक की शुरुआत संगठन के पथ प्रदर्शक महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सामूहिक राष्ट्रगान के बादचैतु उरांव ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मसात करना होगा। तभी हम संगठन के हित में चिंतन कर सकते हैं और यही चिंतन के कारण ही आज कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी आगे बढ़े और सशक्त हो इसके लिए बूथ अध्यक्ष महत्वपूर्ण अंग हैं।

# ब्रह्माकुमारी संस्था में मन, कर्म और वचन में पवित्रता का अनुभव: संजय

- ब्रह्माकुमारी विवि में मना मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का पुण्य स्मृति दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के घाटो बगीचा स्थित शिव दर्शन भवन में संस्थान की अग्रदूत रही मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी की 58 वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गुमला नगर पालिका के पदाधिकारी संजय कुमार, पतंजलि योग समिति से रुपेश सोनी, बहन प्रियंका कुमारी, बहन बंटी, पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुमित अग्रवाल और संस्थान



कार्यक्रम में शामिल नप पदाधिकारी, शांति बहन व अन्य।

की सैकड़ों भाई बहनें शामिल हुई। सभी ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के छाया चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके जीवन की विशेषताएं स्वयं में धारण करने के लिए संकल्प लिया। मौके पर गुमला नगर पालिका के पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मैं यहां आकर खुद को सौभाग्यशाली अनुभव कर रहा हूं। आज मातेश्वरी जगदंबा के पुण्य स्मृति दिवस पर मुझे प्रेरणा महसूस हो रही है। निश्चित ही जो यहां नियमित रूप से आते हैं। वह अपने मन, वचन, कर्म में पवित्रता का अनुभव करते होंगे और मेरी भी हार्दिक इच्छा होती है कि मैं अक्सर यहां आता रहूं। वैसे हमरो बाल्यकाल से युवा काल तक नियमित रूप से संस्थान में आना जाना होता था। इससे मुझे सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता था और आज भी वह मुझे प्रेरित करते हैं।

- अमृता बहन ने मातेश्वरी जगदंबा की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत की। गुमला सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी शांति दीदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैसे तो भारत के आध्यात्मिक जगत में नारियों का स्थान लगभग शून्य था। पुरुष प्रधान आध्यात्मिक जगत में नारी को माया का पर्याय तक कहा गया है। समाज में नारियों को सामान्य सामाजिक अधिकारों से वंचित रखा गया था।

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। जिसमें बीते वर्ष बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि हुई। सर्वप्रथम ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) को हस्तांतरित वैसी योजनाएं जो वर्षों से बंद पड़ी हैं, उन्हें ग्राम सभा की प्रत्याशा में वीडब्ल्यूएससी से रखरखाव संबंधित शपथ-पत्र लेने के बाद मरम्मत हेतु राशि स्वीकृत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। प्रखंडों से प्राप्त योजनाओं के प्रस्ताव पर ग्राम सभा की प्रत्याशा में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। पेशरार मुख्यालय स्थित उमवि में छात्रावास का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। सांसद/ विधायक से प्राप्त योजनाओं, शिक्षा, कल्याण, स्वास्थ्य की प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्णय लिये गये।



शासी परिषद की बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य।

**ये भी थे उपस्थित :** बैठक में जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, वन प्रमंडल पदाधिकारी, डीडीसी समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकारी, मेसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मेसर्स बाक्साईट माइंस, प्रखंड प्रमुख पेशरार सीता देवी, किस्को प्रमुख सुचित्र भगत, सेन्हा प्रमुख फुलझरी देवी, रोरद की मुखिया सिलवंती उरांव, तुईमू की मुखिया कमला देवी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# राजद नेता पर जमीन विवाद लेकर कई लोगों को पिटने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ राजद नेता सह जमीन कारोबारी सुरेश राम द्वारा दर्जनों गुर्गों को लेकर मुरपा मोड़ स्थित एक विवादित भूमि पर हमला कर दिया और एक ही परिवार के एक दर्जन से ज्यादा लोगों को तलवार लोहे का रॉड हॉकी स्टिक से जमकर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। यहां तक की महिलाओं को भी नहीं बख्शा। इस घटना में दयानंद पांडे, पंचानन्द पांडे, ओमकार पांडे, सच्चिदानंद पांडे सभी पिता क्रिस नंदन पांडे, सत्येंद्र पांडे, अरविंद पांडे, रुपेश पांडे, सभी पिता ब्रह्मदेव पांडे, नीलम पांडे पति सत्येंद्र पांडे, सुषमा पांडे, रुपेश पांडे, नीतू पांडे पति दीपक पांडे, काजल देवी पति सच्चिदानंद पांडे घायल हो गया। घटना के बाद सभी पीड़ित परिवार खून से लथपथ मुरपा मोड़ एनएच 22 सड़क को जाम कर दिया एवं अपना इलाज कराने से भी मना कर दिया। पीड़ित परिवार ने मांग करते हुवे कहा कि दोषियों को त्वरित गिरफ्तारी हो व घटनास्थल पर एसपी व डीसी को बुलाया जाए। बालूमाथ पुलिस प्रशासन राजद नेता को समर्थन कर रहे हैं। सत्येंद्र पांडे ने बताया कि हम लोगों का बिना बंटवारा किए हुए मेरे चाचा गलत तरीके से जमीन की बिक्री कर दी थी और सुरेश राम जो जमीन का माफिया है। इस जमीन को खरीद कर जबरन बाउंड्री मारा था। हम लोगों द्वारा 2 दिन से पुलिस प्रशासन के सभी पदाधिकारियों के पास जाकर अपना फरियाद सुनाया। लेकिन किसी ने नहीं सुनी। इसी बीच सुरेश राम अपने 30- 40 गुर्गों के साथ पहुंचकर लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार द्वारा सुबह 11:00 बजे से समाचार लिखे जाने शाम छह बजे तक सड़क जाम किए हुए था। सड़क जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर जाम की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, दल बल के साथ पहुंचकर लोगों को जाम खुलवाने का प्रयास किया एवं इलाज के लिए अस्पताल भेजना चाहा। लेकिन पीड़ित परिवार द्वारा यह कहा गया कि हम लोग किसी भी कीमत पर ना ईलाज कराएंगे ना ही सड़क जाम को हटाएंगे। काफी मशक्कत के बाद बालूमाथ डॉक्टर का टीम बुलाकर जामस्थल पर ही पहुंच कर लोगों का ईलाज कराया। लगभग 3 घंटे घायल खून से लथपथ लोगों की स्थिति बिगड़ने लगी तब जाकर स्थानीय लोगों के प्रयास से घायलों का ईलाज अस्पताल भेज कर कराया गया। जहां चिकित्सक द्वारा ओमकार पांडे, सच्चिदानंद पांडे, अरविंद पांडे, पंचानन पांडे, नीलम पांडे, दयानंद पांडे, रितेश पांडे की स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। सत्येंद्र पांडे ने बताया कि उपरोक्त सभी मारपीट की घटना सुरेश राम व दामाद के द्वारा साजिश की गई और उन्हीं के द्वारा पूरे जमीन को विवादित कर एक साजिश के तहत हम लोगों की जमीन हड़पने के लिए यह जानलेवा हमला कराया गया। वहीं सुरेश राम से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं हो पाया।



सड़क जाम करते पीड़ित।



पीड़ित सड़क जाम कर बैठे हुए।



सड़क जाम में मौजूद लोग।

## पूर्व पार्षद ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की निंदा की

**बालूमाथ।** पूर्व पार्षद भाजपा नेता प्रवीण सिंह ने घटना की सूचना पाकर बालूमाथ जाम स्थल पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिला। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है। उन्होंने कहा कि लातेहार एसडीएम एवं बालूमाथ सीओ आफताब आलम के द्वारा रची गई एक साजिश का परिणाम है। सुरेश राम द्वारा बेखौफ होकर इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। इधर आजसू पार्टी के जिला सचिव बीरेन्द्र ठाकुर, जिला उपाध्याक्ष श्रवन पासवान, प्रखंड अध्यक्ष ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अगर 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो आजसू पार्टी के बैनर तले जन आंदोलन किया जाएगा।

## हाथी का तांडव, तीन घर चट कर गया अनाज

**महुआडांड़।** पीटीआर के महुआडांड़ वन प्रक्षेत्र में एक बार फिर से हाथी का तांडव देखने को मिला। जहां बुधवार की रात्रि प्रखंड के तंबोली निवासी हेनरी करकेट्टा, चंपा निवासी मनसन नगेशिया व तिसिया देवी के घर को ध्वस्त कर घर में रखे 2 क्विंटल धान व काफी मात्रा में मकई को खा गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही महुआडांड़ रेंज के वनपाल अजय टोप्पो अपने विभाग की टीम के साथ जाकर रातजगा करते हुए हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने में सफल रहे। साथ ही विभाग द्वारा घटना का जायेजा लेकर कागजी प्रक्रिया के उपरांत उचित मुआवजा देने की बात कही गयी। वहीं ग्रामीणों से अपील है कि जंगल की ओर अनावश्यक न घूमें। ज्ञात हो कि प्रखंड में हमेशा से ही हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया जाता रहा है।

# जमीन विवाद का निपटारा करने पहुंची पुलिस की टीम पर हमला, थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** गुरुवार को बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत लेदगाई ग्राम में जमीन विवाद का निपटारा करने अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में विवादित स्थल पर पहुंची अंचल और पुलिस प्रशासन की टीम पर हमला कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लेदगाई ग्राम में आरडी पब्लिक स्कूल के नाम से प्राइवेट विद्यालय संचालित किया जा रहा है, जो पारा शिक्षक तुलसी यादव और उनके पुत्रों का हैं। जिस भूमि पर इस विद्यालय की नींव रखी गई है। दरअसल वह विवादित भूमि है, आवेदकों के अपील के बाद बीते माह पूर्व जिला प्रशासन द्वारा भूमि पर चल रहे चहारदीवारी के निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिए स्कूल मालिक को नोटिस किया गया था। बावजूद इसके चहारदीवारी के निर्माण कार्य के साथ-साथ भवन निर्माण कार्य भी धड़ल्ले से किया जा रहा था। जिसकी सूचना आवेदकों द्वारा बार-बार स्थानीय अंचल और पुलिस प्रशासन को दी जा रही थी। वहीं गुरुवार को अंचाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी के संयुक्त नेतुत्व में एक टीम स्थल का जायजा लेने पहुंची। जहां स्कूल संचालकों द्वारा पुलिस प्रशासन की टीम पर हमला कर दिया गया। जिसमें थाना प्रभारी समेत लगभग आधे दर्जन पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट आई। जिसके बाद पुलिस ने हमलावर स्कूल संचालकों को गिरफ्तार कर लिया और थाना के आई। वहीं घायल पुलिसकर्मियों का इलाज बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। उधर मिली जानकारी के अनुसार आरडी पब्लिक स्कूल गैर मान्यता प्राप्त हैं। जिसका यू डाइस नंबर भी नहीं है। शिक्षा विभाग की टीम ने पिछले महीने विद्यालय की जांच की थी।



जमीन विवाद में घायल पुलिसकर्मी।

## एक नजर में

### जनता दल यूनाईटेड का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन एवं अभिनन्दन समारोह का हुआ आयोजन



**लातेहार।** माको डाक बंगला में गुरूवार को जनता दल यूनाईटेड का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी ने किया, वहीं मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार उपस्थित थे। वहीं सम्मेलन में राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने अपने संबोधन में कहा कि जनता दल यूनाईटेड पुरे झारखंड में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिला में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रही है। इसी संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया है। अभी जो वर्तमान में देश की हालत है। उसमें लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर 23 जुन को बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के द्वारा विपक्षी दलों की बैठक होगी। जिसमें देश की दशा एवं दिशा दोनो तय होगी। मौके पर मो. वहाब अंसारी, नन्द उरांव, राम लगन सिंह, मनोज ठाकुर, ध्रुप नारायण प्रजापति, दिलबर सिंह, करीम अंसारी, राजेंद्र सिंह, इसराफिल अली, खुर्शीद अंसारी, गंगाराम समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चोरी का स्क्रैप लोड पिकअप जब्त, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने चंदवा के अभिजीत प्लांट से हो रहे स्क्रैप व लोहा चोरी पर रोकथाम लगाने को लेकर विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत अभिजीत प्लांट चहारदीवारी के समीप से संदिग्ध अवस्था में एक पिकअप को पकड़ा, जिसमे लगभग 5 क्विंटल स्क्रैप लोड था, हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही स्क्रैप चोर वाहन छोड़कर भाग निकले, जिसके बाद चंदवा पुलिस पकड़े गए वाहन को विधिवत जब्त कर थाना ले आयी। इस संबंध में चंदवा थाना में कांड संख्या 133/23 में भी विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर चोरों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान तेज कर दिया है। बताया जाता है कि बरामद लोहे को अभिजीत प्लांट से चोरी कर पिकअप में लोड कर कबाड़ी दुकान लाया जा रहा था।

### ऑटो खड़ा करने को लेकर हुआ विवाद



मामला शांत कराती पुलिस।

**चंदवा।** चंदवा शहर के सुभाष चौक के समीप सड़क किनारे ऑटो खड़ा करने व सवारी बैठाने को लेकर आये दिन विवाद व झड़प के मामले सामने आ रहे हैं। ऑटो चालकों के बीच स्थिति मारा मारी तक पहुंच जा रही है। गुरुवार की सुबह में सड़क किनारे ऑटो खड़ा लेकर विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ गया कि इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी गयी व बीच-बचाव में पुलिस को आना पड़ा। सूचना के बाद चंदवा थाना के एएसआई अरविंद सिंह दल बल के जवानों के साथ वहां पहुंचे व समझा बुझा कर मामला शांत कराया। इस दौरान प्रशासन ने ऑटो चालकों को सड़क पर इधर-उधर ऑटो नहीं खड़ा करने की सख्त हिदायत दी कहा कि जिस ऑटो का नम्बर आएगा वहीं ऑटो स्टैंड में आएगा बाकी वेटिंग में रहेंगे।

### वज्रपात से एक बालक हुआ घायल व दो पशु की मौत

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा निवासी दिलीप यादव के पुत्र कार्तिक कुमार (12)वर्षीय बज्रापात की चपेट मे आने से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक कार्तिक घर के बगल मे आम चुनने के लिए गया था। उसी दौरान बारिश के साथ तेज आंधी तूफान मे अचानक बज्रापात हो गया। बज्रापात की चपेट मे आने से घायल हो गया। घायल कार्तिक उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा के कक्षा 6 के छात्र बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक घायल को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इधर बेसरा ग्राम स्थित नावाटोला मे बज्रपात से एक गाय व बैल की मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक लालजी उरांव, रिमी ने बताया की तेज आंधी बारिश से बचने के लिए घर के बगल महुआ पेंड़ के पास गाय बच रही थी। वहीं दशरथ यादव पिता जनेसर यादव का भी बैल बच रहा था की अचानक बज्रपात हो गई जिससे दोनों पशुपालको की पशुओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों पशुओं के मौत से लगभग 40 हजार की क्षति हुई है। दोनों पशुपालको ने आपदा विभाग से मुआवजे दिलाने की गुहार लगाई है।

## कौशल विभाग झारखंड कौशल मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन



उद्घाटन करते बीडीओ व अन्य।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत सालवे पंचायत सचिवालय भवन में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मंच का संचालन रंजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी, जिला कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, जिप सदस्य रमेश राम, साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम मे बीडीओ सह सीओ-प्रतिमा कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ कौशल होना अतिआवश्यक जरूरी है। आज कहीं भी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रणाम पत्र की जरूरी होती है। मौके पर जेएसडीएमएस प्रोग्राम असिस्टेंट अभिषेक कबूयप ने कहा कि कौशल के बिना जीवन अधुरी है। कौशल प्राप्त कर हम सभी रोजगार प्राप्त कर अपने और अपने परिवार का जीवन विकास करते हैं। वहीं जिला कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में अतिरिक्त योग्यता बहुत जरूरी है झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तरफ से चल रहे विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण एवं महिला पुरुष युवक युवतियों उपस्थित थे।

## माफिया द्वारा बालू का उठाव कर किया जा रहा है अवैध उत्खनन एवं परिवहन

खबर मन्त्र संवाददाता



अवैध उत्खनन कर बालू का ढुलाई करता ट्रैक्टर।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला पंचायत अंतर्गत छेचानी बालू घाट से पलामू के सतबरवा के मार्ग से दिन में ही बालू माफिया के द्वारा बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन बालू घाट से बालू का उठाव होने से अंजान है, एवं मुक दर्शक बनी हुई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के रोक के बावजूद प्रखंड मुख्यालय के नदी घाट से बुधवार को दिन के उजाले में कई ट्रैक्टर से अवैध बालु का परिवहन जारी रहा, ये अवैध बालू का खनन और चोरी का खेल पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती है। छेचानी घाट की नदी लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड एवं पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड से जुड़ती है, ऐसे में दोनों प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही होती है, कि सरकार के आदेश का पालन करवाएं एवं अवैध रूप से उत्खनन पर रोक लगाई जा सके, लेकिन दोनो प्रखंड के प्रशासन की निगरानी के बावजूद भी बालू माफिया का हौसला इतना बुलंद है की दिन के उजाले में उत्खनन करने में बाज नहीं आ रहे हैं।

### डीएमओ आनंद कुमार ने क्या कहा

इस संबंध में लातेहार एवं पलामू डीएमओ आनंद कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अवैध उत्खनन सतबरवा थाना क्षेत्र में हो रही है ,तो निश्चित तौर पर विशेष अभियान चलाकर उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ऐसे सभी थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अपने थाना क्षेत्र में गस्ती अभियान तेज करते हुए अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगायें।

## बच्चों को विद्यालय जाने के लिए करें प्रेरित: अश्विनी मिश्रा

- चंदवा में संकुल स्तरीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम घोषित, छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



मौजूद शिक्षक व छात्र।

**चंदवा।** प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र चंदवा में संकुल स्तरीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चंदवा के प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने कहा कि चंदवा प्रखंड में संकुल साधन सेवी विकास कुमार के द्वारा इस तरह की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि शेष सभी संकुल को भी इस तरह का आयोजन कर परीक्षा परिणाम घोषित करने की जरूरत है, जिससे बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि बनी रहे। जिला कार्यक्रम समन्वयक संजीत कुमार ने कहा कि आज के समय में बच्चों में प्रतियोगात्मक सोच विकसित करने की जरूरत है। बच्चे अपने पढ़ाई के प्रति सकारात्मक सोच के साथ जुड़े, इसके लिए सीआरसी स्तर पर किया गया कार्य संतोषजनक है। सहायक कार्यक्रम प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर सभी विद्यालय के प्रभारी शिक्षकों को बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित करने पर बल देना चाहिए। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रसाद यादव ने कहा कि संकुल संसाधन केंद्र चंदवा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम को अन्य संकुल में भी ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। बच्चों में निरंतर बौद्धिक एवं मानसिक विकास हो इसके सभी सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। परीक्षा परिणाम जारी करते हुए संकुल साधन सेवी विकास कुमार ने कहा कि संकुल संसाधन केंद्र के अंदर 19 विद्यालयों के कक्षा 1 से लेकर कक्षा 7 तक सकुल 3186 बच्चे से कितने बच्चे 2639 बच्चों का परिणाम जारी किया गया। संकुल स्तर पर कक्षा 1 मे खीस्त राजा मध्य विद्यालय की छात्रा सुष्मिता कुमारी कक्षा 2 में मवि चंदवा की छात्रा पूनम कुमारी, कक्षा 3 में, मवि का छात्र प्रेमजीत उराव, कक्षा चार में मवि चंदवा का निखिल प्रसाद साहू, कक्षा 5 में प्रावि पतरा टोली का छात्र आकाश कुमार, कक्षा 6 में उमवि अलोदिया की छात्रा स्मृति श्रेया एवं कक्षा 7 में खीस्त राजा मध्य विद्यालय चंदवा का अनुज कुमार को प्रथम स्थान मिला। सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संकुल साधन सेवी धनंजय कुमार, कनीय अभियंता कृष्णा कुमार,मध्य विद्यालय चंदवा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका राधिका कुमारी, रुकमणी कुमारी, इम्तियाज आलम, विनोद कुमार राय, आश्रिता मींज,सुनीता देवी,विजय लक्ष्मी, बिना भगत समेत कई शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## हाथियों का कहर जारी, दो आसियाना को उजाड़े

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनों प्रतिदिन हाथियों का उत्पात जारी है। साल्वे पंचायत के रेंची ग्राम स्थित ढिठोरिया आमटोला में बिते रात हाथियों की झुंड ने बरतु गंझु पिता नान्हु गंझु की इट एलवेस्टर घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर मे रखे समाग्री को नष्ट कर दिया। भुक्तभोगी बरतु गंझु ने जानकारी देते हुए बताया कि घर में रखे 6 क्विंटल चावल दो बोरा अरहर, दो किलो घी खाकर चट कर दिए। वहीं एक बक्सा चावल के साथ सुरक्षित रखा नगदी बारह हजार रुपए एवं बीस हजार रुपए के जेवरात रखे थे उसे भी वे खा गए। पास के बिजली के तार को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के उत्पात से लगभग दो लाख रुपए की क्षति हुई है। इधर टोंटी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह गांव के बुन्दयाही टोला में दिलीप गंझु पिता रिझु गंझु के घर को भी क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे अनाज को खाकर चट कर दिया। जानकारी देते हुए दिलीप ने बताया की चावल, दाल, खाकर स्वाहा कर दिए साथ ही घर के साईकिल, फर्नीचर सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया जिसमें लगभग एक लाख रुपए का क्षति हुई। हाथियों के झुंड़ को ग्रामीणो ने बड़ी मस्कत से गाँव के थोड़ी दूर हटा पाये। हाथियों द्वारा उत्पात किए जाने की सूचना पाकर जिप सदस्य रमेश राम, वनरक्षी सबमिट आफिसर संतोष मिंज, प्रमुख उर्मिला देवी, पीड़ितों के घर पहुंचकर नुकसान का जानकारी लिया एवं पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य रमेश राम ने कहा कि वन विभाग यदि हाथियों से उत्पात का स्थाई समाधान नहीं निकालती हैं तो बाध्य होकर वन विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों की झुंड को अविलम्ब हटाने की गुहार लगाई है।



हाथियों की झुंड द्वारा क्षति किए गए घर की जानकारी देते।

## बालू उठाव रोकने में टाक्स फोर्स असमर्थ

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट थाना क्षेत्र के दुरूप पंचायत के झीकाम नदी व नेतरहाट पंचायत के करमखाड नदी से रोजाना अवैध बालू का उठाव जारी है। सरकार द्वारा 10 जून से पूरी तरह बालू उठाव बंद करने का आदेश पारित है। इस बावजूद बालू माफिया द्वारा धड़ल्ले बालू उठाव किया जा रहा है। अवैध बालू उठाव की जानकारी प्रशासन को देने पर भी बालू उठाव जारी है। बालू उठाव रोकने में प्रखंड के बनाये गये टाक्स फोर्स असमर्थ है।

# नहीं रुक पा रही है चकला प्लांट से स्क्रैप लोहा की चोरी

## जंगलों से होते गुजरने वाले ग्रामीण रास्ता बना स्क्रैप सप्लाई का सुरक्षित रूट

**चोरी**

- प्रतिदिन चकला प्लांट से हो रही है लाखों रुपए के स्क्रैप की चोरी
- संगठित तरीके से लूटा जा रहा है चकला का अभिजीत प्लांट

राजेश प्रसाद

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट के दिवालिया घोषित होने के बाद बैंकर्स के कर्ज भुगतान को लेकर कई चरणों में स्क्रैप करने का काम जोरो से चल रहा है। प्लांट में स्क्रैप कटिंग शुरू होने के बाद से ही संगठित चोर गिरोह के द्वारा बड़े पैमाने पर प्लांट से बाईक एवं पिकअप, मारूती, टाटा मैजिक समेत अन्य वाहनों से कीमती लोहा व स्क्रैप की चोरी धड़ल्ले से की जा रही है। हो रही इन चोरियों पर विराम नहीं लग पाने के कारण प्रशासन के कार्यशैली पर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि प्लांट प्रबंधन के द्वारा प्लांट की सुरक्षा को लेकर सैप जवान की टुकड़ी को प्लांट की सुरक्षा में लगाया है वहीं स्थानीय प्रशासन के द्वारा भी प्लांट में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पदाधिकारी की तैनाती की है, बावजूद इसके उनके नाक के नीचे से प्रति दिन लाखों रुपए के लोहा व स्क्रैप की चोरी संगठित चोर गिरोह के द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार की देर शाम ग्रामीण सूत्रों ने दैनिक खबर मंत्र के जिला प्रतिनिधि को सूचना दिया कि चकला प्लांट से स्क्रैप की चोरी कर चकला के बरवाटोली जंगल में एक 12 चक्का ट्रक में लोड किया जा रहा है। जिसके बाद इसकी सूचना प्रशासन को दी गई, लेकिन जब तक प्रशासनिक टीम वहां पहुंचती चोर वाहन को लेकर फरार हो चुके थे। हालांकि अभियान के दौरान पुलिस के द्वारा एक पिकअप वैन को प्लांट के चारदीवारी के पास जंगल से पकड़ा गया, जिसमें लगभग 5 क्विंटल लोहा लोड था। जिस पर मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में चंदवा पुलिस की टीम जुटी हुई थी।

### संगठित तरीके से लूटा जा रहा है चकला का अभिजीत प्लांट



चोरी कर स्क्रैप ले जाते हुए।

बता दें कि वर्ष 2012 से ही अभिजीत प्लांट से स्क्रैप व कीमती संयंत्रों की चोरी हो रही है, लेकिन विगत 6 माह से अधिक समय से चकला प्लांट स्क्रैप व लोहा चोरी को लेकर सुर्खियों में रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक ओर स्क्रैप लेने वाली कंपनी, प्लांट प्रबंधन व सफेदपोश मिलकर कॉर्पोरेट लूट को अंजाम दे रहे हैं। अब तक करोड़ों रुपए के कीमती संयंत्रों की हेरा फेरी उनलोगों में द्वारा किया गया है। वहीं दूसरी ओर संगठित चोर गिरोह प्रतिदिन लाखों रुपए के स्क्रैप की चोरी कर मालामाल हो रहे हैं। जबकि विकास के लिए अपना सब कुछ गंवाने वाले विस्थापित रैयत अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

### जंगलों से होते गुजरने वाले ग्रामीण रास्ता बना स्क्रैप सप्लाई का सुरक्षित रूट

सूत्रों ने बताया कि विगत 1 माह पूर्व हो हंगामे के बाद स्क्रैप माफिया अब जंगलों से होकर गुजरने वाले ग्रामीणों मार्ग को स्क्रैप सप्लाई को लेकर लिए सुरक्षित रूट बना लिया है। चकला से महुआमिलान-केकराही-माल्हन होते व चकला से रक्सी-जमीरा-रोल-लोहरसी होते खलारी के लिए प्रतिदिन कई पिकअप व दर्जनों बाइक से स्क्रैप ढोया जा रहा है। ग्रामीण बताते के वाहन को इस तरह से स्क्रैप माफिया चलाते हैं कि अगर कोई व्यक्ति सामने आ जाए तो वाहन को उस पर चढ़ाते हुए ले जाएं। इसके अलावा चकला से चंदवा, लातेहार व बालूमाथ भी स्क्रैप को सुरक्षित पहुंचाया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

### पीपल पेड़ गिरने से आवागमन घंटो बाधित

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना गेट के समीप गुरुवार की दोपहर अचानक थाना परिसर के अंदर लगे पीपल का पेड़ मुख्य सड़क पर गिर गया। जिससे एक बड़ी घटना टली और मुख्य सड़क जाम हो गया। जिससे लगभग एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। जिसके बाद थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा एवं स्थानीय मुखिया कौशर खान ने स्थानीय लोग के सहयोग से सड़क से पेड़ को हटवाया और आवागमन चालू करवाया। मौके पर विकेश कुमार, दिलीप कुमार मंडल सहित कई लोग मौजूद थे

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 77/23 के प्राथमिकी अभियुक्त 29 वर्षीय सोनू कुमार यादव उर्फ भगत पिता छत्रधारी यादव घरबारियाबर डोमचांच निवासी को डोमचांच थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय हो कि सोनू यादव पर अपनी पत्नी सुमित्रा देवी की हत्या का आरोप था। सुमित्रा देवी उर्फ भगिया की मौत को लेकर बीते बुधवार को मृतका के मामा मनोज यादव ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर हत्या का मामला दर्ज कराया। जिसे डोमचांच थाना ने कांड संख्या 77/23 के तहत मामला दर्ज किया था।

### झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का हुआ धनबाद आगमन

**धनबाद।** गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन धनबाद पहुंचे। इस दौरान पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राज्यपाल धनबाद परिसदन पहुँचे। जहां उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी संदीप सिंह व वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा पौधा एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को धनबाद परिसदन परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने बताया कि पांच जिला क्रमशः पाकुड़, साहेबगंज गोड्डा, जामताड़ा एवं धनबाद के सुदूरवर्ती गांव में जनता से संवाद करने हेतु उनकी सड़क मार्ग से यात्रा प्रारंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि बहुत ही अल्पावधि में सड़क मार्ग से 19 जिलों का दौरा अब तक कर चुका हूं। वहां ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी प्रतिक्रियाओं से अवगत हुआ हूं। एक तरफ लोगों ने सरकार द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की सराहना की है। वहीं दूसरी तरफ अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो महिला घायल

**बेरमो।** फुसरो-जैनामोड मुख्य मार्ग के पिछरी पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार कोयला लदा हाईवा के धक्के से बाईक सवार दो महिला घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो पहुंचाया। जहां से एक महिला शीला देवी को बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि श्रीकांत सिंह बोदरो से अपनी बाइक जेएच 10 बीयू 8860 से पत्नी शीला देवी, सास कुंती देवी व बच्चे के साथ ससुराल चंदनकियारी जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही कोयला लदी हाईवा जेएच 02 एएफ 6162 ने धक्का मार दिया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर गया। इससे बाइक में सवार दोनो महिला मुंह के बल गिरकर घायल हो गई। दुर्घटना के बाद भाग रहे हाईवा सहित चालक को स्थानीय लोगो ने पकड़ा और पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चंद्रपुरा।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया चंद्रपुरा प्रखंड के द्वारा, बुधवार को, 2024 में होने वाली लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए। एवं निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम। 1 जनवरी 2024 को आर्हता तिथि मानकर. बेरमो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया।

# बैठक में भाग लेने ममता पहुंची पटना लालू का पैर छूकर लिया आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** 23 जून को बिहार के पटना मे विपक्षी दलों की बैठक होनी है. इसमें शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पटना पहुंच चुकी हैं। एयरपोर्ट पर दीदी का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद ममता बनर्जी, लालू यादव से मिलने पहुंचीं,जहां उन्होंने लालू यादव का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उनके स्वागत के लिए बिहार सरकार में मंत्री संजय झा, लेसी सिंह, प्रोफेसर चंद्रशेखर स्टेट हेंगर पहुंचे थे। ममता बनर्जी पटना एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां से उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सरकारी आवास 5 देशरत्न मार्ग रवाना हो गईं, जहां लालू यादव से उन्होंने मुलाकात की है। पटना में विपक्षी एकता को लेकर मीटिंग रखने का सुझाव ममता बनर्जी ने ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया था. ममता ने उस वक्त कहा था कि जेपी की धरती में विपक्षी एकता को लेकर बैठक हुई तो वे जरूर आएंगी। वादे के अनुसार दीदी बैठक के एक दिन पहले पटना आ चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने लालू यादव की जमकर तारीफ की.₹बिहार की जनता को मैं धन्यवाद देती हूं। लालू, राबड़ी, तेजस्वी के साथ बैठक कर काफी खुश हुई हूं। लालू यादव को काफी परेशान किया गया। उन्हें जेल में रखा गया। लालू यादव को देखकर लगा कि अभी भी वह काफी तगड़े हैं। ममता बनर्जी एयरपोर्ट से सीधे गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुईं। बनर्जी पत्रकारों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने लालू प्रसाद यादव के राजनीतिक करियर की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि आरजेडी प्रमुख लालू यादव जी अभी भी संघर्ष कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के पटना में लगाए गए एक पोस्टर के बाद कहा जाने लगा है कि भले ही विपक्ष की एकजुटता को लेकर यह बैठक आहूत की गई है। लेकिन, इस पर नेताओं और पार्टियों की निजी महत्वाकांक्षा भारी पड़ती दिख रही है।

### स्टोन चिप्स लदे तीन हाईवा जब्त, तीन गिरफ्तार

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र बिना माइनिंग चालान के तीन स्टोन चिप्स लदे हाईवा को पुलिस ने गुरुवार को जप्त किया है। इस मामले में तीनों हाईवा के चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। दरअसल शिकारीपाड़ा के एएसआई मनोज कुमार सिंह गश्ती में थे। उसी दौरान बजरंगबली मोड़ के समीप स्टोन चिप्स लदे तीन हाईवा आते दिखें। इन हाईवा के नम्बर हैं खल04ल - 2551, खल15 अऊ 8375, खल15 अउ - 8375 जब एएसआई ने तीनों चालकों से स्टोन चिप्स के माइनिंग चालान देखने की मांग की तो उन्होंने बताया कि माईनिंग चालान नहीं है। बरामद ट्रकों को शिकारीपाड़ा प्रखंड परिसर में लाकर रखा गया है। इस मामले में अनिल पासवान , शंकर यादव और मंटू यादव जो तीनों जब्त हाईवा के चालक हैं उन्हें गिरफ्तार किया गया है। एएसआई मनोज सिंह के बयान पर मामला दर्ज हुआ है।

**हूल दिवस पर एसकेएमयू में मुख्य अतिथि होंगे श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य**

# तीन दिवसीय हूल दिवस कार्यक्रम को विभिन्न समिति का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** हूल दिवस पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटी का गठन गुरुवार को हुआ।

इस बार एसकेएमयू में तीन दिवसीय हूल कार्यक्रम मनाने की तैयारी की गई हैं। यह कार्यक्रम 26 जून को भोगनाडीह जाने वाले यात्रियों के स्वागत समारोह से शुरू होगा। उसके बाद 28 जून को स्नातकोत्तर विभाग एवं कॉलेज स्तर पर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का कॉलेज प्रशासन विश्वविद्यालय भेजेगी। उसके बाद विभिन्न स्नातकोतर विभाग और कॉलेजों से भेजे गए छात्र-छात्राओं के बीच 29 जून को विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। उसके बाद 30 जून हूल दिवस के मुख्य कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। आयोजन का सफल कार्यान्वयन के लिए विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. संजय सिन्हा ने आयोजक समिति का गठन किया। आयोजन समिति अध्यक्ष एसकेएमयू कुलपति प्रो. डॉ. विमल प्रसाद सिंह होंगे। कमेंटी संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय सिंह को बनाया।

इनके अतिरिक्त कमेटी में कुलानुशासक डॉ. कशीनाथ झा, कुलसचिव डॉ. संजय सिन्हा, सीसीडीसी डॉ. विजय कुमार, वित्त पदाधिकारी राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, विभिन्न संकाय के संकायाध्यक्ष, उपकुलसचिव, रास्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक, बीएड के समन्वयक, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण, क्रीडा पदाधिकारी डॉ. शम्स तबरेज खान, विशेष कार्य पदाधिकारी, समन्वयक वोकेशनल, जनसंपर्क पदाधिकारी, इग्नोसिस मरांडी, राजकुमार झा, अमरेन्द्र प्रसाद, अजय झा,नेतलाल मिर्धा, परमिल कुंदन सदस्य बनाए गये। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन के लिए निम्नलिखित उपसमिति का गठन कुलसचिव ने किया। जिसमे एकल गीत समन्वयक डॉ संजय सिंह, सदस्य डॉ अंजुला मुर्मू, डॉ जयनेन्द्र यादव बनाये गए। एकल नृत्य समन्वयक डॉ संजीव कुमार सिन्हा, सदस्य डॉ पूनम हेम्ब्रम, नेहा कुमारी बनाए गए।

सामूहिक गीत समन्वयक डॉ जय कुमार साहा, सदस्य डॉ निरंजन मंडल एवं स्वेता मरांडी बनाए गए। सामूहिक नृत्य समन्वयक डॉ. अजय कुमार वर्मा, सदस्य डॉ राजेश यादव, दीपक कुमार दास बनाये गये।भाषण प्रतियोगिता समन्वयक डॉ. विनय कुमार सिन्हा, सदस्य डॉ. अजय सिन्हा एवं डॉ. बिनोद मुर्मू बनाए गए। क्विज प्रतियोगिता समन्वयक डॉ निलेश कुमार, सदस्य डॉ राजीव केरकेटा एवं डॉ चम्पावती सोरेन को बनाया गया। रंगोली प्रतियोगिता समन्वयक डॉ निर्मला त्रिपाठी, सदस्य डॉ, स्नेहलता मुर्मू एवं डॉ. आमिर हसन बनाये गए। पेंटिंग प्रतियोगिता समन्वयक डॉ रविन्द्र के एस चौधरी, सदस्य डॉ. सुशील टुडू एवं डॉ. संतोष कुमार सिंह बनाये गए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में होने वाले व्यय की जाँच और उनका अनुमोदन के लिए एक बजट कमेंटी गठित किया गया है। जिसका संयोजक वित्त पदाधिकारी बनाया गया। सभी उप समितियों के समन्वयक और लेखापाल को सदय बनाया गया। इस बावत विभिन्न समितियों की बैठक गुरुवार को कुलपति कांफ्रेंस हॉल में कुलपति पडॉ विमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, सभी समितियों के समन्वयक एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में हूल दिवस के सफल आयोजन पर विस्तार से चर्चा किया गया।

**झारखंड राज्य के लिए कुर्बान हुए शहीद एवं उनकी जीवनी को किया याद**

# आजसू पार्टी का 37वां स्थापना दिवस मना





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के करगली गेट स्थित आजसु पार्टी कार्यालय में आजसू पार्टी का 37वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया. यहां पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने झारखंड के शहीद भगवान बिरसा मुंडा, स्व. बिनोद बिहारी महतो, शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही शहीदों के झारखंड राज्य के लिए कुर्बान हुए शहीद एवं उनकी जीवनी को याद किया गया। अध्यक्षता बेरमो विस प्रभारी काशीनाथ सिंह व संचालन महेंद्र चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डां लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी ने झारखंड आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभायी. शहीदों की बदौलत मिले झारखंड को सत्ता पार्टी भूल गयी है। सिर्फ अपने सुख व सुविधा के लिए राज्य को लूटने का काम कर रही है। जरूरत पड़ी तो सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। 2024 का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठीत होकर केंद्र व राज्य में सरकार बनाने की कार्य करेगी। फुसरो के शाहिद निर्मल महतो चौक पर पूर्व में लगे प्रतिमा के बारे में कहा कि फुसरो चौक में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा लगाने से कोई नहीं रोक सकता।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम 2023 को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से 15 जून से 28 जून तक जिले में चलाए जा रहे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर चर्चा करते हुए डीसी श्री रंजन ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में छिपे हुए कुष्ठ रोगियों की पहचान कर, उनका समुचित इलाज करना है। साथ ही समाज में कुष्ठ के संचरण को रोकने और कुष्ठ रोगियों में होने वाले विकलांगता से बचाना है, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग इस अभियान को गम्भीरता से लेते हुए घर घर जाकर रोगियों की पहचान करें। वहीं डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के दौरान लोगों में कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को भी समाप्त करें, इसके लिए लोगों को जागरूक करें।

# सड़क किनारे मिला नरकंकाल, जांच में जुटी पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के हावड़ा नई दिल्ली मेन लाईन के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे गुरुवार को एक नरकंकाल बरामद हुआ है। फिलहाल घटना की जानकारी के बाद तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची और नरकंकाल को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जहां से नरकंकाल बरामद हुआ है वहां बगल से एनएच 33 गुजरा है, जहां लगातार हजारों वाहनों का आवागमन लगा रहता है। ऐसे में वहां शव कब और किसने लाकर फेंका यह पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। शव 10 से 15 दिन पुराना प्रतीत होता है। जब शव पूरी तरह से बदबू करने लगा तो स्थानीय लोगों की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद लोगों ने नरकंकाल पाए जाने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। इधर मौके पर पहुंचे तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। इधर घटना को लेकर इलाके में कौतूहल मचा हुआ है। पुलिस पूरी शिद्दत के साथ मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है भारत : सांसद बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



लाभार्थी सम्मेलन में सांसद बीडी राम व अन्य

**गढ़वा।** भाजपा की ओर से चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार को शहर के आरकेवीएस संस्थान परिसर में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की अग्रसर है। पीएम मोदी का आत्मनिर्भर अभियान की सहराना देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हो रही है। महाअभियान में प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा ने लाभार्थियों को केंद्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। जबकि 2014 के पूर्व की सरकार में प्रत्येक महीने में कोई न कोई एक नया भ्रष्टाचार का मामला उजागर होता था। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह उदासीन है। गढ़वा शहर में जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है। गढ़वा बाईपास का निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। फिर भी वोट की राजनीति के कारण राज्य सरकार सड़क निर्माण में जानबूझकर रोड़ा अटका रही है। मौके पर मुख्य रूप से सूरज गुप्ता, उमेश कश्यप, गढ़वा शहरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, चंद्रमणि पाठक, रूपू महतो, मिथिलेश तिवारी ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### नयी पीढ़ी को रोजगार...

**आप ऐसा काम करें, देश में आपके पंचायत का नाम हो :** नियुक्ति पत्र पानेवालों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, सरकार के अंग के रूप में आपके जुड़ने से व्यवस्था मजबूत होगी। आप पंचायत के सिर्फ सचिव ही नहीं बल्कि उसके बीडीओ, सीओ, डीसी-एसपी सब हैं। विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और सरकारी कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता बढ़ेगी। आप ऐसा कार्य करें कि आपकी पंचायत पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बन सके। पंचायती राज विभाग में 1633 पंचायत सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में 707, वित्त विभाग में 166 एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में 44 निम्नवर्गीय लिपिक योगदान करेंगे। **आपकी मदद से ही सरकार भी सफल होगी :** सीएम ने कहा कि आपकी नियुक्ति सरकार को ऊर्जा देती है। ऐसे में सरकार जिस मकसद के साथ कार्य करना चाहती है, उसमें आपका सहयोग बेहद जरूरी है। आपको जो जिम्मेदारी दी जा रही है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभायें। राज्य को गरीबी, अशिक्षा और पिछड़ेपन के कुचक्र से बाहर निकालने का काम करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात और अनेकों चुनौतियों के बाद भी नयी पीढ़ी को रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कड़ी में बड़े पैमाने पर सरकारी विभागों में नियुक्तियां हो रही हैं, तो निजी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार के द्वारा अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। समारोह के दौरान वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विभागीय सचिव अमिताभ कौशल भी मौजूद रहे।

### मोदी की लोकप्रियता से...

संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिये, रोहंगिया आदिवासी बेटियों-बहनों का शोषण कर रहे हैं। राज्य सरकार मौन साधे है। श्री नड्डा ने रामगढ़ में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी को विपरीत परिस्थिति में भी जीताने के लिए जनता को साधुवाद दिया। इसके पूर्व उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा, पारसनाथ की भूमि सहित झारखंड के तमाम महापुरुषों को नमन करते हुए अपना संबोधन प्रारंभ किया। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, आदित्य साहू, अन्नपूर्णा देवी, आशा लकड़ा, समीर उरांव ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर जेपी नड्डा का स्वागत किया।

### एकजुट होकर भाजपा को...

**ममता पहुंचीं :** बैठक से एक रोज पहले ही ममता बनर्जी पटना पहुंची और लालू यादव से मिलीं। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात की। अतिथियों के लिए स्टेट गेस्ट हाउस में रहने की व्यवस्था है। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। कोशिश होगी कि लोकसभा की अधिकांश सीटों पर विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार दिया जा सके। पटना में विपक्षी दलों की बैठक को लेकर सरगर्मी बढ़ी हुई है। राजधानी पटना में विपक्षी दलों के नेताओं के पोस्टर कई जगह दिख रहे हैं। आरएलडी चीफ जयंत चौधरी विपक्षी दलों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत 23 जून को पटना में 11 बजे से सीएम आवास पर विपक्ष की अहम बैठक होगी।

### स्कूल खुले पर बें 'किताब' ...

हालांकि उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए राज्य के कई जिलों में किताबें पहुंच गयी हैं। इन विद्यालयों के लिए तीसरी से 11वीं कक्षा तक की किताबें भेजी गयी हैं। **विभाग को दी जा रही है झूठी रिपोर्ट :** विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव को राज्य के विभिन्न जिलों में किताब भेजे जाने की झूठी रिपोर्ट भेजी जा रही है। राज्य के कुछ जिलों में तीसरी कक्षा को छोड़ किताबें नहं पहुंची है। ऐसे में स्कूलों को किताब उपलब्ध कराने की बात बेमानी लगती है। **मुख्यालय से भेजी जानी हैं किताबें :** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा एक से आठवीं तथा कक्षा नौवीं से 12वीं तक के लिए किताबें मुख्यालय से भेजी जानी हैं। इसके लिए झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची की ओर से सात जून को पत्र जारी किया गया था, लेकिन अब तक किताबें राज्य के किसी भी जिले में नहीं पहुंची है। **इन बच्चों को देनी है प्राथमिकता :** सरकार के स्तर स्कूलों में किताब बांटने के लिए कुछ प्राथमिकताएं तय की गयी है। इसके अनुसार जिन छात्र-छात्राओं को अधिकतम अंक प्राप्त हुए है, जो पहली बार विद्यालय में नामांकित हुए हैं और जिन छात्र-छात्राओं की कक्षा में उपस्थिति सर्वोत्तम रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर किताबें देने की योजना है।

### अब भारत में ही बनेगा...

**क्या है इसकी खासियत :** जीइ-एफ 14 मिलिट्री एयरक्राफ्ट इंजन का हिस्सा है। अमेरिका में इसका 30 सालों से इस्तेमाल हो रहा है। जनरल इलेक्ट्रिक एयरोस्पेस की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक कंपनी अब तक 1600 से अधिक इंजन को डिलीवर कर चुकी है। इसमें फुल अथॉरिटी डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल एफएडीइसी सिस्टम लगा हुआ है। साथ ही लेटेस्ट एयरक्राफ्ट इग्नीशन सिस्टम भी लगा है। यह इंजन को काफी पावरफुल बनाता है। दूसरे इंजन के मुकाबले अधिक चलता है। भारत ने क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन बनाने में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है लेकिन इस तरह की टेक्नोलॉजी नहीं है। जिन देशों के पास इसे बनाने की तकनीक है वह इसे दूसरे देशों के साथ शेयर नहीं करते। ऐसे में यह भारत और अमेरिका के बीच यह डील काफी महत्वपूर्ण है। इस डील के बाद भारतीय वायु सेना के पास अधिक समय तक चलने वाले जेट इंजन होंगे। भारत अभी तक रूस से जो जेट इंजन लेता है उसमें जल्द ओवरहाल की जरूरत होती है। वहीं जेट इंजन को कई हजार घंटो के बाद ओवरहाल की जरूरत पड़ेगी। डिफेंस एक्सपर्ट का कहना है कि जीई इंजन हल्के और अधिक शक्तिशाली हैं। एमओयू के बारे में घोषणा गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता से पहले हुई। जीई के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जीई एयरोस्पेस के सीईओ एच लॉरेंस कल्प जूनियर ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक समझौता है जो भारत और एचएएल के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रपति बिडेन और प्रधान मंत्री मोदी के दोनों देशों के बीच घनिष्ठ समन्वय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाने पर गर्व है।

### स्कूल खुले, लौटी रौनक...

पर बढ़ती भीषण गर्मी और हीटवेब की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 14 जून को फिर से आदेश जारी किया जिसमें 15 से 17 जून तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद 18 जून को रविवार के बाद राज्य के सभी स्कूल 19 जून से खुलने वाले थे। राज्यभर में लू और अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण शिक्षा विभाग ने फिर से तीसरी बार स्कूलों की गर्मी छुट्टी को बढ़ाने का फैसला लिया था। इस बीच 20 जून को रथयात्रा के कारण स्कूलों में पहले से ही सार्वजनिक अवकाश था। इस तरह से दो दिन यानी सिर्फ 19 और 21 जून को ही स्कूल बंद रहने से पढ़ाई प्रभावित हुई। विभाग ने अपने तीसरी बार के फैसले में 21 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया था, जिसे स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने रविवार 18 जून को आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी थी।

स्पीड न्यूज

## असम में बाढ़ से 1.2 लाख लोग प्रभावित



गुवाहाटी। असम में गुरुवार सुबह बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और राज्य के कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होने से नए इलाके भी जलमग्न हो गए हैं और बाढ़ से 10 जिलों में करीब 1.2 लाख लोग प्रभावित हैं। एक आधिकारिक बुलेटिन से यह जानकारी मिली। आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और अगले कुछ दिनों तक असम के कई जिलों में अत्यंत भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है।

## पाक में होली मनाने पर प्रतिबंध वापस

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्च शिक्षा संस्थानों में होली मनाने पर प्रतिबंध संबंधी आदेश वापस ले लिया गया है। चहुंओर आलोचना के बाद पाकिस्तान सरकार ने उच्च शिक्षा आयोग को अधिसूचना वापस लेने के आदेश दिये थे। आयोग ने अधिसूचना वापस लेने के साथ माफी भी मांगी है। उच्च शिक्षा आयोग की कार्यकारी निदेशक शाइस्ता सोहेल ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों के लिए अधिसूचना जारी कर कहा था कि उच्च शिक्षा संस्थानों में होली का जश्न चिंता पैदा करता है और ये नुकसानदेह है। इससे देश की छवि पर असर पड़ता है।

## चीन : गैस टैंक में विस्फोट से 31 मरे

बीजिंग। चीन के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र निंग्जिया के एक रेस्टोरेंट के गैस टैंक में जोरदार विस्फोट से 31 लोगों की मौत हो गयी। घटना में सात लोग घायल भी हुए हैं। घटना के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कड़ी सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। निंगज़िया हुई स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी यिनचुआन में एक व्यस्त सड़क पर लोग ड्रैगन बोट फेस्टिवल की छुट्टियों की पूर्व संध्या पर इकट्ठा हो रहे थे। इसी मार्ग पर स्थित एक रेस्टोरेंट में भी भारी भीड़ थी। उसी समय रेस्टोरेंट का तरलीकृत पेट्रोलियम गैस टैंक लीक होने लगा। गैस लीक होने के कारण तेज विस्फोट हुआ।

## पेरिस के लेफ्ट बैंक में धमाका, 30 घायल

पेरिस। पेरिस में बुधवार को लेफ्ट बैंक की इमारत में हुए जोरदार धमाके में 30 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार धमाके के बाद इमारत में आग लग गई, जिससे चारों तरफ धुआं फैल गया। प्रत्यदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद कान फाड़ने वाला एक तेज धमाका हुआ था। 200 दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

## अमित शाह का बालाघाट दौरा रद्द

बालाघाट। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को बालाघाट में रानी दुर्गावती गौरव यात्राका शुभारंभ करने के लिए आने वाले थे। इसके लिए उनका हेलीकॉप्टर छत्तीसगढ़ के दुर्ग से बालाघाट के लिए उड़ा लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर आधे रास्ते से ही लौट गया। इसके चलते उनका बालाघाट दौरा रद्द हो गया। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दी।

## क्रीमिया से जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त

कीव। रूस समर्थित अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि एक विस्फोट से क्रीमिया और यूक्रेन की मुख्य भूमि के बीच एक संपर्क पुल क्षतिग्रस्त हो गया। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। क्रीमिया में रूसी सेनाएं दक्षिणी यूक्रेन के खेरसॉन प्रांत तक पहुंचने के लिए चोंगार पुल का उपयोग करती हैं। रूस और यूक्रेन प्रांत के विभिन्न हिस्सों को नियंत्रित करते हैं, जो लड़ाई और हमलों का केंद्र है ।

# मोदी ने बाइडेन दंपति को सौंपी उपहारों की पोटली

**अमेरिका की प्रथम लेडी को भेंट किया सूरत का ग्रीन डायमंड**

### कोलकाता के कारीगरों का बनाया चांदी की दीपक भी सौंपा



एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन वाशिंगटन पहुंचे । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन से मिले। मोदी ने बाइडन दंपति को उपहारों की पोटली सौंप दी है। प्रधानमंत्री मोदी इस समय अमेरिका यात्रा पर हैं। यात्रा के पहले दिन 21 जून को वे न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल हुए थे। बुधवार को योग दिवस कार्यक्रम के बाद वे वाशिंगटन पहुंचे। यहां उन्हें अमेरिकी सेना ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उसके बाद वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन से मिले। इस दौरान मोदी ने बाइडेन दंपति को उपहारों भरी पोटली सौंपी है। इस पोटली में चार खास डिब्बे हैं। पंजाब का घी, महाराष्ट्र का गुणः भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाइडेन को जो चार डिब्बे दिये हैं, उनमें एक डिब्बे में पंजाब का घी है। दूसरे में झारखंड से प्राप्त हाथ से बुना हुआ बनावट वाला टसर रेशम का कपड़ा। तीसरे में उत्तराखंड से प्राप्त लंबे दाने वाला चावल। इसके अलावा, चौथे बॉक्स में गुड़ है, जो महाराष्ट्र से मंगाया गया है। सूरत में बने हरे डायमंड को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन को भेंट किया है। इन्हीं उपहारों में कश्मीर के शानदार पेपरमेशी बॉक्स में रखे इको फ्रेंडली हरे रंग के हीरे को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन को तोहफे में दिया है। यह वह हीरा है, जिसे लैब में बनाया गया है और इस लैब को ग्रीन एनर्जी (वींड-सोलर पावर) से चलाया जाता है। फिलहाल इस ग्रीन डायमंड की खूब चर्चा हो रही है। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को चंदन की लकड़ी से बना एक विशेष डिब्बा भेंट किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सूरत के हीरा उद्योग को अच्छे से जानते हैं। अमेरिका की प्रथम महिला को इको फ्रेंडली हीरा भेंट देकर विश्व का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। भारत की आजादी का 75वें साल में भेंट किया गया यह हीरा 7.5 कैरेट का है। यह ग्रीन डायमंड सूरत के इच्छापुर स्थित एक कंपनी में ग्रीन एनर्जी (वींड-सोलर एनर्जी) से तैयार किया गया है। जेम्स एंड ज्वैलरी प्रमोशन काउंसिल के कन्वीनर स्मित पटेल के अनुसार इको फ्रेंडली डायमंड की अमेरिका में काफी मांग है।

**गणेश की मूर्ति के साथ गुजरात का नमक :** प्रधानमंत्री मोदी ने बाइडेन दंपति को नमक के दान के रूप में गुजरात का नमक भेंट किया गया है। एक डिब्बे में गणेश की मूर्ति है, जिसे कोलकाता के पांचवीं पीढ़ी के चांदी कारीगरों के एक परिवार ने हस्तनिर्मित की है। दिए गए उपहारों में एक चांदी का दीपक भी है, जिसे कोलकाता में पांचवीं पीढ़ी के चांदी कारीगरों के परिवार ने हाथों से बनाया है।

### दस दान राशि वाला एक डिब्बा शामिल

मोदी ने बाइडेन दंपति को दस दानराशि वाला एक डिब्बा भी दिया है। गौदान (गाय का दान) के लिए गाय के स्थान पर बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा एक नाजुक हस्तनिर्मित चांदी का नारियल दिया गया है। भूदान के लिए भूमि के स्थान पर मैसूर, कर्नाटक से प्राप्त चंदन का एक सुगंधित टुकड़ा दिया गया है। तिलदान (तिल के बीज का दान) के लिए तमिलनाडु से लाए गए तिल या सफेद तिल के बीज चढ़ाए गए हैं। राजस्थान में हस्तनिर्मित, यह सोने का सिक्का हिरण्यदान (सोने का दान) के रूप में पेश किया है। इस डिब्बे में एक चांदी का सिक्का भी है, जिसे राजस्थान के कारीगरों ने सौंदर्यपूर्ण ढंग से तैयार किया है। इसे रौप्यदान (चांदी का दान) के रूप में पेश किया गया है।

## पूजा सिंघल के पति की अग्रिम जमानत पर सुनवाई आज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें राज्य में कथित मनरेगा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध किया गया है। इस मामले में 2000 बैच की आईएएस अधिकारी सिंघल कथित घोटाले की मुख्य आरोपी हैं। इस घोटाले में उनके खूंटी जिले की उपायुक्त रहने के दौरान कथित तौर पर 18.07 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन का गबन का आरोप है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की अवकाश पीठ के इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। झा ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के 18 मई के आदेश को चुनौती दी है। उनके वकील ने पहले इस मामले का उल्लेख करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की थी। कोर्ट ने 18 मई को झा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# भारत में 2.75 अरब डॉलर निवेश करेगा माइक्रोन

### मोदी ने चिप कंपनी के सीओ को दिया न्यौता, गुजरात में लगाएगी सेमीकंडक्ट संयंत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय मेहरोत्रा के साथ बैठक की और सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी को भारत में आने का न्योता दिया।

कंपनी ने बयान में कहा कि माइक्रोन गुजरात में सेमीकंडक्टर परीक्षण एवं असेंबली संयंत्र लगाएगी और इसके माध्यम से कुल 2.75 अरब डॉलर का निवेश होगा। माइक्रोन ने कहा कि दो चरणों में विकसित किए जाने वाले इस संयंत्र पर वह अपनी तरफ से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। बाकी राशि का निवेश केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा किया जाएगा।साथ ही प्रधानमंत्री ने एप्लाइड मैटेरियल्स को भी प्रक्रिया



प्रौद्योगिकी और आधुनिक पैकेजिंग क्षमताओं के विकास के लिए भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। भारत उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न हिस्सों में प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करता है, जिसकी वजह से विदेशी कंपनियां भारत में निवेश के अवसर तलाश रही हैं। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के सीईओ एच लॉरेंस कल्प जुनियर के साथ बैठक में कंपनी को भारत के विमानन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया। बयान के अनुसार, मोदी ने भारत में विनिर्माण की दीर्घावधि की प्रतिबद्धता के लिए जीई की सराहना की। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी और कल्प ने भारत में विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए जीई के साथ वृहद प्रौद्योगिकी गठजोड़ के बारे में चर्चा की। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने विमानन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वृहद भूमिका निभाने के लिए जीई को आमंत्रित किया। भारत सरकार देश में सेमीकंडक्टर विकास को प्रोत्साहन दे रही है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) की भी घोषणा की गई है। वैश्विक कंपनियां सेमीकंडक्टर के लिए भारत को एक व्यवहार्य निवेश गंतव्य के रूप में देख रही हैं। भारत खुद को इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर के लिए एशिया में सबसे आकर्षक स्थलों में से एक के रूप में स्थापित कर रहा है।2021 में भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार का मूल्य 27.2 अरब डॉलर था और सालाना 19% की बढ़ोतरी के साथ 2026 तक 64 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### भारत और अमेरिका के बीच एक आधारशिला है शिक्षा : जिल बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी एवं देश की प्रथम महिला जिल बाइडन ने कहा भारत और अमेरिका के बीच शिक्षा एक आधारशिला है। साथ ही, उन्होंने सभी भारतीयों, विशेष रूप से लड़कियों को शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की है। जिल ने बुधवार को ये टिप्पणियां कीं, जब उन्होंने और मोदी ने नेशनल साइंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्किलिंग फॉर फ्यूचर इवेंट में भाग लिया।

## अमेरिका एच-1बी वीजा का देश में ही नवीनीकरण करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका नवीकरणीय एच-1बी वीजा की शुरूआत करने वाला है और यह महत्वपूर्ण फैसला देश में रह रहे हजारों भारतीय पेशेवरों को यहां ठहरने में मदद करेगा तथा उन्हें अपने कार्य वीजा के नवीनीकरण के लिए स्वदेश की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को यहां व्हाइट हाउस में होने वाली द्विपक्षीय बैठक से पहले यह पहल की गई है।एच-1बी वीजा एक अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेषज्ञता वाले पेशों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर वर्ष हजारों की संख्या में कर्मचारियों को अमेरिका बुलाने के लिए इस पर निर्भर है। अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने पिछले वर्ष भारतीय छात्रों को सवा लाख वीजा जारी किया था। पिछले वर्ष इस संख्या में 20 प्रतिशत वृद्धि होने के साथ अमेरिका में सर्वाधिक संख्या वाले विदेशी छात्र समुदाय बनने की दिशा में वे आगे बढ़ रहे हैं।

# अगस्त के अंत में शुरू होगा गगनयान अभियान : इसरो

**मानव रहित मिशन अगले साल भेजा जायेगा : एस. सोमनाथ**



**अहमदाबाद।** भारत की पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान गगनयान के लिए पहले निरस्त मिशन को इस साल अगस्त के अंत में आयोजित किया जाएगा, जबकि कक्षा में मानव रहित मिशन अगले साल भेजा जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। यहां भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) में एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षण वाहन श्रीहरिकोटा में तैयार है और चालक दल (क्रू) मॉड्यूल और क्रू ह्याएस्केप सिस्टम के संयोजन का कार्य भी शुरू हो गया है। गगनयान के बारे में नवीनतम जानकारी के बारे में पूछे जाने पर सोमनाथ ने संवाददाताओं को बताया कि गगनयान के लिये पहली और सर्वप्रमुख चीज यह है कि निरस्त किए गए मिशन को अंजाम तक पहुंचाया जाए। उसके लिये हमनें परीक्षण वाहन नाम से एक नया रॉकेट बनवाया है जो श्रीहरिकोटा में तैयार है। क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम के संयोजन की अभी तैयार हो रही हैं।उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे सूचित किया गया है कि इस महीने के अंत में यह पूरी तरह कार्यात्मक परीक्षण, कंपन परीक्षण आदि के लिए तैयार होगा। इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि अगस्त के अंत में हम चालक दल के इस निरस्त मिशन के प्रक्षेपण में सक्षम होंगे। इसके बाद (मिशन को) निरस्त करने की विभिन्न स्थितियों के साथ मिशन को दोहराया जाएगा। इस वर्ष के लिए यह योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि परियोजना के हिस्से के रूप में कक्षा में मानव रहित मिशन अगले साल की शुरूआत में होगा। सोमनाथ ने कहा कि अगले वर्ष की शुरूआत में हमारे पास कक्षा में मानवरहित मिशन होगा। और वहां से इसे सुरक्षित वापस लाया जाना है, जो तीसरा मिशन होगा।

# तीस नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में नर्सिंग सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनेवालों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कुल 30 स्वास्थ्य सहयोगियों को ये प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। इस समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया भी मौजूद थे।

**इनको मिला पुरस्कार :** वर्ष 2022 के लिए असम, महराष्ट्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, लक्षद्वीप, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तराखंड से 15 नर्सिंग पेशेवरों को पुरस्कार दिये गए हैं। वहीं, वर्ष 2023 के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, बिहार, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, सिक्किम, पंजाब, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम और पुदुचेरी से 15 नर्सिंग पेशेवरों को पुरस्कार प्रदान किये गए।



## सिफ 16 मिनट में पहुंचें नयी दिल्ली से हवाई अड्डा

**नयी दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के रास्ते नयी दिल्ली को द्वारका सेक्टर-21 से जोड़ने वाली 23 किलोमीटर लंबी एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन (एईएल) पर मेट्रो ट्रेनों की परिचालन गति बृहस्पतिवार से 100 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटे कर दी गई है। डीएमआरसी ने यह जानकारी दी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) से अनिवार्य मंजूरी मिलने के बाद ट्रेनों की गति बढ़ाने का निर्णय लिया गया। डीएमआरसी ने कहा कि परिचालन गति बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रति घंटा करने से यात्री अब नयी दिल्ली स्टेशन से हवाई अड्डे (टी-3) तक लगभग 16 मिनट में पहुंच सकते हैं। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि गति में वृद्धि से हवाई अड्डे से शहर के केंद्र राजीव चौक की दूरी काफी कम हो गई है, जहां अब 15 मिनट में पहुंचा जा सकता है। इस वृद्धि के बाद नयी दिल्ली से द्वारका सेक्टर -21 मेट्रो स्टेशन तक यात्रा का कुल समय लगभग 20 मिनट होगा।

# बच्चे पैदा नहीं करना चाहती थीं पूजा भट्ट

**बिग बॉस ओटीटी-2 में किया खुलासा, बताई तलाक की वजह**



**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी-2 17 जून से शुरू हुआ था। पहले हफ्ते में ही बिग बॉस के घर में कई खुलासे देखने को मिल रहे हैं। घर में प्रतियोगी अन्य प्रतियोगियों के साथ अपनी निजी जिंदगी पर चर्चा करते नजर आते हैं। अभिनेत्री पूजा भट्ट ने अपनी शादी को लेकर खुलासा किया है। पूजा भट्ट बेबीका धुर्वे से अपनी टूटी शादी के बारे में बात करती नजर आईं। उन्होंने यह भी बताया कि पूजा ने अपने पूर्व पति मनीष मखीजा से अलग होने का फैसला क्यों किया। यह प्रश्न पूछा। पूजा ने कहा कि मेरी शादी को लगभग 11 साल हो गए थे। शादी में कुछ भी अच्छा नहीं है तो झूठ बोलकर क्यों जिएं? हमने ऐसा सोचा। बेबिका पूजा से पूछती है कि क्या उसका पूर्व पति एक अभिनेता था। इस सवाल के जवाब में पूजा कहती हैं कि वह एक्टर नहीं थे, लेकिन वह मीडिया बिजनेस से जुड़े थे और वह एक अच्छे इंसान हैं। पूजा ने कहा कि मैं बच्चे पैदा नहीं करना चाहती थी। लेकिन अब मुझे बच्चे पसंद हैं। जब हम झूठ बोलते हैं तो आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो जाता है और मैं ऐसा नहीं चाहती थी। जो भी हुआ अच्छा हुआ। हमने एक-दूसरे का सम्मान किया और अलग हो गए। पूजा भट्ट की शादी मनीष मखीजा से हुई थी। उन्होंने प्रेम विवाह किया था। भारतीय वीजे और मुंबई में रेस्तरां के मालिक मनीष और पूजा अपनी पहली मुलाकात के बाद अच्छे दोस्त बन गए। जल्द ही उन्हें प्यार हो गया और सिर्फ दो महीने की डेटिंग के बाद 2003 में उन्होंने शादी कर ली। लेकिन, शादी के 11 साल बाद 2014 में दोनों अलग हो गए।

## आलिया भट्ट जल्द हॉलीवुड में करेंगी डेब्यू



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट जल्द ही हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। आलिया की फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ था। आलिया के हॉलीवुड में काम करने पर उनके पिता व फिल्म निमार्ता महेश भट्ट खुश हैं। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए और अभिनेत्री की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि जब मैंने आलिया को गैल गैडोट और जेमी डॉर्नन जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय अभिनेताओं के साथ खड़ा देखा, तो मुझे अपनी बेटी पर बहुत गर्व महसूस हुआ। आज के युवा बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। महेश भट्ट ने कहा कि मुझे याद है कि मैंने एक बार आलिया से पूछा था कि हॉलीवुड में कैसा होता है? बॉलीवुड में कौन सा नहीं है? इस पर उन्होंने मुझे सीधा जवाब दिया पैसा। उन्होंने मुझसे कहा कि उनका काम करने का एक तरीका है और हॉलीवुड में हर कोई बहुत पेशेवर है, लेकिन उनके पास पैसा है। बॉलीवुड को और अधिक आत्मविश्वास पैदा करने की जरूरत है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# शहर की गतिशीलता में सुरक्षित, समावेशी और सतत नवाचार को बढ़ाना उदेश्य



## 9 मिलियन डॉलर ग्लोबल सिटी चैलेंज की शुरुआत

**टोयोटा** मोबिलिटी फाउंडेशन ने चैलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी में 9 मिलियन डॉलर ग्लोबल सिटी चैलेंज की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की क्षमता के साथ शहरों को भविष्य के अनुकूल बनाने में मदद करना है।

जैसे-जैसे शहरों का विकास होता है, लोगों और सामानों के विश्वसनीय, कुशल और समावेशी तरीकों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने की चुनौतियाँ भी कम होती जाती हैं। इसके साथ ही, ट्रांसपोर्ट मोड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन, संचालन, ऊर्जा विकल्प और कनेक्टेड डेटा सिस्टम्स में नवाचार अपनाने के अवसरों को भी गति मिलती है।

सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज का उद्देश्य नौकरियों, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुँच को न सिर्फ आसान बनाना है, बल्कि इसे बढ़ावा देकर लोगों के जीवन में सुधार भी करना है। यह गतिशील समाधानों को लागू करने के लिए शहरों और इनोवेटर्स को एक साथ लाएगा। ये समाधान कार्बन को कम कर सकते हैं, पहुँच में सुधार कर सकते हैं और सुलभ ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स स्थापित करने के लिए डेटा का उपयोग कर सकते हैं।

रेयान क्लेम, डायरेक्टर-प्रोग्राम्स, टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन, ने कहा, "पिछले एक दशक के हमारे अनुभव के अनुरूप, स्थानीय शहरों में हमारी गतिविधियों के साथ जुड़ाव के महत्व को विशेष रूप से गति मिली है। सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के दौरान, हम नवाचार के समाधान खोजने के लिए उन शहरों के साथ जुड़ना जारी रखेंगे, जो भविष्य के अनुरूप शहरों के लिए एक स्केलेबल मॉडल विकसित करने हेतु महत्वपूर्ण हैं।

### प्रविष्टियों के लिए प्रमुख बिंदु

चुनौती के पहले चरण में, शहर के नेताओं, नगरपालिका सरकारों, परिवहन विभागों और अन्य संबंधित स्थानीय और क्षेत्रीय एजेंसीज के लिए प्रवेश खुले हैं। प्रविष्टियों को नीचे दिए गए तीन विषयों में से एक या अधिक के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए:


परिवहन के सुरक्षित, किफायती और समावेशी साधनों तक पहुँच का विस्तार करना

कनेक्टेड और सुलभ मोबिलिटी इकोसिस्टम स्थापित करने के लिए डेटा की शक्ति का उपयोग करना

कम कार्बन और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों के माध्यम से पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना

शॉर्टलिस्ट किए गए शहरों को अमेरिका में एक क्षमता निर्माण एकेडमी में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस प्रकार, नवाचार को अपनाने वाले अन्य शहरों की टीमों के व्यापक नेटवर्क का हिस्सा बनकर, उन्हें अपनी चुनौती डिजाइन को विकसित करने में सहायता मिल सकेगी।

फरवरी 2024 में, वैश्विक इनोवेटर्स से प्रविष्टियों को आकर्षित करने के लिए सिटी चैलेंज की मेजबानी के लिए तीन विजेता शहरों का चयन किया जाएगा। इनोवेटर्स स्वदेशी हो सकते हैं; चयनित शहर या देश के रहवासी हो सकते हैं; या फिर दुनिया भर में कहीं से भी ताल्लुक रखने वाले हो सकते हैं, लेकिन समाधान सिर्फ विजेता शहरों के ही लागू होंगे।



अभय कुमार सिंह
(ब्यूरो चीफ ,खबर मन्त्र हजारीबाग )

वर्ष 2024 के अंत में प्रत्येक शहर के लिए विजेता इनोवेटर्स की घोषणा की जाएगी, और इसके तहत शहर व इनोवेटर्स फंडिंग में 9 मिलियन डॉलर साझा करेंगे, ताकि वे कुशलतापूर्वक अपने समाधानों का परीक्षण और अनुकूलन करने के लिए काम कर सकें।

### अधिक स्थायी भविष्य के लिए गतिशील समाधान को बढ़ावा

तेजी से ऑनलाइन की तरफ रुख और काम के पैटर्न में बदलाव को देखते हुए, अब कई शहर नए तौर-तरीकों और जीवन शैली को अपना रहे हैं। वर्तमान में, दुनिया की आधी से अधिक आबादी शहरों में रह रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भविष्यवाणी की है कि यह संख्या वर्ष 2050 तक बढ़कर दो-तिहाई हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, 70% वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन शहरों में ही होता है।

सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज का वित्त पोषण टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन द्वारा किया गया है और इसे चैलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी में डिजाइन किया गया है। चैलेंज वर्क्स का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई सोच को विकसित करने और समाज के सामने आने वाली समस्याओं के रचनात्मक समाधान खोजने के लिए चुनौती कार्यक्रम विकसित करने में विशेष योगदान है। वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट एक वैश्विक शोध संगठन है, जो व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है। यह लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि विकसित होते रहना ही प्रकृति की पहचान है।

कैथी नोथस्टाइन, हेड- फ्यूचर सिटीज, चैलेंज वर्क्स, ने कहा, दुनिया भर के मेधावी लोग नवाचार के समाधान तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, ताकि गतिशीलता प्रणालियों को बेहतर बनाया जा सके और कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ काम करने में मदद मिल सके। सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज उन इनोवेटर्स को शहरों के साथ इंटरफेस करने में मदद करेगा, ताकि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए स्थानीय जरूरतों के अनुसार समाधानों का परीक्षण और अनुकूलन किया जा सके। इस तरह की चुनौतियाँ वास्तविक दुनिया में नवाचार को गति देकर परिवर्तन के मुख्य स्त्रोत के रूप में कार्य कर सकती हैं।

शहरों को डीकार्बनाइज करने में मदद करने के साथ ही साथ गतिशीलता प्रणालियों को बदलने से, ये शहरों को वहाँ रहने वाले लोगों के लिए अधिक समावेशी और सुलभ बनाने में भी मदद करेंगी। वर्तमान में शहरों में रहने वाले 1.2 अरब लोगों के पास एक या अधिक प्रमुख सेवाओं तक पहुँच नहीं है।

स्टेनेबल सिटीज के लिए वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट के रॉस सेंटर में इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड इनोवेशन के डायरेक्टर, बेन वेले ने कहा, "स्थायी गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए शहरों को नवाचार अपनाने की आवश्यकता है, जो उत्सर्जन को कम करता है, स्वास्थ्य में सुधार करता है और सभी के लिए नौकरियों और अवसरों तक पहुँच को बढ़ावा देता है। सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज वैश्विक स्तर पर शहरों के लिए क्षमता निर्माण और इनोवेटर्स को अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने का एक उत्कृष्ट अवसर है।

अधिक जानकारी और प्रवेश करने के लिए सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज वेबसाइट को विजिट करें।

### हरित हाइड्रोजन

एक अन्य प्रक्रिया इलेक्ट्रोलिसिस की है जो पानी के एटम को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में बांटती है। अगर इस प्रक्रिया के लिए जरूरी ईंधन स्वच्छ और नवीकरणीय स्त्रोतों से आये तो इसे हरित हाइड्रोजन करार दिया जा सकता है। भारत के जीएचएम के लिए हमें यह मानना होगा कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और ऊर्जा उत्पादन में भारी इजाफा करना होगा ताकि हाइड्रोजन को भारत के ऊर्जा बदलाव की प्रक्रिया में सटीक ढंग से इस्तेमाल किया जा सके।

हाइड्रोजन के जलने से केवल पानी बनता है इसलिए यह स्वच्छ ईंधन है। यह अधिक किफायती भी है। प्रति यूनिट हाइड्रोजन से बनने वाली ऊर्जा के समान वजन के पेट्रोल से तीन गुना और कोयले के सात गुना होने का अनुमान है। हाइड्रोजन एक लचीला ईंधन है और इस्तेमाल न होने पर इसे आसानी से भंडारित किया जा सकता है।

इसे तरल बनाकर पाइप या टैंक के जरिये भी सड़क, रेल या जहाज मार्ग से लाया-ले जाया जा सकता है। इसे ईंधन सेल में बदलकर बिजली बनाई जा सकती है। इसे दूर-दूर तक ढोया जा सकता है। कई औद्योगिक प्रक्रियाओं में इसका इस्तेमाल होता है।

**भारतीय** इकॉनमी के लिए ग्रोथ के लिहाज से अच्छी खबर आई है। रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने इससे पहले अनुमान जताया था कि भारतीय इकॉनमी फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में 6.0 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वर्ष की पहली तिमाही में मजबूत परिणाम और शार्ट टर्म में अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में भारत में खाली पड़ी हैं 40 हजार नौकरियां

अनल कुमार

12 से ज्यादा सालों के अनुभव वाले वरिष्ठ और मध्य स्तर के प्रोफेशनल को 50 से 80 लाख के बीच सालाना वेतन ऑफर की जा सकती है। भारत में इंटरनेट का उपयोग करने वाले बहुत से लोग हैं, लेकिन ऐसे बहुत कम लोग हैं जो जानते हैं कि इंटरनेट को स्कैमर्स से कैसे सुरक्षित रखा जाए। इसे साइबर सुरक्षा कहा जाता है। वास्तव में, भारत में दुनिया की सभी साइबर सुरक्षा नौकरियों का केवल छह प्रतिशत है। इसका मतलब है कि देश में उपलब्ध नौकरियों की संख्या और उन्हें करने वाले लोगों की संख्या के बीच एक बड़ा अंतर है। यह एक समस्या है क्योंकि कुशल लोगों का होना महत्वपूर्ण है जो हमें साइबर खतरों से बचा सकते हैं।

टेक स्टाफिंग फर्म टीमलीज द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि वर्तमान में, मई 2023 तक साइबर सिक्योरिटी इंडस्ट्री में लगभग 40,000 नौकरी के मौके थे। हालांकि, इन नौकरियों को भरने के लिए पर्याप्त स्किल्ड साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल नहीं हैं। साइबर सिक्योरिटी में स्किल्ड स्पेशलिस्ट की डिमांड सप्लाई के मुकाबले में बहुत ज्यादा है, जिससे 30 प्रतिशत का अंतर पैदा हो रहा है।

2023 के पहले तीन महीनों में, भारतीय संगठनों को हर हफ्ते 2,000 से ज्यादा साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। यह संख्या पिछले साल की तुलना में 18% ज्यादा थी। इन हमलों के लिए स्वास्थ्य सेवा उद्योग एक पॉपुलर टार्गेट था, जिस पर 7.7% हमले किए गए। ग्लोबल लेवल पर, साइबर हमलों की संख्या में 7% की वृद्धि हुई, प्रति सप्ताह 1,200 से ज्यादा हमले हुए।

### साइबर सिक्योरिटी में दुनिया से बहुत पीछे भारत



रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में, भारत में लगभग 0.3 मिलियन लोग साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे थे। यह संख्या 2022 में 0.21 मिलियन और 2021 में 0.1 मिलियन से बढ़ी जरूर है लेकिन दुनिया से अभी भी भारत बहुत पीछे है।

पूरी दुनिया की तुलना में, जिसमें लगभग 4.7 मिलियन साइबर सुरक्षा पेशेवर हैं, भारत में इस क्षेत्र में काम करने वाले कम लोग हैं। इसी तरह, साइबर सुरक्षा से पैसा कमाने की बात करें, तो भारत ने 222 बिलियन डॉलर की पूरी दुनिया में कमाई में से लगभग 2.50 बिलियन डॉलर कमाए। इसका मतलब यह है कि साइबर सुरक्षा नौकरियों और कमाई में भारत की हिस्सेदारी बाकी दुनिया की तुलना में कम है।भारत में साइबर सुरक्षा बाजार बढ़ने की उम्मीद है। 2027 तक, इसके 3.5 बिलियन डॉलर के बाजार हिस्से तक पहुंचने का अनुमान है। इसका मतलब है कि हमारी डिजिटल दुनिया की सुरक्षा के लिए साइबर सुरक्षा पर ज्यादा पैसा खर्च किया जाएगा।

विकास दर हर साल लगभग 8.05% होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि साइबर सुरक्षा ज्यादा महत्वपूर्ण होती जा रही है, और लोगों के लिए इस क्षेत्र में काम करने और हमारी ऑनलाइन दुनिया को सुरक्षित बनाने के ज्यादा अवसर होंगे।

आने वाले समय में और बढ़ेगा साइबर सिक्योरिटी का खतरा

भारत में जितनी ज्यादा कंपनियां डिजिटल तकनीक का उपयोग करेंगी, साइबर सुरक्षा का खतरा उतना ही बढ़ेगा। ये खतरे अलग-अलग रूपों में आ सकते हैं, जैसे मैलवेयर के हमले और हैकर्स द्वारा दूसरों को धोखा देने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तरकीबें (सोशल इंजीनियरिंग रणनीति) आदि। अपनी डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने के लिए, इन खतरों के होने से पहले हमें एक्शन लेने की जरूरत है। डेटा प्राइवेसी, क्लाउड सिक्योरिटी, अक सिक्योरिटी और नेटवर्क सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता की बहुत ज्यादा डिमांड है। स्टाफिंग फर्म के अनुसार इस क्षेत्र में प्रॉब्लम-सॉल्विंग, कम्यूनिकेशन, टीम वर्क और कॉलेबोरेशन जैसे सॉफ्ट स्किल की भी जरूरत है।साइबर सिक्योरिटी में मन की नौकरी चुनकर लाखों कमा सकते हैं आप

रिसर्च स्टडी में साइबर सुरक्षा क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण नौकरियां छांटी गई हैं। ये नौकरियां आईटी ऑडिटर, सूचना सुरक्षा विश्लेषक, नेटवर्क/आईटी सुरक्षा इंजीनियर/विशेषज्ञ, सुरक्षा परीक्षण/प्रवेश परीक्षक और कंप्यूटर फोरेंसिक विश्लेषक हैं। इन भूमिकाओं में काम करने वाले लोग अपने अनुभव के आधार पर अलग-अलग सैलरी कमा सकते हैं।

0-3 साल के अनुभव वाले लोगों को 3 से 6 लाख तक की सैलरी ऑफर की जा सकती है। और 12 से ज्यादा सालों के अनुभव वाले वरिष्ठ और मध्य स्तर के प्रोफेशनल को 50 से 80 लाख के बीच सालाना वेतन ऑफर की जा सकती है। टीमलीज के सर्वे के अनुसार, 73 प्रतिशत नियोक्ता साइबर सुरक्षा को एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र मानते हैं।

# गुजरात में 2.75 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर प्लांट लगाएगी अमेरिकी कंपनी माइक्रोन 5 हजार को रोजगार मिलेगा



**कंप्यूटर** चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर असेंबली एवं परीक्षण प्लांट लगाएगी जिसपर कुल 2.75 अरब डॉलर (22,540 करोड़ रुपये) का निवेश होगा। माइक्रोन ने गुरुवार को बयान में कहा कि दो चरणों में विकसित किए जाने वाले इस प्लांट पर वह अपनी तरफ से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। बाकी राशि का निवेश केंद्र एवं राज्य सरकारों की तरफ से किया जाएगा।

अमेरिकी कंपनी ने कहा कि सरकार की संवर्द्धित असेंबली, परीक्षण, मार्किंग एवं पैकेजिंग (अळटढ) योजना के तहत इस प्लांट को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना की कुल लागत के 50 प्रतिशत हिस्से का वित्तीय समर्थन देगी जबकि 20 प्रतिशत राशि गुजरात सरकार की तरफ से दी जाएगी।

माइक्रोन ने कहा, ह्यगुजरात में इस असेंबली एवं परीक्षण प्लांट का चरणबद्ध निर्माण वर्ष 2023 में ही शुरू हो जाने की उम्मीद है। पहले चरण में पांच लाख वर्ग फुट क्षेत्र विकसित किया जाएगा और वर्ष 2024 के अंत तक इसका परिचालन शुरू हो जाएगा। सेमीकंडक्टर चिप विनिमार्ता ने कहा कि इस प्लांट की स्थापना से करीब 5,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा जबकि 15,000 लोगों को अगले कई साल तक परोक्ष रोजगार मिलता रहेगा।

माइक्रोन ने कहा, नए प्लांट में ऊफअट और ठअठऊ दोनों उत्पादों की असेंबली एवं परीक्षण विनिर्माण हो सकेगा और स्थानीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से आने वाली मांग भी पूरी की जा सकेगी।

### रिकार्ड खरीद से अनाज भंडार भरा

सरकार की चावल खरीद चालू विपणन सत्र 2022-23 में अब तक बढ़कर 5.58 करोड़ टन पर पहुंच गई है। इसके अलावा सरकार ने 1.22 करोड़ किसानो को 1.7 लाख करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान किया है। खाद्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

वहीं रबी विपणन वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में अबतक गेहूं की खरीद 2.62 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल की कुल खरीद 1.88 करोड़ टन से कहीं अधिक है। मंत्रालय ने बयान में कहा, गेहूं और चावल की मौजूदा खरीद से सरकारी भंडार में पर्याप्त खाद्यान्न है। इसमें कहा गया है कि गेहूं और चावल का संयुक्त स्टॉक 5.7 करोड़ टन पर पहुंच गया है, जो देश की खाद्यान्न जरूरतों के लिहाज से संतोषजनक है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) राज्य एजेंसियों के साथ मूल्य समर्थन योजना के तहत धान और गेहूं की खरीद करता है।

मंत्रालय के अनुसार, मौजूदा खरीफ विपणन सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में 19 जून तक कुल 8.3 करोड़ टन धान (चावल के मामले में 5.58 करोड़ टन) की खरीद की गई थी। मिलों में इसे चावल में बदलने के बाद अबतक केंद्रीय पूल में लगभग 4.01 करोड़ टन चावल प्राप्त हो चुका है। वहीं डेढ़ करोड़ टन चावल अभी मिलना बाकी है। खरीद कार्यक्रम से 1.22 करोड़ किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में लगभग 1,71,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

केंद्र ने 2022-23 के विपणन सत्र में 6.26 करोड़ टन चावल खरीदने का लक्ष्य रखा है। एफसीआई ने 2021-22 के विपणन सत्र में 5.75 करोड़ टन से अधिक चावल खरीदा था। कृषि मंत्रालय के तीसरे अनुमान के अनुसार, चावल उत्पादन 2022-23 फसल वर्ष के लिए रिकॉर्ड 13.55 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 12.94 करोड़ टन था। गेहूं के मामले में 21.29 लाख किसानों को लगभग 55,680 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है।

## 5 जी से रोजगार को भी मिलेगी तेज गति

**पांचवीं पीढ़ी** का मोबाइल प्रौद्योगिकी डेटा ही नहीं, रोजगार सृजन को भी रफ्तार देगी। देश में बड़ी संख्या में कंपनियों का मानना है कि 5जी से रोजगार की दुनिया में एक क्रांतिकारी बदलाव आएगा। देश के प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए अपार संभावनाएं खुलेंगी। स्टाफिंग कंपनी टीमलीज सर्विसेज की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसके अनुसार, 80 फीसदी से अधिक कंपनियों का मानना है कि 5जी प्रौद्योगिकी से आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन व कौशल में वृद्धि को लेकर व्यापक संभावनाएं बनेंगी।

टीमलीज के अनुसार उनकी रिपोर्ट 247 कंपनियों की प्रतिक्रिया पर आधारित है। इसके सीईओ (स्टाफिंग) कार्तिक नारायण ने कहा, दूरसंचार क्षेत्र के लिए 12,000 करोड़ रुपये की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के साथ उल्लेखनीय निवेश से हम क्षेत्र में रोजगार सृजन और कौशल में सुधार को लेकर सकारात्मक हैं। पीएलआई योजना का 25 प्रतिशत सिर्फ रोजगार सृजन के लिए है।' उन्होंने कहा कि इससे 5जी की क्षमता का उपयोग करने, रोजगार के अवसर पैदा करने, इनोवेशन को आगे बढ़ाने और एक बदलाव वाले भविष्य को आकार देने में मदद मिलेगी।

### उद्योगों पर उल्लेखनीय प्रभाव :

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 5जी के क्रियान्वन से उद्योगों पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। इसमें बीएफएसआई, शिक्षा, गेमिंग, खुदरा और ई-कॉमर्स क्षेत्र शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वेक्षण में शामिल 46 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि 5जी के क्रियान्वयन के पहले साल में ही 61 से 80 फीसदी रोजगार का सृजन होगा। इसके अगले कुछ वर्ष भी 5जी प्रौद्योगिकी रोजगार सृजन में मदद करेगी। 41 फीसदी कंपनियों का मानना है कि 5जी के क्रियान्वयन से अगले तीन साल में रोजगार सृजन पर 80 फीसदी से अधिक प्रभाव पड़ेगा।

### ट्विटर को मानने होंगे भारत के कानून

न्यूयॉर्क में मोदी के साथ मुलाकात के बाद दिया गया मस्क का यह बयान अहमियत रखता है क्योंकि इस समय सोशल मीडिया पर प्रकाशित सामग्री पर सरकार के बढ़ते हस्तक्षेप से विवाद बढ़ रहा है और ट्विटर को भारत में बंद करने की कथित धमकी भी मिल चुकी है।ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डोर्सी के आरोप से जुड़े एक सवाल पर मस्क ने कहा, ह्यट्विटर के पास दूसरा कोई चारा नहीं है। उसे स्थानीय नियम-कायदों का पालन करना ही होगा।

## सज-धज कर पराली गयी परदेस

महावीर गोयल



**पानीपत** भले ही कई तरह के रद्दी-कचरा अवशेषों के पुनश्चक्रण (रिसाइकिलिंग) उद्योग के हब के रूप में देश-विदेश में अग्रणी पहचान बनाये हुए है। इस प्रक्रिया में अब विदेश से निपुण होकर लौटी एक उद्यमी युवती ने पराली से हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट के पुनः उत्पाद की नयी तकनीक इजाद करके इस उद्योग में आश्चर्यजनक इजाफा कर दिखाया है।

लंदन से पराली (वेस्ट) के पुनः उपयोग में तीन वर्ष की रिसर्च करके लौटी इस उत्साही युवती का कहना है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो अनेक रास्ते आपके समक्ष खुल जाते हैं। आरुषि मित्तल नामक पानीपत की इस बेटी ने अपनी सिद्धहस्त कला से पराली से कई तरह के उत्पाद निर्मित और निर्यात करके पराली के प्रदूषण से परेशान समस्त उत्तर भारत के लिए विशुद्ध वातावरण निरंतर बनाए रखने की आशाएं जाग्रत करके रख दी हैं। इतना ही नहीं, इस नव-तकनीकी उद्योग के माध्यम से उन्होंने महिलाओं के लिए रोजगार के और द्वार खोलने में भी अहम भूमिका निभाई है।

पराली से ही पानीपत रिफाइनरी में करोड़ों रुपये की लागत से एथनॉल बनाने का प्लांट लगाया गया। आरुषि ने बाबरपुर मंडी (पानीपत) में पराली से उत्पाद बनाने के लिए उद्योग स्थापित किया। यहां वे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवा रही हैं। वे पराली से टेबल मैट, रनर, कोस्टर, वाल हैंगिंग, योगा मैट, प्रार्थना में काम आने वाले प्रेयर मैट से लेकर हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बना रही हैं। मड कलेक्शन दीया, गणेश का स्वरूप भी पराली से बनाये जा रहे हैं। आरुषि के पिता प्रवीण मित्तल टेक्सटाइल हैंडलूम के निर्यातक हैं। पराली से हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद बनाने से उनका निर्यात कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। साथ ही, रोजगार के नये अवसर उपलब्ध हुए हैं।

### यूपी-हरियाणा से खरीदी पराली

आरुषि ने शुरूआत में उत्तर प्रदेश और हरियाणा से 35 एकड़ की पराली खरीदी। पराली से 500 से लेकर 800 रुपये के मैट बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पराली से कागज भी बनाया जा रहा है। दिल्ली से लेकर दुबई तक पराली से बने उत्पादों को डिस्प्ले किया जा चुका है। आरुषि बताती हैं कि कुशन टेबल मैट के साथ इंटीरियर डिजाइन के लिए भी अनेक उत्पाद पराली से तैयार किए जा रहे हैं।